


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 182 | गुरुवार, 13 अगस्त 2026 श्रावण माह, कृष्ण, अमावस्या, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया




## अमित शाह का विपक्ष को चैलेंज- चर्चा या हंगामा?

## राहुल गांधी का जवाब- We Dont Care

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** संसद में जारी गतिरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहली बार मीडिया के सामने आए और विपक्ष पर सदन की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष चाहे तो आज दोपहर 3 बजे से कल दोपहर 3 बजे तक चर्चा कराई जा सकती है।

अमित शाह ने कहा कि वह किसी भी चर्चा का जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन विपक्ष सदन के भीतर चर्चा नहीं चाहता। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया कि वह चर्चा चाहता है या हंगामा। गृह मंत्री ने कहा कि अब जनता को तय करने दिया जाए कि कौन चर्चा से भाग रहा है।

अमित शाह ने कहा कि संसद का सत्र शुरू होने के बाद से वह नियमित रूप से संसद आ रहे हैं और अपने चैंबर में बैठते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद



विपक्ष सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है।

गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें लापता और भगोड़े जैसे शब्द सुनने को मिल रहे हैं, जबकि वह लगातार संसद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सदन की कार्यवाही नहीं चल रही है तो इसमें उनकी क्या भूमिका है।

उन्होंने यह भी कहा कि जहां तक चर्चा का सवाल है, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार संबंधित मुद्दे पर पूरी चर्चा के लिए तैयार है।

अमित शाह ने विपक्ष को चर्चा के लिए समय भी सुझाया। उन्होंने कहा कि आज दोपहर 3 बजे से कल दोपहर 3 बजे तक का समय है और विपक्ष तैयार हो तो इस दौरान चर्चा कराई जा सकती है।

उन्होंने विपक्ष से कहा कि आज दोपहर 2 बजे तक लोकसभा अध्यक्ष को पत्र देकर चर्चा की मांग करे। शाह ने कहा कि सरकार सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए तैयार है और वह सदन में मौजूद रहकर सभी की बात सुनेंगे तथा हर बिंदु पर जवाब देंगे।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने दावा किया कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा नहीं होने देना चाहता।

अमित शाह ने कहा कि वह इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि विपक्ष आखिर चर्चा से क्यों बच रहा था।

### दिल्ली में जंतर-मंतर सीजन-2 जल्द

**एजेंसी न्यूज**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रस्तावित सम्मेलन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया कि बैठक के लिए हॉल बुक करने के बाद उसके मालिकों को धमकियां दी गईं। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम के लिए भाजपा पर आरोप लगाया। हालांकि, उनके इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

दीपके ने कहा कि सीजेपी को आज दिल्ली में अपने कार्यकताओं की बैठक करनी थी। इसके लिए पार्टी काफी समय से हॉल की तलाश कर रही थी। उनका दावा है कि कई जगहों पर हॉल देने से इनकार कर दिया गया। हॉल मालिकों ने कथित तौर पर कहा कि उन पर ऊपर से दबाव है।

### क्या सीजेपी फिर शुरू करने जा रही है जंतर-मंतर मुहिम?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अभिजीत दीपके ने जंतर-मंतर को लेकर भी बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि कई लोग इंस्टाग्राम पर पूछ रहे थे कि जंतर-मंतर का सीजन-2 कब शुरू होगा। दीपके ने कहा कि वह ऐसे लोगों को बताना चाहते हैं कि जंतर-मंतर का सीजन-2 बहुत जल्द शुरू होने जा रहा है। इस बयान से साफ है कि सीजेपी आने वाले दिनों में अपनी गतिविधियां फिर तेज करने की तैयारी में है।

### हम देश भर के स्कूलों में जाएंगे: सौरव दास

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दीपके के बयान पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि यह खुद ही सीजन टू है। देश भर में ऐसी नाकाबिल सरकारों और अधिकारियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। सीजेपी की तरफ से हम अब देश भर में लिसनिंग टूर (लोगों की बात सुनने का दौरा) शुरू कर रहे हैं ताकि जनता की बात सुन सकें। हम एक कैंपेन चलाएंगे और शिक्षा के मुद्दे को प्राथमिकता देंगे। हम माता-पिता और नागरिकों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने इलाके के सरकारी स्कूलों में जाएं, सोशल ऑडिट करें, वहां के हालात रिकॉर्ड करें, सच्चाई सामने लाएं और उन्हें ठीक करने में मदद करें। युवा जिम्मेदारी उठा रहे हैं। जल्द ही सच में एक विकसित भारत सामने आएगा।

### दिल्ली पुलिस से भी जवाब मांग रही सीजेपी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने इस पूरे मामले को लेकर दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि इस मामले में दिल्ली पुलिस क्या कर रही है? रांका ने सवाल किया कि क्या दिल्ली में कानून-व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो गई है? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या दिल्ली पुलिस केवल भाजपा के लिए काम कर रही है। फिलहाल इस पूरे मामले में सीजेपी की ओर से लगाए गए आरोप सामने आए हैं। भाजपा या दिल्ली पुलिस की ओर से इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

## मनमाने तरीके से नहीं रख सकेंगे कुत्ता-बिल्ली, अधिकतम चार ही घर में जा सकेंगे पाले

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** अब शौक या सुरक्षा के लिए मनमाने तरीके से कुत्ता-बिल्ली नहीं पाल सकेंगे। पालना है तो नियमों का पालन करना होगा। इसको लेकर शासन की ओर 2004 में बनी उपविधि में संशोधन कर पालतू पशु की अनुज्ञप्ति, नियंत्रण और विनियमन उपविधि, 2025 जारी कर दी गई है। इसके तहत बिना लाइसेंस पालतू रखने पर




एक हजार से पांच हजार रुपये तक का जुमार्ना लगेगा और पशु को जब्त भी किया जा सकेगा।

नई उपविधि के तहत नगर निगम क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति कुत्ता या बिल्ली पालने से पहले नगर निगम से लाइसेंस लेगा। पशु खरीदने के 15 दिन के अंदर उसकी जानकारी नगर निगम को देनी होगी। कितने बड़े घर में कितने कुत्ते पाले जा सकते हैं यह भी तय किया गया है। पांच या पांच से अधिक कुत्ते पालने वालों को पर शेल्टर होम के नियम लागू होंगे। जिसमें उनको एनीमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया से अनुमति लेनी होगी।

नियम तोड़ने पर 1000 से 5000 हजार रुपये जुमार्ना और लगातार उल्लंघन पर 50 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त जुमार्ना लगाया जाएगा और लाइसेंस रद्द होने पर पशु को जब्त कर लिया जाएगा। अब तक नगर निगम की जो उपविधि थी उसमें सिर्फ कुत्तों के लाइसेंस और नियंत्रण को लेकर ही प्रावधान था लेकिन नई उपविधि में अब बिल्ली भी शामिल कर दी गई है साथ ही उपविधि का नाम भी श्वान नियंत्रण की बजाय पालतू पशु किया गया है।

नई उपविधि में नगर आयुक्त या उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी कभी भी जाकर पालतू पशु और उसके रहने की जगह का निरीक्षण कर सकेगा। लाइसेंस अधिकारी के आदेश के खिलाफ 30 दिन में नगर आयुक्त और फिर महापौर के पास अपील की जा सकेगी। लाइसेंस एक अप्रैल से 31 मार्च तक एक वित्तीय वर्ष के लिए जारी किया जाता है। जून में लाइसेंस बनवाने वालों से 50 रुपये रोज के हिसाब से जुमार्ना लिया जाएगा। लाइसेंस नगर निगम की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन घर बैठे भी बनाए जा सकते हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर भीगेगी दिल्ली

### अगले छह दिन छाए रहेंगे बादल, 15 अगस्त पर बारिश के आसार

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अगस्त के



शुरूआती 11 दिनों में अच्छी बारिश के बाद अब अगले छह दिनों तक मौसम सुहावना रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 13 से 18 अगस्त तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और अलग-अलग समय पर हल्की बारिश हो सकती है। 13 अगस्त को सुबह से शाम के बीच एक-दो बार हल्की बारिश के आसार हैं। 14 अगस्त को सुबह से दोपहर और फिर दोपहर से शाम के बीच कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। 15 अगस्त को सुबह हल्की बारिश की संभावना है, साथ ही दोपहर से शाम के बीच भी हल्की बारिश हो सकती है। 16, 17 और 18 अगस्त को भी सुबह से शाम के बीच एक-दो बार हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32-35 डिग्री व न्यूनतम 22-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

हालांकि, बुधवार को दिनभर तेज धूप व उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। अधिकतम तापमान 36.4 और न्यूनतम 26.3 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि आर्द्रता 80 से 100 फीसदी रही।

### मुजफ्फरनगर दंगा: कपिल देव, हरेंद्र मलिक, संजीव बालियान, सुरेश राणा समेत 25 से केस वापस

**एजेंसी न्यूज**

**सहारनपुर।** मुजफ्फरनगर दंगे के दौरान नंगला मंदौड़ पंचायत में सरकारी कार्य में बाधा डालने और निषेधाज्ञा उल्लंघन के केस में कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सपा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, पूर्व मंत्री सुरेश राणा समेत 25 आरोपियों से शासन के आदेश पर केस वापस हो गया है। विशेष एमपी एमएलए कोर्ट के पीठासीन अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह फौजदार ने आदेश जारी किए।

नंगला मंदौड़ इंटर कॉलेज के मैदान पर 31 जुलाई 2013 को हुई पंचायत में सरकारी कार्य में बाधा डालने, रास्ता रोकने और 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट की धारा में तत्कालीन एसओ सिखेड़ा चरण सिंह यादव ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- असली शिवसेना किसकी?

### पार्टी में हुआ था विभाजन या नहीं; फिर चुनाव चिह्न पर फैसला

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि सबसे पहले यह देखना होगा कि शिवसेना में वास्तव में विभाजन हुआ था या नहीं। अदालत ने कहा कि ऐसा विभाजन विधायक दल से शुरू होकर पार्टी संगठन और प्राथमिक सदस्यों तक पहुंच सकता है। सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि विभाजन की शुरूआत विधायक दल से हो सकती है, लेकिन उसका असर संगठन और प्राथमिक सदस्यता तक भी पहुंच सकता है। उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध करते हुए कहा कि केवल विधायक दल में बंटवारे को राजनीतिक दल में



विभाजन नहीं माना जा सकता। उन्होंने संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए अपनी दलील रखी।

पीठ ने कहा कि शिंदे गुट को 11 राज्य प्रभारियों का समर्थन प्राप्त था और राज्य प्रभारी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का हिस्सा होते हैं। अदालत ने कहा कि किसी राजनीतिक दल का आकलन केवल पदाधिकारियों के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि प्राथमिक सदस्यों को भी ध्यान में रखना होगा। इस दौरान पीठ ने इस पहलू पर स्पष्टता की जरूरत बताई कि विधायक दल से शुरू हुआ विभाजन बाद में पार्टी के व्यापक संगठन में दिखाई देने लगे तो क्या उसे चुनाव आयोग के समक्ष विवाद तय करते समय माना जा सकता है।

कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग के उस तरीके पर सवाल उठाया, जिसके तहत यह तय किया गया कि पार्टी के भीतर वास्तविक विवाद था या नहीं और आयोग के पास पहुंचने वाले गुट ने शिवसेना के संविधान के तहत उपलब्ध आंतरिक उपायों का इस्तेमाल किया था या नहीं।

## रेपिस्ट बताकर इतना अपमान किया, इसससे अच्छा गोली मार देते

### आरोपों से बरी होने के बाद छलका पूर्व सांसद का दर्द

**एजेंसी न्यूज**

**गोंडा।** महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से बाइज्जत बरी होने के बाज पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का दर्द छलका है। एक निजी चैनल को दिए गए इंटरव्यू में उन्होने



भावुक होकर कहा कि मुझे रेपिस्ट कहा गया। इससे अच्छा तो गोली मार देते।

बृजभूषण ने दावा किया कि यह पूरी स्क्रिप्ट कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा व उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा ने साजिश के तहत रची थी। जिन बच्चों ने आरोप लगाया उनमें से किसी को डिप्टी एसपी तो किसी को इंस्पेक्टर बनाने का लालच दिया गया था लेकिन बाद में बच्चों को लगा कि उनके साथ मजाक किया जा रहा है और उन्हीं में से दो ने कथित तौर पर पूरी बात अदालत के सामने रख दी।

पूर्व सांसद ने कहा कि मामला सिर्फ उनके खिलाफ आरोपों तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका असर देश और दुनिया के खेल जगत पर पड़ा।

## भाजपा-आरएसएस कराती है पेपर लीक : शिवपाल यादव

**जौहर विवि में प्रेसवार्ता में मीडिया से हुए रूबरू सपा महासचिव शिवपाल यादव**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने जौहर विवि में हुई प्रेसवार्ता में मीडिया से रूबरू होते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा-आरएसएस पेपर लीक, मंदिर, चढ़ावा चोरी पर सरकार शामिल है। इनसे बड़ा हठधर्मी कौन हो सकता है। भाजपा सरकार में मंत्री से लेकर अफसर तक भ्रष्टाचार संलिप्त हैं। कहा कि सपा सरकार आने पर ऐसे सभी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई होगी। रामपुर में भाजपा सरकार ने एक ईट नहीं लगाई है। इस शासनकाल में कानून का मजाक उड़ाया जा रहा हैं।



जौहर विवि में प्रेसवार्ता में बोलते राष्ट्रीय महासचिव।

उन्होंने मंडलायुक्त के नाम लिए बगैर कहा कि इन्हें कौन लाया था। इन्हें हम ही लाए थे और यह मऊ के निवासी है उसका अजल यह है कि हमारे वरिष्ठ नेताओं पर कार्रवाई कर रहे हैं। मंडलायुक्त को मंडल में सात साल का समय व्यतीत हो चुका है जो कानून के खिलाफ है। जबकि नियम यह है कि एक अधिकारी तीन वर्षों तक सेवाएं दे सकता है। उन्होंने कहा कि समय बदलेगा, सबका हिसाब होगा। आजम खां के दर्ज झूठे मुकदमें वापस होंगे।

## वायुसेना की बढ़ेगी ताकत: 60 ट्रांसपोर्ट विमानों के लिए टेंडर जारी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के पुराने हो रहे कार्गो विमानों के बेड़े को बदलने की तैयारी तेज हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने करीब 1 लाख करोड़ रुपये की लागत से 60 मल्टीरोल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदने के लिए टेंडर जारी किया है। इस परियोजना में भारतीय कंपनियों को प्रमुख भूमिका दी गई है। HAL, टाटा और महिंद्रा इस दौड़ में शामिल हैं।



महिंद्रा डिफेंस ने ब्राजील की एम्ब्राएर के साथ साझेदारी की है और उसके C-390 ट्रांसपोर्ट विमान की पेशकश की जाएगी। वहीं, टाटा ने लॉकहीड मार्टिन के साथ हाथ मिलाया है और C-130 विमान की पेशकश करेगा। उ-130 पहले से ही भारतीय वायुसेना में विशेष अभियानों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के तहत करीब 20 प्रतिशत विमान सीधे तैयार स्थिति में भारतीय वायुसेना को मिलेंगे। बाकी विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। इनमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल करने का लक्ष्य रखा गया है। विमानों का निर्माण भारतीय कंपनियों और मूल विमान निमार्ता कंपनियों के बीच संयुक्त उपक्रमों के जरिए किया जाएगा। इस परियोजना में HAL की भी भूमिका रहेगी।

## आयुष्मान योजना में बड़ी कार्रवाई

### 184 निजी अस्पताल डी-इम्पैनल; मरीजों को नहीं मिलेगा कैशलेस इलाज

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों की सुरक्षा और इलाज की गुणवत्ता से जुड़े मानकों का पालन नहीं करने वाले अस्पतालों पर प्रदेश सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच और सत्यापन के बाद उत्तर प्रदेश के 184 निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना से डी-इम्पैनल कर दिया गया है। अब इन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं मिल सकेगी।

भारत सरकार की ओर से आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध अस्पतालों के लिए मरीजों की सुरक्षा और इलाज की गुणवत्ता से जुड़े मानकों को और सख्त किया गया है। इसके तहत प्रदेश के सभी संबद्ध अस्पतालों के दस्तावेजों और व्यवस्थाओं का विस्तृत सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान



अस्पतालों से फायर एनओसी, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट समेत अन्य अनिवार्य मानकों को पूरा करने और संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। जांच में कई अस्पताल निर्धारित मानकों को पूरा करने में विफल रहे।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि अस्पतालों को निर्धारित मानकों को पूरा करने के लिए मार्च से लगातार अवसर और सूचनाएं दी जा रही थीं। इसके बावजूद कई अस्पतालों ने तय समयसीमा में आवश्यक शर्तें पूरी नहीं कीं। उन्होंने कहा कि खासतौर पर फायर एनओसी जैसे मरीजों की सुरक्षा से सीधे जुड़े मानकों में कमी मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई और 184 अस्पतालों को आयुष्मान योजना से बाहर कर दिया गया।

उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों को डी-इम्पैनल करने का उद्देश्य योजना से जुड़े अस्पतालों की संख्या कम करना नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि डी-इम्पैनल किए गए अस्पतालों के लिए दोबारा आयुष्मान योजना से जुड़ने का रास्ता खुला रहेगा। यदि संबंधित अस्पताल भविष्य में सभी अनिवार्य मानकों को पूरा कर जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं तो वे नियमानुसार दोबारा इम्पैनलमेंट के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए योगी सरकार का बड़ा कदम

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय पर पहचान और उन्हें शुरूआती स्तर पर जरूरी सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के 75 जिलों में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्त्रियों के साथ प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बच्चों की शीघ्र पहचान, शुरूआती हस्तक्षेप, समावेशी आंगनबाड़ी केंद्र और दिव्यांगता समावेशन जैसे विषयों पर विशेष जोर रहेगा।

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा की ओर से प्रशिक्षण के लिए करीब 2.98 करोड़ रुपये की लिमिट जारी की गई है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के लिए 17.70 लाख रुपये और आंगनबाड़ी



कार्यकर्त्रियों के प्रशिक्षण के लिए 2.80 करोड़ रुपये शामिल हैं।

प्रशिक्षण की शुरूआत जिला स्तर से हो चुकी है। 3 अगस्त से 30 अगस्त तक एआरपी को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये मास्टर ट्रेनर्स आगे ब्लॉक स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित और व्यावहारिक तरीकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए जरूरी प्रशिक्षण सामग्री और तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

**एक नजर**

### गन्ना मूल्य भुगतान समेत कई मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बहेड़ी।** भाकियू टिकैत (तराई क्षेत्र) के पदाधिकारियों ने गन्ना किसानों संग बकाया भुगतान तथा केसर चीनी मिल की भूमि की नीलामी समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम गोपाल शर्मा को सौंपकर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। किसानों ने एसडीएम के समक्ष एक समस्या उठाते हुए कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान न होने से किसान आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे किसानों के बच्चों को आए दिन फीस जमा करने को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है ऐसे में प्रशासन द्वारा निजी स्कूलों को निर्देशित किया जाए कि वे भुगतान न होने तक फीस के लिए बच्चों को परेशान न करें। ज्ञापन सौंपने वालों में चौधरी अजीत सिंह, योगेश पाल सिंह, अमरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रमोद मौर्य, रघुवीर मौर्य, महेंद्र पाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते एम एल सी कुंवर महाराज सिंह। –जागरण मोर्चा


रैली में बाइकों पर सवार उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**फरीदपुर (बरेली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को फरीदपुर तहसील मुख्यालय पर एमएलसी बरेली-रामपुर परिक्षेत्र कुंवर महाराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। नगर स्थित सनातन धर्म सत्संग भवन से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा मेन रोड से होते हुए सी ए एस इंटर कॉलेज पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त फरीदपुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी व स्काउट के कैडेट हाथों में तिरंगा लिए डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीतों की धुन पर झूमते गाते साथ में चलते रहे। कड़ी धूप भी तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह कम नहीं कर सकी। समापन के अवसर पर एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के देश प्रेम व राष्ट्र सम्मान के भाव के अनुरूप यह तिरंगा यात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है। 15 अगस्त से पूर्व इस तिरंगा यात्रा को आयोजित करने का ध्येय यही है कि हमारे देश की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले शहीदों के सम्मान एवं उनके प्रति कृतज्ञता का भाव सदैव जीवित रहना चाहिए। तिरंगा यात्रा का आम जनमानस को संदेश है कि हमारे तिरंगे की आन बान शान की तरह देश की शान हमेशा हमेशा विश्व पटल पर चमकती रहे। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव के भाजपा से संभावित उम्मीदवार महेंद्र देव, ईशान ग्वाल, छत्रपाल दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल, जवाहर लाल, रामेश्वर प्रसाद के अलावा भाजपा प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल, जिला महामंत्री मंडल प्रभारी रामनिवास मौर्या, नगर अध्यक्ष प्रतुल अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, पूनम सिंह, ममता अग्रवाल, अमिताभ सिंह, संजय सिंह, देवेन्द्र सिंह, अतीश अग्रवाल, चंदन शुक्ला, अतुल अग्निहोत्री, नितिन पांडे, संजीव शर्मा, अम्बर पांडे, अनुज पांडे, अनुज शुक्ला, संजीव शुक्ला, आकाश शुक्ला, अनिल राणा, अनुज शर्मा, संजय चौहान, नवीन शर्मा, बृह्माशंकर गुप्ता, तेजू शर्मा, अमित पांडे, शुभांकर मिश्रा, राजेश गुप्ता, महावीर जायसवाल, हर्षित अग्रवाल, स्वतंत्र शर्मा, इमरान रजा, सुखदेव वाल्मीकि, हिमांशु शर्मा, शैलेश सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता, विद्यालयों के छात्र छात्र-छात्राएं व शिक्षक गण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम के साथ स्थानीय पुलिस बल तिरंगा यात्रा के साथ रहा।

### फेम इंडिया–एशिया पोस्ट की सूची में बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य

**बरेली।** देश के 100 सर्वश्रेष्ठ पुलिस कप्तानों की राष्ट्रीय सूची में बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य को शामिल किया गया है। फेम इंडिया–एशिया पोस्ट द्वारा जारी इस राज्यवार सूची में उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह स्थान मिला है।यह प्रतिष्ठित सूची अपराध नियंत्रण, मजबूत नेतृत्व क्षमता, जनसेवा और पुलिस प्रशासन में प्रभावी कार्यशैली जैसे कड़े मानकों के आधार पर तैयार की गई है। उत्तर प्रदेश कैडर के वर्ष 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग आर्य वर्तमान में बरेली पुलिस प्रमुख के रूप में कमान संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस बड़ी उपलब्धि को पुलिस महकमे और जनपद के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है।


कांवडियों को भोजन पानी कराते समिति के सदस्य। –जागरण मोर्चा

## महाकाल सेवा समिति ने की कांवड़ियों के आराम और भोजन पानी की व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** महाकाल सेवा समिति की ओर से मेला श्री राम लीला परिसर में लगाए गए राहत शिविर में विभिन्न मार्गों से होकर नगर में आने वाले शिवभक्तों के लिए विश्राम तथा भोजन पानी की भरपूर व्यवस्था की गई है। समिति अध्यक्ष गौरव मित्तल के साथ सेठ प्रमोद अग्रवाल, अमित अग्रवाल डब्बू, सचिन अग्रवाल, सुनील रस्तोगी, अनमोल गर्ग , ओमप्रकाश पिपलानी (बिट्टू), मुदित गर्ग आदि पूरे मनोयोग से अपना योगदान दे रहे हैं।

### बरेली में बंदरों-कुत्तों का बढ़ता आतंक

**बरेली।** शहर में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय निवासी भयभीत हैं। सोमवार सुबह फ्लैट में पौधों को पानी दे रहे अजय सक्सेना पर बंदरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। बंदरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर कंधे पर काट लिया। घायल अजय को उनकी पत्नी ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, बंदरों और कुत्तों के कारण बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा दांव पर है। लोग छतों पर जाने से भी कतरा रहे हैं। पीड़ित अजय सक्सेना ने प्रशासन से इस समस्या के खिलाफ जल्द प्रभावी अभियान चलाने की मांग की है।

## देशभक्ति की भव्यता संग नगर में निकली तिरंगा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय


तिरंगा यात्रा में शामिल गणमान्य। –जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में बुधवार को जब नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई तो पूरा वातावरण देशभक्ति की चकाचौंध से सराबोर हो गया। समाजसेवियों भाजपाईयों तथा छात्रों का हुजूम हाथों में तिरंगा थामकर जब आगे बढ़ा तो आजादी के दीवानों की याद ताजा कर गया। भारत माता की जय, बंदे मातरम की गूंज दूर तक फिजां में तैरती रही।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत सुबह नौ बजे साईं सुधा वाटिका से हुई। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी व भूपेन्द्र कुर्मी, नगर भाजपा अध्यक्ष राहुल गुप्ता, बाबी जायसवाल, स्वाति कुमार, अतुल गर्ग, ओमप्रकाश पिपलानी (बिट्टू), सुनील रस्तोगी, महेश शर्मा, तथा रोशन गेरा समेत सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग यहाँ इकट्ठा हुए। एम जी एम कालेज सहित कई अन्य स्कूलों के छात्र हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हो गये। इसके बाद भारत माता की जय के गगनभेदी नारे के साथ तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी । देशभक्ति के रंग में रंगे लोग सीना ताने नारे लगाते आगे बढ़ते जा रहे थे और हर किसी को मानो देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर रहे थे। खंड विकास कार्यालय परिसर पहुंचकर यात्रा ओ विराम दे दिया गया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत से समापन तक सी ओ अरूण कुमार सिंह तथा कोतवाल दिनेश शर्मा दल बल के साथ अपनी भागीदारी निभाते रहे।

### अश्वगंधा मुस्लिम समाज ने तिरंगा यात्रा में बरसाए फूल

**बहेड़ी।** तिरंगा यात्रा के मुख्य मार्ग स्थित रजा डेंटल क्लीनिक पहुंचने पर भाजपा नेता न ईम अहमद की अगुवाई में अश्वगंधा मुस्लिम समाज के लोगों ने विगत वर्षों की भांति यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर नसीम प्रिंस, जलीस अहमद, मो जफर, शकील ठेकेदार, आरिफ जाफरी, तथा डा अहमद रजा आदि शामिल रहे।



## कथित झोलाछाप के इलाज के बाद गर्भवती की मौत, डीआईजी तक पहुंचा मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

> ▶ पिता का आरोप– पेट की सफाई के बाद बिगड़ी बेटी की हालत, पुलिस और सीएमओ से शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

**बरेली।** करीब दो माह की गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत के मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज पिता बुधवार को डीआईजी अजय कुमार साहनी के पास पहुंचा। पिता ने कथित झोलाछाप पर गलत तरीके से इलाज करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों से सुरक्षा की मांग की। उनका कहना है कि बेटी की मौत के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन करीब एक माह बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र के गुझियाना गांव निवासी दीनदयाल ने बताया कि उनकी बेटी पूनम पत्नी बिजेंद्र कुमार मायके आई थी। वह करीब दो माह की गर्भवती थी। पेट में अचानक दर्द होने पर परिचित ओमपाल ने महिलाओं का इलाज करने वाली अपनी रिश्तेदार नीरज के बारे में बताया। आरोप है कि नीरज पूनम को बल्लिया में अल्ट्रासाउंड कराने ले गई। इसके बाद उसके पेट की सफाई की गई, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई।परिजन नौ जुलाई को पूनम को बरेली के बेगराज अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच में आंत और बच्चेदानी फटने की बात सामने आने पर उसे रुहेलखंड अस्पताल में भर्ती कराया गया। ऑपरेशन के बाद भी हालत नहीं सुधरी और 10 जुलाई की रात उसकी मौत हो गई। पूनम तीन छोटे बच्चों को पीछे छोड़ गई। दीनदयाल का आरोप है कि भमोरा पुलिस और सीएमओ से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने धमकी मिलने की बात कहते हुए सुरक्षा की भी मांग की। डीआईजी ने मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया है। उधर, सीएमओ और भमोरा इंस्पेक्टर का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## प्रोफेसर की बर्खास्तगी पर कोर्ट ने लगाई रोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

> हम सभी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोग हैं। न्यायालय का फैसला सभी को मान्य है।
>
> –डा. हरिकेश यादव, प्राचार्य गन्ना उत्पादक डिग्री कालेज बहेड़ी।

**बहेड़ी।** बीते जुलाई महीने में दिल्ली के जंतरमंतर पर चले छात्रों तथा युवाओं के आंदोलन में शामिल होने के आरोप में निष्कासित कर दिए गए गन्ना उत्पादक डिग्री कालेज के प्रोफेसर डा मोहित भारद्वाज को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनके निष्कासन को निरस्त कर दिया है।

मालूम हो, जेन जी आंदोलन में शामिल होने के आरोप में डा मोहित भारद्वाज को कालेज प्रशासन की ओर से बीती 22 जुलाई को निष्कासित कर दिया गया था। इसके विरोध में उन्होंने अपने अधिवक्ता विपिन शर्मा व अभिनव मिश्रा के जरिये उच्च न्यायालय में गुहार लगाई। डा भारद्वाज की ओर से दायर याचिका में एम जे पी विश्वविद्यालय के कुलपति, जिलाधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, कालेज प्राचार्य तथा प्रबंधक समेत छह प्रतिवादियों को पक्षकार बनाया गया था। अधिवक्ताओं की मजबूत पैरवी के चलते कोर्ट ने उन्हें निष्कासन को लेकर बड़ी राहत दे दी। कोर्ट के फैसले के बाद प्रोफेसर का कहना था कि न्यायपालिका पर उन्हें अटूट भरोसा था जिसका परिणाम उन्हें मिला। जंतरमंतर पर उनका जाना युवाओं की बेहतरी को लेकर था। सभी का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि कठिन हालात में छात्र, साथी शिक्षक तथा इष्ट मित्र सब उनके साथ खड़े रहे जिससे उन्हें मजबूती मिली। कोर्ट में मज़बूत पक्ष रखने को उन्होंने अपने अधिवक्ताओं का आभार जताया।

### ट्रेन में तबीयत बिगड़ने से मजदूर की मौत

**फतेहगंज पूर्वी।** उत्तराखंड से मजदूरी कर राप्ती गंगा एक्सप्रेस से घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन में संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। साथी यात्रियों की सूचना पर रेलवे स्टाफ ने आनन-फानन में बिलपुर स्टेशन पर ट्रेन रुकवाकर बीमार युवक को नीचे उतारा। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने फरीदपुर सीएचसी भेजा, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त श्रावस्ती जिले के भूरे सादिक निवासी भागीरथी (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचित कर दिया है।

## नदी से गायब चार भैंसें सकुशल हुई बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** मीरगंज थाना शाही क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी महेंद्र पुत्र सतीश की चार भैंसें बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे गांव के समीप नदी से अचानक गायब हो गईं। एक साथ चार भैंसों के गायब होने की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में भैंसों की तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका।

भैंसों के गायब होने की सूचना पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के गांवों और संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाते हुए भैंसों की तलाश की। तलाश के दौरान पुलिस टीम को चारों भैंसें थाना शीशगढ़ क्षेत्र के ग्राम जगदीश में मिल गईं। पुलिस ने सभी भैंसों को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए चारों भैंसों को उनके मालिक महेंद्र पुत्र सतीश के सुपुर्द कर दिया गया। चारों भैंसों के सकुशल वापस मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस की तत्परता से कुछ ही समय में भैंसों को बरामद कर लिए जाने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताया। भैंसों की बरामदगी में चौकी इंचार्ज मुनेन्द्र पाल, कांस्टेबल सोनू तथा कांस्टेबल सौरभ कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**कार्रवाई** नगर स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि, दो इंजीनियरों पर विभागीय जांच, ठेकेदार पर दो लाख का जुर्माना

## खुले नाले में युवक की मौत के मामले में छह महीने बाद कार्रवाई




**बरेली।** सेटेलाइट क्षेत्र में खुले नाले में गिरने से हरदोई निवासी तौहीद की मौत के मामले में करीब छह महीने बाद नगर निगम ने जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की है। प्रकरण में नगर स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि दो इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, संबंधित ठेकेदार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नगर निगम की ओर से की गई कार्रवाई की अंतिम रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

बताया गया कि तौहीद सेटेलाइट क्षेत्र में खुले नाले में गिर गया था। हादसे के बाद उसकी तलाश में करीब 30 घंटे तक अभियान चलाया गया। काफी प्रयास के बाद नाले से उसका शव बरामद हुआ था। घटना के बाद खुले नालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर निगम पर सवाल उठे थे। मामला शासन तक पहुंचा और मानवाधिकार आयोग ने भी इसका संज्ञान लिया। जांच के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी भानुप्रताप, अभियंता अनुराग कमल और वीर पटेल, सफाई निरीक्षक विवेक कुमार और संबंधित ठेकेदार की भूमिका की पड़ताल की गई। जांच में लापरवाही सामने आने के बाद नगर निगम ने कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ दोनों इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। ठेकेदार पर दो लाख रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। मानवाधिकार आयोग की ओर से कार्रवाई की जानकारी मांगे जाने के बाद नगर निगम ने संबंधित अभिलेख और जांच रिपोर्ट तैयार कराई। इसके आधार पर कार्रवाई पूरी कर शासन को रिपोर्ट भेज दी गई। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
रूपये - 500/-
साईज 40 SQCM (कलर)
अपने विज्ञापन अब देश भर में पहुंचाएं
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

**एक नजर**

### 90 मुकदमों की जब्त अवैध शराब और उपकरण कराए नष्ट

**बरेली।** ऑपरेशन क्लीन-3.0 के तहत मीरगंज पुलिस ने 90 मुकदमों से संबंधित जब्त अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरणों का बुधवार को नियमानुसार विनष्टीकरण कराया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस, प्रशासन और आबकारी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। पुलिस के अनुसार थाने के मालखाने में वर्ष 2014 से 2026 तक दर्ज 90 मुकदमों से संबंधित कच्ची व देशी शराब, अंग्रेजी शराब, बीयर, शराब की भट्ठियां और बनाने के उपकरण रखे थे। इनके निस्तारण के लिए न्यायालय से 30 जुलाई को आदेश प्राप्त हुआ था। इसके बाद बुधवार को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी सामान को नष्ट कराया गया। विनष्टीकरण में 536 लीटर अवैध कच्ची शराब, 2,526 पव्वे देशी शराब, 414 बोतल, 813 हाफ और 5,835 कार्टन हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब शामिल रही।

# कलेक्ट्रेट में बेटी संग आत्मदाह की कोशिश, सुरक्षा कर्मियों ने बचाया

## जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर पहुंची महिला ने बेटी समेत खुद पर डाला तेल, इंटेलिजेंस, एलआईयू कर्मियों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर पहुंची एक महिला ने अपनी जवान बेटी के साथ आत्मदाह का प्रयास कर दिया। सुबह करीब 10:47 बजे महिला और उसकी बेटी ने खुद पर तेल डाल लिया। जैसे ही दोनों ने यह कदम उठाया, सुरक्षा में तैनात इंटेलिजेंस के सब इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने तत्काल महिला को पकड़ लिया। इसके बाद एलआईयू के अमित कुमार, हैड कांस्टेबल कुसुम समेत महिला और पुरुष पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और दोनों को सुरक्षित किया। सूचना मिलते ही कैंट पुलिस भी कलेक्ट्रेट पहुंची और



पीड़ित परिवार को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर चिकिटिया निवासी कमलेश पत्नी नरेश पाल सिंह अपनी जमीन पर कथित कब्जे की शिकायत को लेकर अधिकारियों के पास पहुंची थी। महिला ने थाना कैंट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में गाटा संख्या-139 में उसकी करीब चार बिस्वा जमीन है। आरोप है कि उसके जेठ राजवीर सिंह पुत्र मथुरा सिंह और उनके परिवार के लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। महिला के मुताबिक, 14 जून की सुबह करीब सात बजे वह खेत पर पहुंची तो राजवीर सिंह, उनके बच्चे सत्यदेव, अवनेश आदि वहां बुनियाद भरवा रहे थे। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज की गई और मारपीट पर आमादा हो गए। महिला ने 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद निर्माण कार्य रुकवा दिया गया था।

### जेठ-जेठानी पर लगातार परेशान करने का आरोप

कमलेश ने आरोप लगाया कि जब भी वह अपनी जमीन पर जाती है तो उसके जेठ राजवीर सिंह और जेठानी राजेश्वरी उसके साथ गाली-गलौज करते हैं और विवाद करते हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में उसके साथ मारपीट की कोशिश की जा चुकी है। उसने पुलिस से जमीन पर कब्जा रोकने के साथ आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### कलेक्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल

कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह के प्रयास की घटना ने सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि महत्वपूर्ण प्रशासनिक परिसर में कोई व्यक्ति ज्वलनशील पदार्थ लेकर प्रवेश कर जाता है तो ऐसी स्थिति से निपटने के लिए तत्काल बचाव के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं हैं। चर्चा है कि कप्तान कार्यालय में अग्निशमन वाहन मौजूद रहता है, जबकि कलेक्ट्रेट में आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड वाहन और अन्य जरूरी बचाव उपकरणों की उपलब्धता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कलेक्ट्रेट में आने वाले फरियादियों की शिकायतों का समय रहते समाधान हो, ताकि कोई व्यक्ति इस तरह का कदम उठाने को मजबूर न हो। पुलिस का कहना है कि महिला के आरोपों की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पहले कलेक्ट्रेट परिसर में फायर की गाड़ी रहती थी परंतु विवीआईपी कार्यक्रम एवं धार्मिक आयोजनों के चलते वह गाड़ियां व्यस्त रहती हैं परंतु जल्द ही नई गाड़ी का बंदोबस्त किया जाएगा एवं अन्य उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे साथ ही ऐसी घटनाओं के पीछे योजना व्रत शहर किसकी रहती है इसकी भी जांच की जा रही है।

-अविनाश सिंह, जिलाधिकारी बरेली

# एसएसपी ने खुद संभाली सुरक्षा की कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय के बाहर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। एसएसपी को अचानक मौके पर देखकर पुलिसकर्मी सतर्क हो गए। उन्होंने कार्यालय के बाहर मौजूद फरियादियों से बातचीत की और उनके आने का कारण पूछा। इस दौरान कुछ संदिग्ध नजर आए लोगों से भी पूछताछ कर उनकी मौजूदगी के बारे में जानकारी ली। एसएसपी ने कार्यालय के आसपास बिना वजह खड़े लोगों और अनावश्यक भीड़ को लेकर पुलिसकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी शिकायत लेकर आने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, लेकिन उनकी आड़



में संदिग्ध व्यक्तियों का जमावड़ा भी नहीं लगने दिया जाए। आसपास की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रवेश और निकास क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल पूछताछ करने को कहा। अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों से कहा कि फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो और उनकी शिकायतें गंभीरता से सुनी जाएं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की ढिलाई न बरती जाए। निरीक्षण के समय एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी क्राइम मनीष सोनकर समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# छह वर्षीय बच्चे से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में छह वर्षीय बच्चे के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को हरूनगला पुल के पास से पकड़ा। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़ित बच्चे को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक कुसुमनगर निवासी महिला ने 10 अगस्त की रात थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका छह वर्षीय बेटा घर के बाहर था। आरोप है कि कुसुमनगर निवासी हिमांशु उसे बहला-फुसलाकर घर के पीछे ले गया और उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद बच्चे को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना बारादरी की टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार आरोपी बरेली से बाहर जाने की तैयारी में था, तभी उसे हरूनगला पुल के पास गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की उम्र करीब 19 वर्ष बताई गई है और वह मूल रूप से भोजीपुरा क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 1027/2026 में बीएनएस की संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

# ब्लिंकिट पर छापा, पांच दवाएं फेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ब्लिंकिट के जरिए ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के मामले में औषधि विभाग ने बुधवार को नेकपुर स्थित एक फर्म पर छापेमारी की। सहायक आयुक्त औषधि संदीप कुमार के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने मेसर्स मूनस्टोन वेंचर एलएलपी की जांच की। टीम ने फर्म में मौजूद रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट विजय कुमार की मौजूदगी में लाइसेंस, दवाओं के खरीद-बिक्री रिकॉर्ड और स्टॉक की पड़ताल की।

जांच के दौरान भंडारित एलोपैथिक दवाओं में पांच प्रकार की दवाओं से संबंधित विसंगतियां मिलीं। बिक्री बिल पर लाइसेंस के फार्म-21 का उल्लेख नहीं था। बिल पर फर्म का पता भी सही नहीं पाया गया। इसके अलावा चिकित्सक का रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज न होने,



शेड्यूल एच-1 रजिस्टर अपडेट नहीं मिलने और एक्सपायरी दवाओं को अलग रखने की समुचित व्यवस्था नहीं होने जैसी कमियां सामने आईं। टीम को कंप्यूटर सिस्टम में बैच नंबर के आधार पर दवाओं की एंट्री नहीं होने और फ्रिज का सही तरीके से इस्तेमाल न किए जाने की भी जानकारी मिली। निरीक्षण के दौरान सामने आईं अन्य कमियों को टीम ने अपनी रिपोर्ट में दर्ज किया है। औषधि विभाग ने इन अनियमितताओं को गंभीर मानते हुए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम-1940 की संबंधित धाराओं के तहत फर्म से दवाओं की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रोक लगा दी है। मौके पर तैयार निरीक्षण आख्या सहायक आयुक्त औषधि को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

# आरोप : चर्च के धार्मिक रिकॉर्ड गायब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मेथोडिस्ट चर्च आफ इंडिया (एमसीआई) से जुड़े विवाद में कैंट थाना पुलिस ने बिशप, पादरी और अन्य पदाधिकारियों समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने चर्च से जुड़े पुराने धार्मिक अभिलेख गायब करने, परिवार के धार्मिक संस्कारों में बाधा डालने और विरोध करने पर मारपीट व धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नैनीताल रोड स्थित बीडीए कॉलोनी निवासी अरुण थामस ने पुलिस को बताया कि उनका परिवार कई पीढ़ियों से सदर बाजार स्थित 22 कैंट चर्च से जुड़ा है। वर्ष 2004 में इसी चर्च में उनकी शादी हुई थी। बेटी का



नामकरण संस्कार भी चर्च में कराया गया था। उनका आरोप है कि अब परिवार और पूर्वजों से संबंधित धार्मिक रिकॉर्ड चर्च से गायब हैं। शिकायतकर्ता के मुताबिक बेटी के 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ईसाई परंपरा के अनुसार उसका कंफर्मेशन संस्कार होना था, लेकिन उसे यह संस्कार कराने से रोक दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने अनुयायियों को भी चर्च में आने में परेशानियां खड़ी की जा रही हैं। संजय एंथोनी के परिवार को अंतिम संस्कार के बाद मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं दिए जाने और बच्चों के कंफर्मेशन में बाधा डालने का भी आरोप लगाया गया है। अरुण का आरोप है कि 21 जुलाई को चर्च के पास मामले को लेकर बातचीत के दौरान कुछ लोगों ने उनका कॉलर पकड़कर मारपीट की और पुलिस में शिकायत करने पर धमकी दी। उनके दोस्तों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चोटों की जांच हुई। कैंट पुलिस ने बिशप सीजी दयानंद, आनंद सैमसन, पादरी संजीव मसीह, पादरी शिवचंद, जगमोहन सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। उधर, जगमोहन सिंह पहले से एक अन्य मामले में जेल में हैं, जबकि अन्य आरोपियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

# तीन चोरी के मोबाइलों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** स्थानीय पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी के तीन महंगे मोबाइल फोन बरामद किए। मंगलवार को फरीदपुर पुलिस और चौकी देवरनिया क्षेत्र की टीम ने मुखबिर की सूचना पर खनपुरा तिराहे के पास से घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान 20 वर्षीय चमन सिंह पुत्र उमेश सिंह निवासी ग्राम गोपालपुर थाना फरीदपुर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपी चमन सिंह ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर



बताया कि ये मोबाइल उसने थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी राजकुमार पुत्र धनपाल के घर से चोरी किए हैं और माना कि उससे यह बड़ी गलती हो गई है। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम और उप निरीक्षक लोकेश तोमर की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में वैधानिक रूप से आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सभा: परिवर्तन और विकास का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाजवादी नेत्रियों और महिला कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जिलाध्यक्ष स्मिता यादव ने महिलाओं को पार्टी की नीतियों और संगठन को मजबूत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहितैषी समाजवादी सरकार बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने किसान और शिक्षा विरोधी नीतियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। स्मिता यादव ने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ




आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में महिलाओं की राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान परिवर्तन की राजनीति को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला महासचिव मिथलेश आर्य और जिला उपाध्यक्ष शशि चंद्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहीं। रिया रहमान, आसमां पाशा, ममता सागर, विमला चंद्रा, मीना, रेशम देवी और रामप्यारी ने भी सहभागिता की। उमा देवी, नगमा बानो, शहनाज समेत बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहीं।

**क्रूरता का आरोप**

## शास्त्री मार्केट में चार लोगों पर कुत्ते ने किया था हमला, रेस्क्यू के दौरान छोटे कुत्ते को पीठ और कान से उठाने पर पशु प्रेमियों में नाराजगी

# आवारा कुत्तों को पकड़ने पहुंचे निगमकर्मियों पर पशु क्रूरता का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कुत्तों के आतंक से परेशान शास्त्री मार्केट के व्यापारियों को मंगलवार को उस समय राहत मिली, जब नगर निगम की टीम ने क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाकर काटने वाले कुत्ते सहित उसके बच्चे को पकड़ लिया। हालांकि, अभियान के दौरान एक छोटे कुत्ते को उसकी पीठ के मांस और कान से पकड़कर उठाने का फोटो सामने आने के बाद पशु प्रेमियों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने नगर निगम कर्मचारियों पर पशुओं के साथ क्रूर व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को कुतुबखाना के पास शास्त्री मार्केट में एक आवारा कुत्ते ने व्यापारी



नेता बलदेव नागपाल समेत चार लोगों पर हमला कर दिया था। व्यापारी नेता को कुत्ते के काटने की जानकारी मिलते ही बाजार के व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। व्यापारियों का कहना था कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक की शिकायत पहले भी नगर निगम अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। घटना के बाद शास्त्री मार्केट के व्यापारी एकत्र होकर वरिष्ठ व्यापारी नेता राजेश अग्रवाल के पास पहुंचे और उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। राजेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत करने के बाद नगर निगम के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या को नगर निगम की बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही हमलावर कुत्तों को पकड़कर उनका उपचार कराने और निर्धारित सेंटर भेजने की मांग की जाएगी। मंगलवार को नगर निगम की टीम शास्त्री मार्केट पहुंची और कुत्तों को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने दो कुत्तों को पकड़ लिया। इससे व्यापारियों ने राहत की सांस ली, लेकिन रेस्क्यू के दौरान एक छोटे कुत्ते को पीठ के मांस और कान से पकड़कर उठाने का मामला सामने आने पर पशु प्रेमियों ने आपत्ति जताई। पशु प्रेमिका शालिनी अग्रवाल ने आरोप लगाया कि उनके पास करीब 270 पशु हैं, जिनकी देखरेख के लिए स्टाफ लगाया गया है। और सबकी देखरेख आराम से हो रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के रेस्क्यू स्टाफ में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों के नशे में होने की शिकायत पहले भी की जा चुकी है और कई बार कार्रवाई भी हुई, लेकिन इसके बावजूद कथित तौर पर उनके व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। शालिनी अग्रवाल ने कहा कि पशुओं को पकड़ने के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए। कैचिंग नेट जैसे आवश्यक उपकरणों का इस्तेमाल होना चाहिए, ताकि पशुओं को चोट न पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि रेस्क्यू के नाम पर पशुओं के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है तो यह गंभीर मामला है। अधिकारियों को इसकी जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा पशु प्रेमियों को इसके विरोध में आगे आना पड़ेगा।

व्यापारियों की शिकायत पर दो कुत्ते शास्त्री मार्केट से पकड़े गए हैं इसके अलावा पुराना शहर में भी अभियान चलाया गया था जिसमें टोटल 12 कुत्ते पकड़े गए हैं मैंने लड़के से कहा भी था कि इस तरह से पशु प्रेमियों को ऐतराज होगा परंतु उसे वक्त कुत्ते को काबू करने का कोई तरीका नहीं मिला वह कहीं लड़के को न काट ले इसलिए उसने उसको काबू करने के लिए ऐसे पड़ा था।

-गुरुचरणजीत सिंह (नीटू), प्रेसिडेंट सोसाइटी ऑफ एनिमल वेलफेयर बरेली

# सफाई में लापरवाही पर पांच फर्मों पर 95 हजार का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें पीलीभीत बाईपास से संजय नगर, सेटेलाइट से वनखंडीनाथ मंदिर, कुदेशिया फाटक से लल्ला मार्केट और मिनी बाईपास मार्ग पर नियमित सफाई न होने और जगह-जगह गंदगी मिलने पर पांच फर्मों पर कुल 95 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान में लापरवाही पर मैसर्स पीपीपी सिक्योरिटी पर 30 हजार, आयुषी हाईजिन एंड केयर प्रा. लि. पर 10 हजार, अवर ड्रीम पर 20 हजार, कोणार्क ग्लोबल पर 20 हजार और कय्यूम ठेकेदार पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। सभी फर्मों को सफाई व्यवस्था में सुधार की चेतावनी दी गई है। दोबारा लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही गई। बैठक में वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर्याप्त नहीं बढ़ाने पर सभी सफाई निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बनखंडीनाथ, संजय नगर और डीडीपुरम के सफाई नायकों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने तथा संबंधित सफाई निरीक्षकों के खिलाफ भी प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल अधिकारियों और सफाई निरीक्षकों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का फीडबैक लेकर सुधार कराने को कहा गया।

## एक नजर

### 5.6 किलो डोडा छिलका के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को 5 किलो 600 ग्राम डोडा छिलका के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को उपनिरीक्षक पवन कुमार टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान करू रोड स्थित छोटे सरकार के पास संदिग्ध अवस्था में मिले हरिओम पुत्र मनोहर निवासी बिहारीपुर चापकौरा पुख्ता, थाना दातागंज को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। उसके पास से 5 किलो 600 ग्राम डोडा छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर की गई।

# करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

## घर के बाहर लगे बिजली के मीटर की जांच करते समय अचानक लगा करंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव कनुआखेड़ा में बिजली के करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और पांच नाबालिग बच्चों को छोड़ गया है। परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य होने के कारण उसकी मौत से परिजनों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।



मृतक का फाइल फोटो।

कनुआखेड़ा निवासी जगवीर (30) पुत्र ओमपाल रोजाना की तरह मंगलवार देर शाम मजदूरी कर घर लौटा था। घर के बाहर लगे बिजली के मीटर की जांच करते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में परिजन उसे चंदौसी के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



गमगीन माहौल में बैठे परिवार के सदस्य। -जागरण मोर्चा

जगवीर की मौत की खबर मिलते ही पत्नी गुड़िया और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे पांच नाबालिग बच्चों आरती, पूजा, लक्ष्मी, हरशू और लवकुश को छोड़ गया है। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

ग्रामीणों ने हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार बताते हुए आक्रोश जताया है। उनका कहना है कि बिजली के मीटर और आसपास की विद्युत व्यवस्था की उचित जांच और सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए थे। सूचना पर पीआरबी और थाना फैजगंज बेहटा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

## विवाहिता से छेड़छाड़ का आरोप, विरोध पर मारपीट

**बिनावर।** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता ने गांव के ही दो युवकों पर रास्ते में रोककर छेड़छाड़ और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, 12 अगस्त की सुबह करीब पांच बजे वह शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में दोनों युवकों ने उसे रोक लिया और गंदी नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता के परिजन आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचे तो उनके बड़े भाई पर भी मारपीट करने का आरोप है। घटना में परिवार के कुछ लोग घायल हो गए। पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि शिकायत मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षेप समाचार

### 31 अगस्त तक लगेगा मेगा विद्युत शिविर, उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा समाधान



बिजली विभाग के कैंप में समस्याओं का समाधान करते अधिकारी।

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड तृतीय के कार्यालय पर बुधवार को मेगा विद्युत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों का निस्तारण कराया। अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के लिए विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 31 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मेगा विद्युत शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में नए बिजली कनेक्शन जारी करने, विद्युत भार बढ़ाने, खराब मीटर बदलने, बिजली बिल में संशोधन, विद्युत श्रेणी परिवर्तन, बिजली चोरी से संबंधित राजस्व निर्धारण और बकाया बिजली बिल जमा करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की कि निर्धारित अवधि में शिविर में पहुंचकर विभागीय सेवाओं का लाभ उठाएं और अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराएं। इस दौरान सीए करन सिंह, एसडीओ बिसौली विकास राजपूत और एसडीओ आसफपुर यश कुमार सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्लास्टिक को कहें ना, कपड़े के थैले को अपनाएं




प्लास्टिक मुक्ति के प्रति जागरूक करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब ऑफ बदायूं एवं इनरव्हील क्लब ऑफ बदायूं शेरोज की ओर से प्रनाया एग्जीबिशन में संयुक्त पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने और इसके स्थान पर कपड़े के थैले अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। क्लब सदस्यों ने लोगों को कपड़े के थैले वितरित करते हुए प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इस अवसर पर पीडीसी साधना रस्तोगी, इनरव्हील क्लब ऑफ बदायूं की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी तथा इनरव्हील क्लब ऑफ बदायूं शेरोज की अध्यक्ष शैली रस्तोगी ने कहा कि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है। इसके अत्यधिक उपयोग से प्रदूषण बढ़ने के साथ ही प्रकृति को गंभीर नुकसान पहुंचता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ रखें और पॉलीथिन के इस्तेमाल से बचें। क्लब सदस्यों ने कहा कि दैनिक जीवन की छोटी-छोटी आदतों में बदलाव कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। अभियान में दोनों क्लबों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रनाया एग्जीबिशन की ओर से दोनों क्लबों के सदस्यों को छोटे-छोटे उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

### अलापुर में गाय की मौत पर हंगामा, बजरंग दल का थाने पर धरना

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के बिचपुरी गांव में गाय की मौत के बाद बुधवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। गाय को कार से टक्कर लगने के आरोप में ग्रामीणों द्वारा डॉक्टर से मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने डॉक्टर की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसी बीच डॉक्टर की कार में बीयर की बोतल दिखाई देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आलापुर थाने के गेट पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक, बिचपुरी गांव के पास मंगलवार को एक डॉक्टर की कार की टक्कर से गाय की मौत हो गई थी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने डॉक्टर को घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। डॉक्टर की तहरीर पर पुलिस ने चार ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद डॉक्टर का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस के अनुसार मेडिकल परीक्षण में डॉक्टर के शरीर में अल्कोहल की पुष्टि नहीं हुई। इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें डॉक्टर की कार की सीट पर बीयर की बोतल रखी दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों और हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। बुधवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता अलापुर थाने पहुंचे और मुख्य गेट पर धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में एकतरफा कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कार्यकर्ताओं ने वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराने और मामले में तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की मांग की। धरने की सूचना पर सीओ और एसडीएम मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी मांगें सुनीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गर्भवती महिला ने पति समेत नौ लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** कस्बा बिसौली निवासी एक युवती ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ दहेज की मांग, मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने पति पर एक किराए के मकान में रह रही सरकारी शिक्षिका से अवैध संबंध होने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कस्बा बिसौली निवासी आविद सैफी की बेटी राविया अंजुम सैफी की शादी इस्लामनगर निवासी शाहनवाज सैफी पुत्र अब्दुल रहीम सैफी के साथ 22 अप्रैल को हुई थी। राविया का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में कार और नकदी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह पांच माह की गर्भवती थी, तब भी उसके साथ मारपीट की गई और पांच जनवरी 2026 को उसे घर से निकाल दिया गया। इसके साथ ही उसने पति पर किराए के मकान में रह रही एक शिक्षिका से अवैध संबंध होने का गंभीर आरोप लगाया और शिक्षिका को भी मुकदमे में आरोपी बनाया है। राविया ने मामले की शिकायत थाना बिसौली पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शाहनवाज सैफी, अब्दुल रहीम सैफी, नजमा, अब्दुल करीम सैफी, शाने आलम सैफी, रुबी सैफी, जान मोहम्मद सैफी, मोहम्मद उमर सैफी और अफसाना सैफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# रेस्क्यू अभियान में 12 बाल श्रमिक कराए गए मुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे पैन इंडिया रेस्क्यू एवं पुनर्वास अभियान-4.0 के अंतर्गत जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जुलाई से अब तक 11 निरीक्षण किए गए, जिनमें विभिन्न प्रतिष्ठानों से 12 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए टिप्पणी जारी की गई है।

बुधवार को एडीएम प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गोष्ठी आयोजित हुई। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, दुकानों, ऑटो वर्कशॉप और घरेलू कार्य समेत अन्य स्थानों पर बाल श्रम में लिप्त बच्चों को चिन्हित कर रेस्क्यू किया जाए। उन्होंने अभियान को जिले के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए।




जिला स्तरीय गोष्ठी में निर्देश देते एडीएम अरुण कुमार। -जागरण मोर्चा

बैठक में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सड़क पर मिलने वाले अनाथ, परित्यक्त, आपात स्थिति में रह रहे बच्चों, महिलाओं और भिक्षावृत्ति में शामिल व्यक्तियों के रेस्क्यू की भी समीक्षा की गई। इसके लिए गठित समिति विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर संयुक्त अभियान चलाएगी। चिन्हांकन समिति द्वारा मिले बच्चों और महिलाओं को यथासंभव उनके परिवार में पुनर्वासित कराने अथवा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थानों और आश्रय गृहों में आवासित कराने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने चिकित्सा, समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, पुलिस, नगर निकाय और श्रम विभाग समेत संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्रवाई करने को कहा। साथ ही ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए, जहां बेसहारा परिवारों, बच्चों या महिलाओं के मिलने की संभावना अधिक हो। बैठक में मानव और बाल तस्करी के मामलों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को रेस्क्यू किए गए बच्चों को सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा, परामर्श और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मानव तस्करी की घटनाओं को रोकने और संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा जिले में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और उनकी निगरानी सुनिश्चित कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अमित मिश्रा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नंद किशोर पाठक, सुयोग्य कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आरपीएफ व जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान पीसी श्रीवास्तव, महिला थाना प्रभारी ज्योति सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी उदयवीर सिंह, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक प्रतीक्षा मिश्रा, डीएमसी छवि वैश्य, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक कमल शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गाय की मौत के बाद भड़का आक्रोश, डॉक्टर से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी में गाय की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कार चालक डॉक्टर के साथ हाथापाई कर दी। मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्रवाई की है। वहीं, पुलिस के अनुसार डॉक्टर के मेडिकल परीक्षण में एल्कोहल की पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे म्याऊं-उसावां मार्ग पर गांव बिचपुरी के पास स्कॉर्पियो की गाय से टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर अलापुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घायल गाय का पशु चिकित्सक से प्राथमिक उपचार कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गाय को सम्मानपूर्वक दफना दिया गया।




आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाती अलापुर पुलिस। -जागरण मोर्चा

हादसे के बाद कार चालक डॉ. राहुल सिद्धार्थ, जो उसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात हैं, के शराब के नशे में होने की आशंका जताई गई। इस पर पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस के अनुसार जांच में एल्कोहल की पुष्टि नहीं हुई।

इसी दौरान डॉक्टर के साथ कुछ लोगों ने हाथापाई कर दी। मामले में पुलिस ने बिचपुरी निवासी शेखर पुत्र राजकुमार, धर्मेंद्र उर्फ नेत्रपाल पुत्र सोवरन, धर्मेंद्र पुत्र रामनिवास और धर्मपाल पुत्र डालचंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।

## चोरी-लूट की योजना बना रहे चार आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस और चाकू बरामद

**बदायूं।** कोतवाली पुलिस ने चोरी और लूटपाट की योजना बना रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो नाजायज चाकू, सबल, पेचकस, दो लोहे के पाना और टॉर्च बरामद की है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में सद्दाम निवासी ककराला हाल निवासी ऊपरपारा, शोएब निवासी कबूलपुरा नागीन टीला, तारिक निवासी कबूलपुरा गौटिया और मुकेश निवासी नगला शर्की शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजू राणा और टीम शामिल रही।

## तीन दिन में पुलिस ने लापता युवक को खोज निकाला, परिजनों के सुपुर्द किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिनावर।** थाना क्षेत्र के गांव तकीपुर से घर से नाराज होकर लापता हुए 18 वर्षीय युवक को बिनावर पुलिस ने तीन दिन के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। युवक के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया।

गांव तकीपुर निवासी महेंद्र का 18 वर्षीय पुत्र नवनीत चार अगस्त की दोपहर घर से नाराज होकर कहीं चला गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। काफी प्रयास के बाद भी नवनीत का पता न चलने पर उसके पिता महेंद्र ने आठ अगस्त को थाना बिनावर में गुमशुदगी दर्ज कराई।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मलिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक बाबू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की। टीम ने युवक की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी और संभावित जगहों पर उसकी जानकारी जुटाई। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नवनीत हाईवे के आसपास घूम रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तलाश तेज कर दी। पुलिस ने नवनीत को गंगा एक्सप्रेसवे के पास घटपुरी के निकट से सकुशल बरामद कर लिया। युवक के मिलने की सूचना पुलिस ने तत्काल उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन थाने पहुंचे और नवनीत को सकुशल देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर नवनीत को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम ने युवक को समझाया कि वह भविष्य में घर से नाराज होकर इस तरह बिना बताए कहीं न जाए और किसी भी परेशानी की स्थिति में परिजनों से बातचीत करे।

**वंदेमातरम** शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र-116 के भाजपा के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने किया तिरंगा यात्रा का नेतृत्व

# कादरचौक में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा कस्बा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कादरचौक।** देशभक्ति के जज्बे के साथ बुधवार को ब्लॉक कादरचौक से कस्बे के विभिन्न मार्गों पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए, जिससे पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र-116 के भाजपा के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने किया। यात्रा ब्लॉक परिसर से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। रास्ते में लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने और देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने का संदेश दिया।




कादरचौक में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता व नेता। -जागरण मोर्चा

यात्रा में ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत, श्याम सुंदर उपाध्याय, अमित कुमार उर्फ टिंकू भैया, दिनेश चंद्र गुप्ता उर्फ पप्पू पूर्व प्रधान, अश्वनी कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा, सर्वेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष रचित गुप्ता, राकेश माहेश्वरी, राजेश गुप्ता पूर्व मंडल महामंत्री, सेवाराम कश्यप सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं और आमजन में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रप्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## बिसौली में धूमधाम से निकली तिरंगा यात्रा, विधायक आशुतोष मौर्य ने दिखाई हरी झंडी

**बिसौली।** देशव्यापी अभियान के तहत बुधवार को बिसौली में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। सिचौली मोड़ से शुरू हुई यात्रा अहिल्याबाई चौक होते हुए ग्राम सिचौली पहुंची। मुख्य अतिथि विधायक आशुतोष मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा संयोजक दुर्गेश वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, मंडल प्रभारी अनुज सक्सेना, अमित पाठक, रामवीर सिंह एडवोकेट, शैलेश शर्मा, ऊषा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों ने सभी का आभार जताया।

# पुरानी रंजिश में महिला की हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार, डंडा बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कादरचौक थाना पुलिस ने पुरानी रंजिश में हुई महिला की हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को कादरचौक पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 239/26 में वांछित आरोपी अनिल पुत्र नवाब सिंह निवासी काशीनगला को धौकन नगला तिराहे पर यात्री शेड के पास से गिरफ्तार किया।



पुलिस के मुताबिक ग्राम काशीनगला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। आरोप है कि अनिल समेत पांच लोगों ने पातीराम के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों को देखकर पातीराम वहां से भाग गया। इसी दौरान उसकी मां जयदेवी पत्नी देशराज को अनिल ने डंडा मार दिया। गंभीर चोट लगने से जयदेवी जमीन पर गिर गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद पातीराम की तहरीर पर कादरचौक थाने में अनिल, हरिशचंद्र, गंगाचरन, नवाब सिंह और प्रदीप के खिलाफ हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर ग्राम गंगी नगला के बाहर पुलिया के पास झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी अनिल के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस प्रयास कर रही है।

## एक नजर

### 15 अगस्त को होगी क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता

**बदायूं।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला खेल कार्यालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में ओपन पुरुष वर्ग के लिए 5 किलोमीटर तथा महिला वर्ग के लिए 3 किलोमीटर दौड़ होगी। प्रतियोगिता सुबह 8 :30 बजे से शुरू होगी।

### 12 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बदायूं।** जनपद न्यायालय परिसर में 12 सितंबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव सुमन तिवारी ने बताया कि जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक संगल के मार्गदर्शन में लोक अदालत आयोजित होगी। लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# बदायूं की असॉल्ट टीम ने जीती एलार्म एफीसिएंसी रेस, बरेली दूसरे स्थान पर

## रिजर्व पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में हुई 51वीं अंतर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं एलार्म एफीसिएंसी रेस प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। रिजर्व पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में बुधवार को 51वीं अंतर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं एलार्म एफीसिएंसी रेस प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में बरेली जोन के अमरोहा और बिजनौर को छोड़कर अन्य जनपदों की पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता की शुरुआत एलार्म एफीसिएंसी रेस से हुई। इसमें पुलिसकर्मियों ने शारीरिक दक्षता, साहस, संतुलन और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित बाधाओं को पार किया। बदायूं की असॉल्ट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 10 मिनट 16 सेकंड में सभी बाधाएं पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। बरेली की टीम ने 15 मिनट 10 सेकंड में रेस पूरी कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य कुछ टीमें निर्धारित बाधाओं को पूरा नहीं कर सकीं और उन्हें डिसक्वालीफाई कर दिया गया। प्रतियोगिता में रायफल, रिवाल्वर और पिस्टल शूटिंग के मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे। एसएसपी अंकिता शर्मा ने प्रतिभागी पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता के साथ मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, टीम भावना और ड्यूटी के प्रति तत्परता को मजबूत करती हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी सहसवान अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी दातागंज आशेषनाथ सिंह, प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ज्योति सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करती एसएसपी अंकिता शर्मा। -जागरण मोर्चा



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### चेयरपर्सन प्रियंका अनिल सिंह चौहान के नेतृत्व में उसावां में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा में मौजूद भाजपा के विधायक व अन्य नेता व कार्यकर्ता।

**उसावां।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर पंचायत उसावां में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर पंचायत चेयरपर्सन प्रियंका अनिल सिंह चौहान के नेतृत्व और सक्रिय सहभागिता में निकली यात्रा का शुभारंभ भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया ने ब्लॉक प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर किया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक प्रांगण से शुरू होकर कस्बे के मुख्य बाजार, होली चौक सहित प्रमुख मार्गों और गलियों से होती हुई हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए। इससे पूरे कस्बे का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया। नगर पंचायत चेयरपर्सन प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने यात्रा में सक्रिय रूप से सहभागिता की। उन्होंने लोगों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश की एकता व अखंडता के प्रति समर्पण का संदेश दिया। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की मौजूदगी से खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी राणा प्रताप सिंह, डीसीएफ चेयरमैन रविन्द्र पाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल कुमार लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष नरेशपाल कश्यप, दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ मुकेश गुप्ता, धनमेश कश्यप, राहुल कोहली, महावीर सिंह, सोनू मिश्रा, पंकज मिश्रा, पवन कुमार गुप्ता और विजय कुमार शाक्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस से पहले निकली यात्रा से कस्बे में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा।

### करंट लगने से मजदूर का पैर कटा, निर्माण करा रहे युवकों पर लापरवाही का आरोप

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय में निर्माणाधीन गोदाम में मजदूरी करते समय करंट लगने से एक 25 वर्षीय मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों को उसका दाहिना पैर काटना पड़ा। पीड़ित परिवार ने निर्माण कार्य करा रहे दो युवकों पर खुले और नंगे बिजली तारों के बीच काम कराने तथा लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। पीड़ित की बहन के मुताबिक उसका भाई सलमान पुत्र अबरार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले अरबाज और शादाब पुत्र शमशाद 28 जुलाई को सलमान को अपनी निर्माणाधीन दुकान/गोदाम पर मजदूरी के लिए बुलाकर ले गए थे। वहां छत पर खुले और नंगे तारों के जरिए बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। सलमान और उसके साथ काम कर रहे सुल्तान ने तारों के पास काम करने में करंट लगने की आशंका जताते हुए काम करने से मना किया, लेकिन आरोप है कि दोनों युवकों ने उन्हें काम करने के लिए दबाव बनाया। पीड़िता का आरोप है कि सुबह करीब 11 बजे काम करने के दौरान सलमान को तेज करंट लग गया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे उठाया। इसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार अरबाज और शादाब ने इलाज कराने का भरोसा दिलाया और सलमान को बरेली के बीसलपुर रोड स्थित तमन्ना अस्पताल ले गए। आरोप है कि बाद में दोनों वहां से चले गए। उपचार के दौरान परिवार पर लाखों रुपये का खर्च हो चुका है। चिकित्सकों ने करंट से पैर में गंभीर क्षति होने के कारण सलमान का दाहिना पैर काट दिया।

## कावड़ यात्रा की व्यवस्थाओं में लापरवाही, कछला चौकी इंचार्ज निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कांवड़ यात्रा के दौरान कछला क्षेत्र में व्यवस्थाएं संभालने में लापरवाही बरतना चौकी इंचार्ज को भारी पड़ गया। कांवड़ रूट पर जाम लगने और उसमें जिलाधिकारी व एसएसपी के वाहनों के फंसने के बाद एसएसपी अंकिता शर्मा ने चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई है।

बताया जा रहा है कि सावन कांवड़ यात्रा को लेकर कछला और आसपास के मार्गों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही हो रही थी। सुरक्षा, यातायात और जाम से निपटने के लिए पुलिस की ओर से व्यापक व्यवस्थाओं के दावे किए गए थे। इसके बावजूद कांवड़ रूट पर जाम की स्थिति पैदा हो गई।



निलंबित कछला चौकी इंचार्ज रिंकू सिंह।

इसी दौरान निरीक्षण के लिए पहुंचे डीएम और एसएसपी के वाहन भी जाम में फंस गए।

मामले को एसएसपी ने गंभीरता से लेते हुए चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की। बताया गया है कि चौकी इंचार्ज के खिलाफ पुराने कई मामलों में भी जांच चल रही थी। इन जांचों में भी उनके खिलाफ लापरवाही के आरोप सामने आए थे। जांच में दोषी पाए जाने के बाद अब कांवड़ यात्रा के दौरान ड्यूटी में लापरवाही को आधार बनाकर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# वजीरगंज में निकाली गई तिरंगा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** नगर पंचायत वजीरगंज में बुधवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष राघव सिंह चौहान के नेतृत्व में निकली यात्रा में सदर विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता सहित हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा और मातृशक्ति शामिल हुईं। डीजे की धुन और हाथों में लहराते तिरंगों के बीच पूरा नगर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गंगा देवी सरस्वती शिशु मंदिर, वजीरगंज से हुआ। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद ठाकुर गजराज सिंह के स्मारक पर पहुंची, जहां शहीद को नमन किया गया। इसके बाद यात्रा विकासखंड वजीरगंज परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में वजीरगंज विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में युवा साथी पहुंचे। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। पूरे मार्ग में लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगे लहराए। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। देशभक्ति के इस आयोजन के दौरान समाजसेवियों ने जगह-जगह प्याऊ लगाकर राहगीरों और यात्रा में शामिल लोगों को पानी पिलाया। भीषण गर्मी के बीच प्याऊ की व्यवस्था कर समाजसेवियों ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष राघव चौहान वजीरगंज ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज वजीरगंज में जिस तरह युवाओं, महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की, वह देश के प्रति उनके समर्पण और राष्ट्रभक्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने वीर शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए और उनके आदर्शों पर चलकर देश की एकता, अखंडता और सम्मान को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। तिरंगा यात्रा के दौरान उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि देश के प्रति प्रेम और तिरंगे के सम्मान की भावना हर नागरिक के दिल में है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता, एमएलसी प्रतिनिधि शर्तेंदु पाठक, मंडल प्रभारी अनुपम पाठक, चेयरमैन मुड़िया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य जयपाल दिवाकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राघव चौहान, गौरव वार्ष्णेय, सुमित कुमार निक्की सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा के दौरान नगर में उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा।



वजीरगंज में निकली तिरंगा यात्रा में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

# उघैती क्षेत्र में खेत में नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** उघैती थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक का शव खेत में नीम के पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच के लिए फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया।

पुलिस के अनुसार, 12 अगस्त की सुबह करीब 7:34 बजे पीआरवी-6623 के माध्यम से सूचना मिली कि नरेनी-बिसौली मार्ग के किनारे सराय बघौली निवासी रामेश्वर के खेत में एक व्यक्ति का शव नीम के पेड़ से लटका हुआ है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक उघैती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।



घटनास्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम। -जागरण मोर्चा

मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय विक्रम पुत्र रोशन सिंह, निवासी ग्राम रानेट गोविंदपुर, थाना बिसौली, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर पहचान की पुष्टि कराने का प्रयास किया।

फील्ड यूनिट के निरीक्षण के बाद थाना पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी बदायूं भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इमलिया में द्वितीय चक्र की चकबंदी का विरोध, 95 प्रतिशत किसान असहमत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कुंवरगांव।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम इमलिया में द्वितीय चक्र की चकबंदी प्रक्रिया को लेकर किसानों का विरोध लगातार जारी है। वर्ष 2023 में गजट प्रकाशन के बाद शुरू हुई चकबंदी प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को जिला प्रशासन और चकबंदी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गांव पहुंचकर किसानों के साथ बैठक की। पंचायत घर में हुई बैठक में अधिकांश किसानों ने द्वितीय चक्र की चकबंदी कराने से साफ इनकार कर दिया। अधिकारियों के अनुसार करीब 90 से 95 प्रतिशत किसान इसके पक्ष में नहीं हैं।

वर्ष 2023 में गजट प्रकाशन के बाद इमलिया में द्वितीय चक्र की चकबंदी की प्रक्रिया शुरू की गई थी। हालांकि, किसान शुरुआत से ही इसका विरोध करते आ रहे हैं। प्रशासन और चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने कई बार ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें चकबंदी के लाभ समझाते हुए प्रक्रिया शुरू कराने का प्रयास किया, लेकिन किसानों की सहमति नहीं बन सकी।

ग्रामीणों का कहना है कि वे प्रथम चक्र की चकबंदी से संतुष्ट हैं। प्रथम चक्र में सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए निर्धारित भूमि से भी किसान संतुष्ट हैं। ऐसे में वे अपनी उपजाऊ भूमि चकबंदी कटौती के रूप में देने के लिए तैयार नहीं हैं।

किसानों के रुख को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर स्थिति का आकलन करने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम को गांव में जाकर किसानों की राय जानने और उनका लिखित अभिमत प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी सदर, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सलारपुर, ग्राम प्रधान नरेश पाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई।

अधिकारियों ने एक-एक कर किसानों की राय जानी। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कृषक मौजूद रहे। किसानों ने एक स्वर में द्वितीय चक्र की चकबंदी का विरोध किया। बैठक के बाद अब प्रशासन किसानों के अभिमत के आधार पर आगे की कार्रवाई पर विचार करेगा।

बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि ग्राम पंचायत इमलिया के करीब 90 प्रतिशत कृषक द्वितीय चक्र की चकबंदी नहीं चाहते हैं। किसानों का अभिमत उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।



चकबंदी का विरोध करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**निगरानी** कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था परखी

# वाहनों की पार्किंग और रूट डायवर्जन के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को कछला गंगा घाट और कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव ने कछला घाट पहुंचकर सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था, पार्किंग, रूट डायवर्जन, बैरियर, भीड़ नियंत्रण और वैकल्पिक मार्गों की भी समीक्षा की गई। एएसपी नगर ने निर्देश दिए कि दोपहिया और चार पहिया वाहनों को निर्धारित पार्किंग से आगे नहीं जाने दिया जाए। सोरों साइड में डीजे वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी उझानी और यातायात निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि कोई भी वाहन पुल अथवा घाट की ओर न जाने पाए।



कर्मचारियों को निर्देश देते एसपी सिटी अभिषेक सिंह। -जागरण मोर्चा

अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा मार्ग, प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों और कछला घाट पर पुलिस सुरक्षा पूरी तरह मजबूत रखने के निर्देश दिए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सतर्कता और अनुशासन के साथ ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं की सहायता को प्राथमिकता देने को कहा गया। आपात स्थिति से निपटने और किसी अप्रिय घटना पर तत्काल कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार सिंह समेत पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिसौली में एएसपी ग्रामीण ने किया पैदल गश्त

श्रावण माह के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया ने मंगलवार को पुलिस बल के साथ थाना बिसौली क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा के रूट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विभिन्न स्थानों पर लगाए गए बैरियर पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से किसान की मौत

**बिसौली।** बिसौली-चंदौसी मार्ग पर मंगलवार देर शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से 52 वर्षीय किसान कुंवरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार बिजली के पोल से टकरा गई। पोल टूटकर गिरने से किसान करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए, जहां बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सर्वा गांव निवासी कुंवरपाल के चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं। परिजनों ने चालक के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल कमलेश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोजपा के राष्ट्रीय सचिव बने विजय भान सिंह, बधाई देने वालों का लगा तांता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ललुआनगला निवासी विजय भान सिंह चौहान को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने 10 अगस्त को दिल्ली में आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी।

विजय भान सिंह चौहान के मनोनयन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें फोन और व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। दिल्ली से घर लौटने पर समर्थकों ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की ओर से खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर विजय भान सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

इस अवसर पर खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा 'लंकेश' ने विजय भान सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपा। उनके मनोनयन पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बिसौली क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया।





मनोनयन पत्र सौंपते पार्टी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



## एक नजर



### एडवोकेट रामबहादुर ने कार्यकर्ताओं संग किया शिवपाल सिंह यादव भव्य स्वागत

**शाहबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के रामपुर आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। रामपुर पहुंचने पर सपा नेता एडवोकेट रामबहादुर ने सैकड़ों समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनका भव्य एवं जोरदार स्वागत किया। बताते चले कि शिवपाल सिंह यादव रामपुर जेल में बंद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आज़म खान से मुलाकात करने तथा उनके परिवार से भेंट कर उनका हालचाल जानने के लिए रामपुर पहुंचे।

# आजम खां को जेल में जमीन पर लिटाया जा रहा है : शिवपाल यादव

## जिला कारागार में सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला आजम खां से की एक घंटे की मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, आजम खां के बड़े बेटे अदीब आजम, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह के संग जेल में बंद आजम खां, अब्दुल्ला आजम से एक घंटे मुलाकात की। मिलाई करने के बाद जब वह बाहर आए तो उन्होंने कहा कि जेल में आजम खां के साथ जुल्म हो रहा और उन्हें जमीन पर लिटाया जा रहा है। वह बहुत तकलीफ में हैं। उन्हें न दवाई दी जा रही है और न कपड़े दिए जा रहे हैं। उन्हें कोई सहूलियत नहीं मिल रही हैं। सरकार बनने पर जिन्होंने जुल्म किया है, उन पर कार्रवाई करेंगे। आजम खान पर हुए जुल्म का बदला लेंगे।

उन्होंने बताया, "जेल से आजम खान ने संदेश भेजा है कि पूरे उत्तर प्रदेश में जाइए और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाइए। दौरा करिए। अखिलेश यादव से भी कहिएगा कि दौरा करें। सरकार बनाना ही मुख्य लक्ष्य है।" शिवपाल यादव बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे जिला कारागार पहुंचे। जेल के बाहर सपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जेल से मिलाई करने के बाद वह सीधे आजम खां के घर पहुंचे। पूर्व सांसद डॉ.तजीन फात्मा से आधा घंटे की मुलाकात की। मुलाकात के बाद वह पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि आजम खां ने शहर का नक्शा बदल दिया। इतना विकास कार्य कराया जो रिकार्ड है। शहर की चौड़ी सड़के, बाईपास, जौहर विवि, स्कूल इसका जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कि एक ईट नहीं लगाई है, वक्ता बदलेगा सबका हिसाब होगा। आजम खां पर जुल्म करने वाले पापी अफसरों को पाप की सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजम खां ने मुलाकात में कहा है कि वह सपा के है सपा के थे और सपा के ही रहेंगे। अखिलेश यादव सरकार बनाएं। आजम खां को गृहमंत्री बनाया जाए। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव में जुट जाए। इसके बाद वह जौहर विवि पहुंचे। यहां गोष्ठी में शामिल हुए। शिवपाल के आगमन पर प्रशासन सक्रिय रहा। उनकी सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय सागर, आसिम राजा, पूर्व विधायक विजय सिंह, अनुराधा चौहान, ओमेंद्र चौहान, अखिलेश गंगवार, प्रमोद गंगवार, जावेद अली खां, मसूद गुड्डू, निसार अहमद अंसारी, सतनाम सिंह मट्टू, काशिफ खां एडवोकेट, अनवार हुसैन, फरहान अली खां आदि मौजूद रहे।



बड़े बेटे के संग आजम खां से मिलाई को जाते शिवपाल यादव। -जागरण मोर्चा



सपा कार्यालय में पदाधिकारियों को संबोधित करते शिवपाल यादव। -जागरण मोर्चा

# शिकंजा: 2 स्कूली वाहन सीज, 6 का चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सेफ फ्यूचर अभियान 2 के अंतर्गत जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही करने के उद्देश्य से स्कूल वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान 11 से 25 अगस्त तक शिकंजा कसा जा रहा है। अभियान के दौरान कुल 10 स्कूल बसों का सघन निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई।

यात्री कर अधिकारी होरीलाल वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान 2 विद्यालयों के वाहनों का परमिट, फिटनेस आदि समाप्त पाए जाने पर उनको सीज किया गया और इसके अतिरिक्त नियमों का उल्लंघन करने पर 6 वाहनों के चालान किए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि देर रात्रि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 12 ओवरलोड डंपरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये सीज किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्कूल वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों, वैध अभिलेखों एवं परिवहन नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों और वाहन संचालकों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को स्कूल वाहन से भेजने से पहले इन छह बिंदुओं की अवश्य जांच करें एवं इसकी जानकारी अपने पास रखें- वाहन चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो।

बस में फर्स्ट एड (मेडिकल) बॉक्स उपलब्ध हो, बस में कार्यशील अग्निशमन यंत्र कियाशील रूप में लगा हो, वाहन का वैध फिटनेस प्रमाणपत्र हो, वाहन का वैध बीमा हो, स्कूल बस पर विद्यालय का नाम एवं संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से अंकित हो, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संपर्क किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिभावकों की जागरूकता बच्चों की सुरक्षा की सबसे मजबूत कड़ी है। यदि किसी स्कूल वाहन में इन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, तो इसकी सूचना तत्काल एआरटीओ व अन्य परिवहन विभाग के अधिकारी को दें।



अभियान के दौरान खड़े अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# मसवासी में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजे भारत माता के जयकारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** नगर में बुधवार को भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय के जयकारों से पूरा माहौल देशभक्तिमय हो गया। तिरंगा यात्रा बिजारखाता स्थित स्कूल से शुरू हुई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले कार्यकर्ता मसवासी-काशीपुर रोड, चाउपुरा, भूवरा समेत विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस स्कूल पहुंचे। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाए, जिससे वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष दीपचंद गोयल, सौरभ कुमार गुप्ता, पवन शर्मा, अनिल अरोड़ा, डॉ. महेश कुमार मौर्य, निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य, महेंद्र सिंह मौर्य, शिशुपाल सिंह सागर समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।



तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

# स्काउट गाइड कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के कार्यालय पर पंडित श्रीराम बाजपेई का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पं. श्रीराम बाजपेई के चित्र पर जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरुजी जिला मुख्यालय आयुक्त एवं प्रधानाचार्य राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज योगेंद्र पाल सिंह ने पंडित श्रीराम बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए योगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि भारत रत्न पंडित श्रीराम बाजपेई का जीवन अनुकरणीय है जिन्होंने सर्वप्रथम स्काउटिंग को उत्तर प्रदेश में फैलाया जो आज वटवृक्ष बन चुका है। जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरुजी ने कहा कि जनपद की स्काउटिंग जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह एवं उत्तर प्रदेश की स्काउटिंग गाइडिंग प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार के निर्देशन में ऊंचाइयों को छू रही है। जिला संगठन आयुक्त स्काउट जीतू कुमार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नरवंत कौर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेमपाल सिंह ने भी चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, जिला मुख्यालय आयुक्त योगेंद्र पाल सिंह, जिला संगठन आयुक्त जीतू कुमार, नरवंत कौर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रेमपाल सिंह एवं स्काउट गाइड उपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज सैंजनी नानकार में प्रधानाचार्य अभिलाष कुमार, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनुपरा में प्रधानाचार्य अरविंद भास्कर के नेतृत्व में पंडित श्रीराम बाजपेई का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया।




स्काउट गाइड कार्यालय पर चित्र पर किया माल्यार्पण करते। -जागरण मोर्चा

# पत्नी की हत्या करने में पति को उम्रकैद की सजा, 30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय ने सुनाया फैसला**

**19 अगस्त 2023 को संजीव कुमार ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

**रामपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में पत्नी का गला घोंटकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा के साथ 30 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया।

19 अगस्त 2023 को थाना टांडा क्षेत्र के संजीव कुमार पुत्र बुद्धा सिंह निवासी मसवासी स्वार में तहरीर देकर आरोप लगाया था। उसकी बहन अनीता की शादी वर्ष 2008 में रमेश निवासी नया गांव लतीफपुर टांडा के साथ हुई थी। रमेश आए दिन शराब के नशे में मारपीट करता था। 19 अगस्त को रमेश बहन बहनोई और माता पिता के साथ अनीता को जंगल ले गया। जहां उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या में पुलिस ने 6 ससुरालियों को नामजद किया। प्रभारी डीजीसी नवनीत कश्यप ने बताया कि पुलिस ने विवेचना की। मृतिका के पति रमेश आरोपी बनाते हुए चार्जशीट दाखिल की। इसमें एफआइआर लेखक, पंचनामा अधिकारी समेत छह गवाह पेश हुए। न्यायालय ने सरकारी अधिवक्ता की दलील को मानते हुए रमेश को हत्या करने में उम्रकैद और 30 हजार रुपये का जुर्माना डाला है।

इसके अलावा जानलेवा हमले में नामजद अर्जुन को दोषी पाते हुए न्यायालय से 10 साल की सजा और 20 हजार रुपये की जुर्माना सुनाया है। यह मामला वर्ष थाना स्वार में अनुज कुमार ने दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया था कि अर्जुन पुत्र मनोज निवासी मैन मार्केट निवासी स्वार ने उसके भाई अंकित से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। मांग पूरी न होने पर अर्जुन ने 31 फरवरी 2017 की रात 8:30 बजे अंकित के घर में घुसकर मारपीट कर गोली चला दी। जिसमें अंकित घायल हो गया। यह मुकदमा धारा 452, 384 और 307 में दर्ज हुआ। न्यायालय ने 307 में दोषी पाते हुए अर्जुन को 10 साल की सजा और 20 हजार रुपये डाला है।

**मतदान** उत्सव पैलेस, रामलीला ग्राउंड, कोसी मंदिर मार्ग में हुआ चुनाव

# सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ बने श्री सनातन रामलीला कमेटी के नए अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** श्री सनातन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद का चुनाव उत्सव पैलेस, रामलीला ग्राउंड, कोसी मंदिर मार्ग पर उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान कमेटी के सदस्यों ने आपसी सहमति और एकजुटता का परिचय देते हुए सुनील कुमार गोयल 'सोनी ताऊ' को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। जैसे ही सुनील कुमार गोयल के अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा हुई, रामलीला कमेटी के सदस्यों और पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट सचिन कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कमेटी से जुड़े लोगों ने उम्मीद जताई कि सुनील कुमार गोयल के नेतृत्व में श्री सनातन रामलीला कमेटी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को और अधिक भव्यता तथा व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाएगी। रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

ऐसे में कमेटी की जिम्मेदारी संभालना एक महत्वपूर्ण दायित्व माना जाता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के सामने रामलीला आयोजन को बेहतर बनाने, व्यवस्थाओं को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने की चुनौती भी रहेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र गर्ग, डॉ अजय अग्रवाल, वीरेंद्र जौली, संदीप अग्रवाल सोनी, जुगेश अरोरा कुक्कू, हरीश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, रवि प्रकाश, डॉ संजीव अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय गर्ग, निर्भय गर्ग, राजीव गर्ग आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

# डॉ.दशरथ सिंह, युगल किशोर का चिकित्सकों ने किया स्वागत



सीएमएस कक्ष में अध्यक्ष, संपादक का फूल मालाओं से स्वागत करते डॉ .शम्मी कपूर।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चुनाव में अध्यक्ष, संपादक चुने जाने पर डॉ.दशरथ सिंह, डॉ.युगल किशोर का सीएमएस समेत चिकित्सकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद अध्यक्ष, संपादक को एक दूसरे चिकित्सकों ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद भी दी। बुधवार को सीएमएस कक्ष के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने डॉ.दशरथ सिंह को टोपी, फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसके बाद सीएमएस ने सभी चिकित्सकों की बैठक ली। बैठक में सीएमएस ने चिकित्सकों से कहा कि शासनादेशानुसार 14 अगस्त की सुबह 10:30 बजे जिला अस्पताल से गांधी समाधि तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसलिए सभी चिकित्सकों से अपील है कि सभी समय से आकर यात्रा को सफल बनाए। इस अवसर पर डॉ.शम्मी कपूर, डॉ.मनोज कुमार शाक्य, डॉ.पंकज गोस्वामी, पैथोलॉजिस्ट डॉ.प्रद्युत सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### शाहबाद ब्लॉक से निकाली गई तिरंगा यात्रा, सीओ और बीडीओ ने किया नेतृत्व



शाहबाद में ब्लॉक कार्यालय से निकली तिरंगा यात्रा में मौजूद सीओ देवकीनंदन, बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान और तहसीलदार अमित कुमार सिंह। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद के खंड विकास कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व सीओ देवकीनंदन और बीडीओ धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान ने किया। विशाल तिरंगा यात्रा ब्लॉक कार्यालय से शुरू होकर पंजाब नेशनल बैंक, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, चंदौसी तिराहा, पशु चिकित्सालयों, बिलारी बस स्टैंड, नगर पंचायत कार्यालय, बजरंग चौक, कोतवाली, ढकिया तिराहा होती हुई तहसील पहुंचकर सम्पन्न हुई। 'हर घर तिरंगा' और राष्ट्रीय पर्वों के उत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो लोगों को एकजुट करता है। तिरंगा यात्रा में पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौहान, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, एपीओ पुनीत दीक्षित, अवधेश कुमार आदि रहे।

### शाहबाद में अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी, पुलिस शिनाख्त में जुटी




शाहबाद के शिवमन्दिर के पास मिले अज्ञात शव की शिनाख्त कराने की कोशिश करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद नागा के लक्खी बाग प्राचीन शिव मंदिर के पास अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई, अज्ञात बुजुर्ग का शव सड़क किनारे खंदी के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग को मेले वाले दिन देखा गया था। मंदिर के आसपास दुकान लगा रहे लोगों से जब इनके बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह बुजुर्ग बाबा दो-तीन दिन से यहीं पर दिखाई दे रहे थे और इधर-उधर घूम रहे थे। आज सुबह जब मार्ग किनारे दुकानदारों ने देखा तो यह मृत अवस्था में पड़े हुए थे। हालांकि उनके नाम व पते की कोई जानकारी नहीं हुई। इनकी उम्र लगभग 55 वर्ष के करीब है। दुकानदारों ने तुरंत मंदिर के महंत को मृत व्यक्ति के बारे में बताया और बिना देरी किए मंदिर के महंत ने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची और शिनाख्त का काफी प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। शाहबाद पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नदी में पशुओं को नहलाते समय युवक डूबा, एसडीआरएफ टीम बुलाई

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के कूप गांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। गाँव के रहने वाले श्यामवीर का 18 वर्षीय पुत्र छोटू अपने पशुओं को नदी में नहलाने गया था। नदी में पानी का बहाव और स्तर अधिक होने के कारण वह रामगंगा नदी में डूब गया। स्थानीय गोताखोरों ने युवक को ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। युवक का कोई पता नहीं लगने के बाद एसडीएम आदेश कुमार अपर जिलाधिकारी को पत्र लिखकर एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजने का अनुरोध किया है ताकि सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक की खोज-बीन की जा सके।

### प्रधान और पंचायत सहायक गुट में मारपीट, 3 घायल

**रामपुर।** पंचायत घर जटपुरा में बुधवार को पंचायत सहायक और ग्राम प्रधान के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में प्रधान पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला अजीम नगर थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव का है। बुधवार को पंचायत घर में पंचायत सचिव बैठक ले रही थी। बैठक के दौरान ग्राम प्रधान और पंचायत सहायक के बीच विवाद हो गया। मामला बड़ा तो दोनों ओर से मारपीट होने लगी। इस दौरान दोनों पक्षों ने जमकर एक दूसरे को कुर्सियों से मारा। जमकर हुई मारपीट में प्रधान पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। घायल को अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने पंचायत सहायक समेत शकील, अतीक, नावेद, आकिब, हबीब, जावेद एवं अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है जो भी आरोपी होगा उस पर कानूनी कार्रवाई होगी।

### बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है। जिसमें उनके द्वारा शिक्षकों के ऑनलाइन चयन वेतनमान हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया में अल कार्यालय का सहायक एवं अल 2 खंड शिक्षा अधिकारी होता है किन्तु मिलक में दोनों कार्यालय सहायक निलंबित होने के उपरांत शिक्षकों की चयन वेतनमान प्रक्रिया बाधित हो रही है। इसको लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मांग की इन ब्लॉक में मानव संपदा पोर्टल पर दोनों विकास खंडों में की नियुक्ति की जाए जिससे ऑनलाइन चयनवेतन प्रक्रिया लंबित नहीं रहे। मांग करने वालो में जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष बिलासपुर गौरव गंगवार ब्लॉक अध्यक्ष मिलक विनोद कुमार सुधीश शर्मा विमल शर्मा अभिनव सक्सेना सुरेश गंगवार लालता प्रसाद पंकज पड़ालिया महेंद्र कुमार रहे।

### पेड़ों की छंटाई के चलते पांच घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**मसवासी।** टांडा-बाजपुर मार्ग पर हाईटेंशन लाइन में बार-बार हो रहे ब्रेकडाउन की समस्या से निजात दिलाने के लिए 13 अगस्त को पेड़ों की टहनियों की छंटाई की जाएगी। इसके चलते गुरुवार को पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता श्रीकांत ने बताया कि गुरुवार सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक 33 केवी लाइन पर विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान टांडा-बाजपुर मार्ग के किनारे हाईटेंशन लाइन में बाधा बन रहे पेड़ों की टहनियों की छंटाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पेड़ों की टहनियां हाईटेंशन लाइन से टकराने के कारण बार-बार ब्रेकडाउन की समस्या उत्पन्न हो रही है। छंटाई के बाद लाइन में होने वाले फॉल्ट और बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### दो दिन से फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर, भीषण गर्मी में ग्रामीण बेहाल

**मसवासी।** पट्टीकलां ग्राम पंचायत के मजरा अलीगंज में दो दिन पूर्व 63 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बिजली विभाग की ओर से अब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से भीषण गर्मी में ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार दो दिन पहले गांव में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। इसके बाद से बिजली आपूर्ति बाधित है। ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने के कारण घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए हैं। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**एक नजर**

### तीन परिवारों को मिलाया

**चंदौसी।** अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह निर्देशन में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी/ महिला थानाध्यक्ष डा रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति–पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल 44 पत्रावली को सुना गया 9 पत्रावली का निस्तारण किया गया 3 बिछड़े हुए परिवारों को पुनः मिलाया गया पांच पत्रावली को आवेदक द्वारा बल न देने व अन्य कारण से बंद किया गया एक पत्रावली पर विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, रेनू राठी, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारी ने खुद मरवाई थी पैर में गोली

## उधारी के रुपए न देने पर युवक को फसाना चाहता था व्यापारी, पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए गिरफ्तार किया

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी कोतवाली में गोलीकांड घटना का खुलासा करते सीओ। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के जिला न्यायालय के पास 9 अगस्त की सुबह दुकान जा रहे हैं व्यापारी को गोली मार घायल कर दिया गया था घायल के परिजनों की ओर से भेजो निवासी एक युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी बुधवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए उक्त गोलीकांड को षड्यंत्र बताया व्यापारी ने बहजोई निवासी परिचित द्वारा उधारी के एक लाख 60 हजार रुपए न देने पर फसाने को उक्त षड्यंत्र रचा था पुलिस ने व्यापारी सहित दो हमला वालों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। 9 अगस्त की सुबह 7 बजे कायस्थान निवासी युवक अक्षय गुप्ता पुत्र शिवओम गुप्ता स्कूटी पर सवार होकर 36 बी रेलवे फाटक स्थित अपनी दुकान जा रहा था मुंसिफ रोड स्थित जिला न्यायालय के पास बाइक सवार दो युवकों ने व्यापारी का रास्ता रोक लिया और सीने पर तमंचा रख गोली मारने की धमकी दे जिन झपटी में तमंचे से नींद निकली गोली व्यापारी के घुटने के पास लगी इसके बाद फरार हो गए व्यापारी ने घटना की सूचना परिजनों को दी परिजनों ने पुलिस को सूचित किया कुछ देर बाद पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को उपचार के लिए सीएचसी लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया घटना की रिपोर्ट की बहन वर्षा की ओर से कोतवाली में दर्ज कराई गई। बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी विवेक जावला ने घटना को षड्यंत्र बताया उन्होंने बताया कि घटना के सम्बन्ध में सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर के अवलोकन व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त के पीड़ित द्वारा भुवनेश पुत्र निवासी बहजोई को झुठा फंसाने के इरादे से खुद के साथ घटना करवाई। पुलिस ने बुधवार को रोहन गुप्ता पुत्र कृपानन्दन गुप्ता निवासी थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं, जतिन पुत्र संजीव निवासी थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं, अक्षय गुप्ता पुत्र शिवओम गुप्ता निवासी मौहल्ला कायस्थान को कैथल बाजार तिराहा से आटा की तरफ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में रोहन गुप्ता ने बताया कि मैं व जतिन कस्बा फैजगंज बेहटा के रहने वाले हैं, मेरी करीब 20-22 दिन पहले अक्षय गुप्ता से जान पहचान हुई थी। अक्षय गुप्ता द्वारा कुछ दिन पहले मुझसे कहा गया था कि उसका बहजोई के रहने वाले भुवनेश के साथ 1 लाख 60 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद है और हमसे खुद को गोली मारने के लिये कहा, जिससे वह भुवनेश को झूठे मुकदमें में फंसाकर जेल भेज सके। अक्षय गुप्ता के द्वारा हमें चन्दौसी बुलाकर तमन्चा व गोली मारने के लिये 2 कारतूस दिये थे और इस काम को करने के लिये अक्षय ने तभी ही 10 हजार रुपये भी हमें दिये थे जोकि हम दोनों ने खर्च कर कर दिये है। अक्षय ने हमें घटना कैसे करनी है इसके बारे में हम दोनों को चन्दौसी बुलाकर समझाया था कि मैं सुबह अपनी दुकान जाऊंगा तब तुम रास्ते पर खड़े हो जाना। मैं धीरे-धीरे जाऊंगा और तुम मुझे षड़यंत्र के तहत पैर में गोली मार देना और तुम लोग भाग जाना। फिर मैं शोर मचाऊंगा और फिर परिजनों से विरोधी भुवनेश के खिलाफ मुकदमा लिखाऊंगा। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तमंचा एक कारतूस दो मोबाइल वी घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है पुलिस ने तीनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

**संक्षेप समाचार**



मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज से तिरंगा रैली निकालतें छात्र–छात्राएं।

### हर घर तिरंगा अभियान रैली निकाली

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बालक वर्ग जयप्रकाश गौतम बालिका वर्ग शरमल उपाध्याय के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कॉलेज परिसर से आटा गांव तक रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार गोयल ने तिरंगे की आन, बान, शान एवं हर घर तिरंगा का संकल्प दिलाया इस यात्रा को सफल बनाने में कॉलेज के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापक आने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

### बूथ कमेटी व सेक्टर मजबूत करें कार्यकर्ता

**चंदौसी।** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी काशी की गांव मानकपुर नरौली, बनियाखेड़ा, बनियाठेर की मढैयो में बैठक आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि रमेश गंधर्व जी प्रदेश सचिव/मंडल प्रभारी मौजूद रहे उन्होंने कहा की सभी कार्यकर्ता बूथ कमेटी और सेक्टर को मजबूत करें उत्तर प्रदेश में 2027 में आजाद समाज पार्टी काशी की सरकार बनेगी कहा कि गांव गांव जाकर जनता को जोड़ने का काम करें। इस अवसर पर सुभाष चंद्र सागर, बाबू शराफत अली, शहजाद खान, प्रदीप कुमार, विक्रम सिंह, रवि कुमार बौद्ध, चंदन कुमार, सुरेश सूर्यवंशी, रिंकू जाटव, लकी सिंह, राम भरोसे आदि मौजूद रहे।

### सरकार के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**चंदौसी।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा के मुख्य द्वार पर बुधवार की शाम 5 :15 बजे स्टाफ सदस्यों के साथ यूबीएफयू के आवाहन पर एक धरना प्रदर्शन हुआ जो कि बैंको में पांच दिवसीय बैंकिग को लागू न करने के विरोध में हुआ। केन्द्र सरकार से पिछले कई सालों से बैंक कर्मियों द्वारा मांग की जा रही है लेकिन वित्त मंत्रालय द्वारा उस पर गौर नहीं किया जा रहा। इस संबंध में 3 दिवसीय हड़ताल पूर्व में की जा चुकी है लेकिन सरकार द्वारा लगातार आश्वासन दिए जाने के बावजूद भी कुछ सकारात्मक घोषणा नहीं हो सकी है। यदि अब भी सरकार द्वारा कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया जाता है तो आगे बैंककर्मी लंबी हडताल करने के लिए बाध्य होंगे। इस प्रदर्शन में केके तोमर, केजी शर्मा, आलोक दुबे, गिरीन्द्र अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, राजीव लोचन अग्रवाल, सुशील वार्ष्णेय, विनोद सक्सेना, सुरेश वार्ष्णेय, मेधा सिंह, नेहा वर्मा, दिनेश पाल, अनूभूति गुप्ता, मृणाल वार्ष्णेय, श्वेता सिंह, योग्यता सिंह, हिना, गरिमा, राकेश कुमार, धनेश्वर कुमार, राहुल सक्सेना, राशि चौधरी, रजत कुमार, कविता वार्ष्णेय, सुमित, गोपाल चतुर्वेदी समेत लगभग 70 बैंक कर्मियों ने भाग लिया।

### वाहनों से अवैध वसूली पर पुलिस की सख्ती

**शाहजहांपुर।** ई–रिक्शा, टेंपो और मैजिक चालकों से अवैध वसूली की शिकायतों को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। रोडवेज, पुवायां रोड, निगोही रोड, टाउनहाल ओवरब्रिज, जीआईसी तिराहा समेत कई स्थानों पर वाहनों से वसूली किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। पुलिस ने वाहन स्वामियों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटाई। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने कैंट क्षेत्र के ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वह केवल अपने निर्धारित क्षेत्र में ही पर्ची काटकर वसूली करें। निर्धारित क्षेत्र से बाहर वाहनों से वसूली किए जाने पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस चेतावनी के बाद वाहन चालकों में भी कार्रवाई की उम्मीद जगी है। अब देखना यह है कि पुलिस अवैध वसूली की शिकायतों पर कितनी सख्ती से कार्रवाई करती है।

### एडीएम प्रशासन ने किया गंगा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण

**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** जलालाबाद परशुरामपुरी गंगा एक्सप्रेसवे पर स्थित हवाई पट्टी के पास मंगलवार को एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने एसडीएम मधुसूदन गुप्ता के साथ एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक्सप्रेसवे पर किसी भी स्थिति में आवारा पशु नहीं पहुंचने चाहिए। उन्होंने एक्सप्रेसवे की बाउंड्रीवॉल को दुरुस्त कराने तथा जरूरत के अनुसार उसकी ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर उनके लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने बाउंड्रीवॉल और आसपास के क्षेत्रों की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार अनुराग दुबे, अधिशासी अधिकारी हृदय नारायण उपाध्याय समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म कर रुपए ऐंठने का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ महिला ने कोतवाली में दी आरोपी के विरुद्ध तहरीर

**चंदौसी।** नगर पालिका में ठेके पर कार्य करने वाली सफाई महिला कर्मचारी ने संविदा कर्मचारी दुष्कर्म करने वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए ऐंठ लिए अब आरोपी रुपए न देने पर ऐसी वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

महिला का कहना है कि वह नगर पालिका परिषद में ठेकेदारी पर नगर पालिका कार्यालय में सफाईकर्मी के पद पर काम करती है वहीं पर सर्विदाकर्मी के पद पर एक युवक भी कार्य करता है युवक का आना जाना लगा रहता था और वह अपने आप को अधिशासी अधिकारी की कोठी पर काम करने वाला बताता था। अब से करीब 3 माह पूर्व उक्त युवक उसके पास आया और बोला कि अधिशासी अधिकारी ने कहा कि है कि नगर पालिका के कार्य से पथरा जाना है और तुम्हें साथ ले जाने को कहा है इसलिए तुम मेरे साथ चलो, महिला ने युवक की बातों पर विश्वास करते हुए उसके साथ पथरा चली गयी जहाँ युवक ने महिला को एक होटल में सफाई करने के नाम पर अन्दर ले गया और महिला को कुछ देर बाद सफाई करने पर कोल्डड्रींक लाकर दी जिसे पीकर महिला बेहोश हो गयी जिसके बाद महिला के साथ उक्त युवक ने उसकी इच्छा के विरूद्ध दुष्कर्म किया और महिला के अश्लील फोटो व विडियो अपने फोन पर बना लिए। उसे जब होश आया और उसने कहा कि मुझे क्या हो गया था तब उस समय उक्त युवक ने उसको कुछ नहीं बताया लेकिन उसके बाद उक्त युवक ने उसको विडियो दिखाई और ब्लैकमेल करते हुए रूपये की मांग की और इस तरह समय-समय पर उक्त रवि ने महिला से करीब 50 हजार रूपये ले लिए और समय-समय पर उसके साथ जबरन उसकी इच्छा के विरूद्ध विडियो वायरल करने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया है, अब रूपये नहीं देने पर आरोपी युवक उसको विडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था, जिससे परेशान होकर उसने बुधवार को आत्महत्या करने का प्रयास किया तो महिला के पति व बच्चों ने बमुश्किल उसको बचाया तब उसने अपने साथ घटित घटना के बारे में अपने पति को बताया। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## सरकारी भूमि और तालाब कब्जामुक्त

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर जनपद में शासकीय भूमि को कब्जामुक्त कराने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीएम ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को सरकारी तालाबों, चकमार्गों और अन्य शासकीय भूमि से अवैध कब्जे हटाने के कड़े निर्देश दिए हैं।इसी क्रम में बुधवार को एसडीएम विकासचन्द्र के निर्देशन व नायब तहसीलदार शुभम के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम शाहपुर डसर में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने गाटा संख्या 278 में स्थित खाद के गड्ढों की करीब 5 बीघा सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। डीएम ने स्पष्ट किया है कि किसी भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा स्वीकार नहीं होगा और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



विलाप करती मां व परिजन।

**चंदौसी।** गांव मोहम्मद नगर कस्बा में बुधवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा मासूम अचानक रोने लगा। परिजन बाहर आए और उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने काफी प्रयास किया लेकिन उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

गांव निवासी दो वर्षीय अरहान पुत्र अरमान बुधवार की सुबह 11 बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक बहुत जोर-जोर से रोने लगा। अरहान की आवाज सुनकर परिजन बाहर आए, लेकिन यह जानकारी नहीं हो सकी वह क्यों रो रहा है। तत्काल उसे सीएचसी चंदौसी लेकर आए। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी मौत से मां फरमाना व परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। माना जा रहा है कि अरहान को किसी जहरीले की कीड़े ने काट लिया था। उसकी मौत हो गई। चिकित्सक ने सांप काटने वाला उपचार किया था लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। चिकित्सक देव्यांशु कुमार ने बताया कि मासूम का उपचार शुरू किया गया था, लेकिन पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

## वीरेंद्र यादव मेरे भाई जैसे थेः खन्ना

**शाहजहांपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव के निधन से जिले में शोक की लहर है। बुधवार को सूबे के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना दिवंगत नेता के आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।इस दौरान बेहद भावुक माहौल में मंत्री खन्ना ने कहा कि वीरेंद्र पाल सिंह यादव का निधन संगठन और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके सामाजिक योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और दुखी परिवार को इस संकट की घड़ी में संबल देने की प्रार्थना की।

# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व जिपं अध्यक्ष वीरेंद्र

**नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई**

जागरण मोर्चा कार्यालय



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना वीरेंद्र यादव को कंधा देते हुए।



शव यात्रा में शामिल वित्त मंत्री, सहकारिता मंत्री, सांसद व जनप्रतिनिधि। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पाल यादव बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव नियामतपुर में वैदिक रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई देने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। नम आंखों से लोगों ने अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा क्षेत्र गमगीन नजर आया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समर्थक और ग्रामीण मौजूद रहे। हर किसी की आंखें नम थीं। लोगों ने वीरेंद्र पाल यादव के निधन को जनपद के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने पार्थिव शरीर को कंधा दिया और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने नेता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वीरेंद्र पाल यादव के निधन की खबर के बाद से ही शाहजहांपुर में शोक की लहर थी। उनके आवास पर बुधवार तक लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़ ने उनके प्रति लोगों के जुड़ाव और सम्मान को भी जाहिर किया। अंतिम संस्कार को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए थे। गमगीन माहौल के बीच वैदिक रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इसके साथ ही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव पंचतत्व में विलीन हो गए।उनके अंतिम संस्कार के दौरान प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना सहकारिता मंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह सांसद अरुण सागर सलोना कुशवाहा चेतराम पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा राजेश यादव सपा नेता अनवर उल्ला खान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे ।

## छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बहजोई।** हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करने के लिए भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय की छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्राओं को तिरंगे के महत्व, गरिमा और सम्मान के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की स्वतंत्रता, एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसका सदैव सम्मान करे। अनुशासन के साथ आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

**सशक्तिकरण** जिला प्रशासन और स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के बीच गैर–वित्तीय एमओयू

# शून्य गरीबी अभियान को मिलेगी विश्वविद्यालय की ताकत

जागरण मोर्चा कार्यालय



एमओयू के दौरान कुलपति व अधिकारी।

**शाहजहांपुर।** प्रदेश में निर्धनतम परिवारों को गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकालकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित 'जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश अभियान' के साथ उच्च शिक्षण संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के साथ एक गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय इस अभियान में सहभागी बनकर चयनित निर्धन परिवारों से संवाद स्थापित करके उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विश्वविद्यालय इस अभियान के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों को गोद लेकर वहां के निर्धनतम परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का आकलन करेगा। परिवार के सदस्यों के रोजगार, मूलभूत सुविधाओं और अन्य आवश्यकताओं की वास्तविक स्थिति का अध्ययन कर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। विशेष रूप से युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण तथा रोजगार के साधन उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाएगा।सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत कमजोर निर्धनतम परिवारों को चिन्हित कर उन्हें अभियान के पोर्टल पर विशेष रूप से प्रदर्शित किए जाने की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धनतम परिवारों की प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रत्येक 3 माह में पोर्टल पर सबमिट की जाएगी। वहीं, जिला प्रशासन द्वारा अभियान के पोर्टल का एक्सेस, आवश्यक डाटा एवं रिपोर्टिंग फॉर्मेट उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा।विश्वविद्यालय द्वारा विशेष रूप से चिन्हित किए गए निर्धन परिवारों के मामलों को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाने तथा समय-समय पर उनकी समीक्षा एवं तकनीकी सहयोग की व्यवस्था भी जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की सामाजिक जिम्मेदारी को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की यह पहल शिक्षा के साथ-साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय की यह साझेदारी 'जीरो पॉवर्टी' के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इस मौके पर जिले के मुख्य विकास अधिकारी श्री उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री हरिवंश कुमार, विश्वविद्यालय के कुल सचिव श्री वीरेंद्र कुमार मौर्य, वित्त अधिकारी श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, प्रोफेसर प्रभात शुक्ला, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ अरुण कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# मेयर ने कार्यदायी फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के लिए जिलाधिकारी को लिखा पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सीएम ग्रिड योजना के तहत अहमद उल्ला शाह पार्क तिराहे से लिबास टेलर्स तिराहे तक बनाई जा रही महानगरीय सड़क की गुणवत्ता को लेकर महापौर अर्चना वर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने निर्माण कार्य को अधोमानक बताते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पत्र भेजा है। मेयर ने डीएम से अपने स्तर से तकनीकी परीक्षण समिति के माध्यम से निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने और रिपोर्ट के आधार पर कार्यदायी फर्म को ब्लैकलिस्ट कराने का आग्रह किया है। सीएम ग्रिड योजना के तहत इस मार्ग का निर्माण करीब छह करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। कार्य को 15 माह की निर्धारित अवधि में पूरा किया जाना था। इसका आदेश 15 अक्टूबर 2024 को जारी हुआ था, लेकिन निर्धारित अवधि में निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। निर्माण कार्य के लिए न्यूनतम निविदा राशि 467.54 लाख रुपये पर मैसर्स एसएस इन्फा जोन प्राइवेट लिमिटेड, निदेशक संगीता सिंह, औरंगाबाद जगीर, शहीद पथ, लखनऊ के पक्ष में निविदा स्वीकृत की गई थी। इसके बाद सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने लगीं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए महापौर ने मंगलवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मीडिया कर्मी भी मौजूद रहे। मौके पर सड़क के कुछ हिस्सों को कटर से काटकर मरम्मत किए जाने की स्थिति सामने आई। सीवर के कई मेनहोल के ढक्कन खुले मिले। कुछ स्थानों पर लगाए गए ढक्कन ओवरसाइज थे, जिससे राहगीरों के ठोकर लगने पर गिरने की आशंका बनी हुई थी। इसके अलावा नालियों में लगी जालियां कई स्थानों से गायब मिलीं। सड़क पर जगह-जगह जलभराव था। लिबास टेलर्स के पास सड़क में कई स्थानों पर दरारें भी साफ दिखाई दीं। निरीक्षण के दौरान कई जगह तारकोल और सीमेंट से मरम्मत किए जाने का कार्य चलता मिला। मेयर ने निरीक्षण में मिलीं सभी खामियों का ब्यौरा जिलाधिकारी को भेजते हुए तकनीकी परीक्षण समिति से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कार्यदायी फर्म के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट कराने का आग्रह किया है।



## गीता सार

यथा दीपो निवातस्थो नेंगते सोपमा स्मृता।
योगिनो यतचित्तस्य युञ्जतो योगमात्मनः ॥

भावार्थ : उदाहरण के लिए जिस प्रकार बिना हवा वाले स्थान में दीपक की लौ बिना इधर-उधर हुए स्थिर रहती है, उसी प्रकार योग में स्थित मनुष्य का मन निरंतर आत्मा में स्थित परमात्मा में स्थिर रहता है।

# मक्का पैक्ट

दुनिया के तीन सुन्नी मुस्लिम बहुल देश एक साथ आए हैं। पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की के बीच मक्का में सुरक्षा समझौता हुआ है। सिक्योरिटी पैक्ट के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी अटैक समझा जाएगा। यह करार कितना कारगर होगा, यह तो आने वाला वक्त बताएगा, लेकिन यह भारत के लिए चिंता का सबब है। पाकिस्तान बेस्ड आतंकवादियों का गर्भनाल सऊदी अरब और तुर्की से जुड़ता रहा है। पिछले साल दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर हुए धमाके के तार तुर्की से जुड़े थे। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों द्वारा सऊदी अरब से पैसे जुटाना कोई नई बात नहीं है। सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती रणनीतिक और सैन्य नजदीकी ने भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सामने आतंकवाद को लेकर नई चिंता खड़ी कर दी है। इस सुन्नी गठजोड़ के सैन्य प्रभावों के साथ-साथ भारत विरोधी आतंकी संगठनों की संभावित



गतिविधियों को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों के लिए सऊदी अरब और तुर्की में नेटवर्क विस्तार की संभावनाओं पर नजर रखना जरूरी होगा। दिल्ली में 10 नवंबर 2025 को लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर हुए आत्मघाती विस्फोट ने खतरे की गंभीरता को पहले ही उजागर कर दिया है। इस हमले में उमर उन नबी ने टीएटीपी विस्फोटक का इस्तेमाल कर खुद को उड़ा लिया था। हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 20 अन्य घायल हुए थे। जांच के दौरान सामने आया कि नबी और उसके सहयोगी मुजम्मिल शकील ने 2022 में अंकारा की यात्रा की थी। इस दौरान इन दोनों ने अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े अपने हैंडलरों से मुलाकात की थी। जिस स्थान को निशाना बनाने की बात सामने आई, वह चांदनी चौक स्थित गौरीशंकर मंदिर था। भारत के लिए तुर्की का आतंकवाद से जुड़ा संभावित संपर्क पहले भी चिंता का विषय रहा है। अगस्त 2022 में रूसी खुफिया एजेंसी ने एक ऐसे संदिग्ध आतंकी को हिरासत में लिया था, जिसे तुर्की में इस्लामिक स्टेट के एक आतंकी नेता ने भारत में आत्मघाती हमला करने के लिए कथित तौर पर भर्ती किया था। मध्य एशियाई मूल का यह व्यक्ति पहले ऑनलाइन कट्टरपंथ से जुड़ा और बाद में इस्तांबुल में आत्मघाती हमले की ट्रेनिंग ली। रूस ने इस मामले की सीमित जानकारी भारत के साथ साझा की थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का दूसरा पहलू पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की फंडिंग है। अतीत में लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के लिए सऊदी अरब में धन जुटाए जाने के मामले सामने आए हैं। हैदराबाद में जन्मे महमूद अहमद बहाजीक को सऊदी अरब में लश्कर के लिए धन जुटाने के आरोपों के चलते 2008 में संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवादी घोषित किया था।

# आकाशवाणी और दूरदर्शन की लोकप्रियता



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**

देश में रंगीन टेलीविजन प्रसारण शुरू होने के बाद से दूरदर्शन और आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। इसके परिणामस्वरूप निजी समाचार चैनलों का प्रभाव अत्यधिक बढ़ गया है। स्थिति यह बन गई है कि मानो सभी निजी समाचार चैनलों के बीच दिन की किसी एक चर्चित खबर को प्रमुखता देने की एक अनौपचारिक सहमति हो, जबकि अनेक बार राष्ट्रीय महत्व और व्यापक जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण खबरों की उपेक्षा कर दी जाती है। ऐसे में सबसे बेहतर उपाय यह होगा कि सभी टीवी चैनलों (निजी तथा दूरदर्शन) के लिए यह अनिवार्य किया जाए कि वे विशेष रूप से तैयार किए गए समाचार बुलेटिन का प्रसारण करें, जिसके तुरंत बाद दिन की किसी महत्वपूर्ण खबर पर विश्लेषणात्मक टिप्पणी प्रसारित की जाए। हिंदी समाचार बुलेटिनों के लिए यह प्रसारण रात्रि 8:30 बजे से 9:00 बजे तक तथा अंग्रेजी समाचार बुलेटिनों के लिए 9:00 बजे से 9:30 बजे तक हो।

इसके लिए वर्तमान समय (क्रमशः 8:45 बजे और 9:00 बजे) में थोड़ा परिवर्तन किया जाए ताकि मुख्य हिंदी समाचार बुलेटिन के तुरंत बाद 'सामयिकी' को वही प्रमुख स्थान मिले, जैसा वर्तमान में अंग्रेजी समाचार बुलेटिन के बाद 'स्पॉटलाइट' को प्राप्त है। साथ ही, उर्दू समाचार बुलेटिन का समय इस प्रकार निर्धारित किया जाए कि उसका 'स्पॉटलाइट' कार्यक्रम से टकराव न हो और उसे अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के समाचार बुलेटिनों के साथ प्रसारित किया जाए। आकाशवाणी के अन्य समाचार बुलेटिनों के समय में भी परिवर्तन किया जाना चाहिए ताकि हिंदी समाचार बुलेटिन अंग्रेजी समाचार बुलेटिन से पहले प्रसारित हों। उदाहरण के लिए, प्रातः 8:00 बजे हिंदी समाचार बुलेटिन, उसके बाद पांच मिनट का 'समाचार पत्रों की टिप्पणियां' कार्यक्रम, फिर 8:15 बजे अंग्रेजी समाचार बुलेटिन तथा 8:30 बजे क्षेत्रीय भाषाओं के समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएं। यह समझ से परे है कि जिस संस्थान का आधिकारिक हिंदी नाम 'आकाशवाणी' है, उसके लिए 'ऑल इंडिया रेडियो' और 'आकाशवाणी' जैसे दो अलग-अलग नाम क्यों प्रचलित हैं। यह सर्वविदित है कि व्यक्तिवाचक संज्ञाओं का अनुवाद नहीं किया जाता। इसलिए औचित्य यही है कि ब्रिटिश काल में दिया गया 'ऑल इंडिया रेडियो' नाम अब समाप्त कर दिया जाए और इस स्वायत्त सरकारी प्रसारक को केवल 'आकाशवाणी' के नाम से जाना जाए, ठीक उसी प्रकार जैसे 'प्रसार भारती' और 'दूरदर्शन' को अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं में भी उनके हिंदी नामों से ही जाना जाता है। यह तथ्य दर्ज है कि 26 जनवरी 1965 को, जब संविधान संशोधन के माध्यम से 'शैल' के स्थान पर 'में' शब्द अपनाया गया था, उस दिन अंग्रेजी समाचार बुलेटिनों में भी आल इंडिया रेडियो को 'आकाशवाणी' तथा प्रेसिडेंट, प्राइम मिनिस्टर और डिफेंस मिनिस्टर को क्रमशः 'राष्ट्रपति', 'प्रधान मंत्री' और 'रक्षा मंत्री' कहा गया था। जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद से सरकारी कार्यक्रमों में भी 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द का प्रयोग किया




इमेज

जाने लगा है। केवल भारतीय सशस्त्र बलों ने ही अपने मार्चिंग आदेशों में पहले से प्रचलित हिंदी शब्द-जैसे 'सावधान' और 'विश्राम' को बनाए रखा है, जो पहले 'अटेंशन' और 'स्टैंड एट ईज' के स्थान पर अपनाए गए थे। इसलिए अब समय आ गया है कि संविधान में संशोधन कर देश का एकमात्र आधिकारिक नाम 'भारत' रखा जाए और देश के दोहरे नाम की व्यवस्था समाप्त कर दी जाए। यह अत्यंत खेदजनक है कि प्रसार भारती राष्ट्रीय अभिलेखागार ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के एक आदेश के बाद पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के भाषण की ऑडियो रिकॉर्डिंग तो उपलब्ध करा दी, लेकिन विश्वप्रसिद्ध हिंदी समाचार वाचक देवकी नंदन पांडे द्वारा पढ़े गए महत्वपूर्ण समाचार बुलेटिनों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित नहीं रखी। देवकी नंदन पांडे इतने प्रतिष्ठित समाचार वाचक थे कि आकाशवाणी से सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्हें संजय गांधी के निधन का समाचार बुलेटिन पढ़ने के लिए विशेष रूप से बुलाया गया था। उनका चयन लगभग 3,000 अभ्यर्थियों की वॉयस टेस्ट प्रक्रिया के बाद हुआ था। वे अशोक बाजपेयी, शिव सागर मिश्र, विनोद कश्यप और रामानुज प्रसाद सिंह जैसे लोकप्रिय हिंदी समाचार वाचकों में शामिल थे। इसी प्रकार आकाशवाणी के पास अंग्रेजी के प्रसिद्ध समाचार वाचक मेली-विले-डीमेलो भी थे। दूरदर्शन पर भी हिंदी और अंग्रेजी के अत्यंत संतुलित एवं गरिमापूर्ण समाचार वाचक हुआ करते थे, जिन्हें आज भी पुरानी पीढ़ी याद करती है। इसके विपरीत आज अनेक निजी समाचार चैनलों के एंकर ऊंची आवाज, उत्तेजना और सनसनीखेज प्रस्तुति के लिए अधिक जाने जाते हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि 12 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। तेजी से विकसित होती तकनीक और टेलीविजन नेटवर्क के विस्तार के कारण रेडियो का महत्व अपेक्षाकृत कम हो गया है। फिर भी पुरानी पीढ़ी आज भी 'लहरें', 'सिबाका गीतमाला', 'हवा महल', 'आपकी पसंद', 'आपकी चिट्ठी मिली', बाल कार्यक्रम, रात्रिकालीन नाटक तथा अनेक अन्य लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रमों को स्नेहपूर्वक याद करती है। यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल 1930 को ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के इतिहास में एक ऐसा दिन आया, जब समाचार ही नहीं थे। उस दिन उद्घोषक ने नियमित समाचार बुलेटिन रद्द होने की घोषणा की और उसके स्थान पर पियानो संगीत प्रसारित किया गया। कई दशक पहले आकाशवाणी में भी एक समय समाचारों का अभाव हो गया था। तब प्रातःकालीन प्रमुख समाचार बुलेटिन में एक चूहे से संबंधित अत्यंत तुच्छ समाचार को असामान्य रूप से अधिक समय देकर प्रसारित किया गया। उस समाचार से ऐसा प्रतीत होता था मानो संवाददाता यह भी पहचान सकता था कि वह चूहा नर था या मादा। आज भी सोमवार को प्रकाशित होने वाले अधिकांश समाचारपत्र समाचार एजेंसियों पर निर्भर रहते हैं। इसका एक कारण यह है कि भारत में अधिकांश समाचार राजनीति से जुड़े होते हैं और शनिवार-रविवार की सरकारी छुट्टियों में राजनीतिक गतिविधियां अपेक्षाकृत कम रहती हैं। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के अधिकांश संवाददाताओं का साप्ताहिक अवकाश भी रविवार को होता है।

## श्रीरामचरितमानस



तहं पुनि संभु समुझि पन आपन।
बैठे बट तर करि कमलासन॥
संकर सहज सरुप सम्हारा।
लागि समाधि अखंड अपारा॥

भावार्थ : वहां फिर शिवजी अपनी प्रतिज्ञा को याद करके बड़ के पेड़ के नीचे पद्मासन लगाकर बैठ गए। शिवजी ने अपना स्वाभाविक रूप संभाला। उनकी अखंड और अपार समाधि लग गई॥

हरियाली तीज

# प्रेम और अटूट आस्था का दांपत्योसव

**आर. सी. शर्मा**

सावन की मनोहारी ऋतु में मनाया जाने वाला हरियाली तीज भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि प्रकृति, दांपत्य प्रेम, नारी-शक्ति और सामाजिक मेल-मिलाप का भी उत्सव है। इस साल हरियाली तीज का पर्व 15 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। यह पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पड़ता है। उदया तिथि के अनुसार इस वर्ष व्रत और पूजा 15 अगस्त को ही की जाएगी। हरियाली तीज का संबंध भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन से जुड़ा हुआ है। पौराणिक मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अनेक जन्मों तक कठोर तपस्या की थी। उनके अटूट संकल्प और भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया। इसी पावन मिलन की स्मृति में हरियाली तीज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की मंगलकामना के लिए व्रत रखती हैं। वहीं अविवाहित युवतियां योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए माता पार्वती की आराधना करती हैं। इस प्रकार यह पर्व प्रेम, समर्पण, धैर्य और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। हरियाली तीज भारतीय



लोकसंस्कृति का जीवंत उत्सव भी है। सावन की हरियाली और वर्षा ऋतु के आगमन का स्वागत इस पर्व के माध्यम से किया जाता है। गांवों और कस्बों में पेड़ों पर झूले डाले जाते हैं। महिलाएं हरे रंग के वस्त्र पहनती हैं, हाथों में मेहंदी रचाती हैं, सोलह श्रृंगार करती हैं और पारंपरिक तीज गीत गाती हैं। यह पर्व परिवार और समाज को जोड़ने का भी अवसर बनता है। विवाहिता बेटियों को मायके बुलाने की परंपरा कई क्षेत्रों में आज भी निभाई जाती है। उन्हें वस्त्र, मिठाइयां, श्रृंगार सामग्री और उपहार दिए जाते हैं, जिन्हें कई स्थानों पर सिंधारा कहा जाता है। इस परंपरा के माध्यम से पारिवारिक रिश्तों में अपनापन और स्नेह बना रहता है। हरियाली तीज मुख्य रूप से उत्तर और पश्चिम भारत के राज्यों में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। इनमें प्रमुख हैं- राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब और दिल्ली तथा हरियाणा। भारत के अलावा नेपाल के कुछ हिस्सों में भी तीज का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

## तिथि विशेष

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

हर वर्ष 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस दुनिया भर के युवाओं की भूमिका, उनकी प्रतिभा, चुनौतियों और भविष्य निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनकी ऊर्जा, रचनात्मक सोच, तकनीकी समझ और बदलाव को स्वीकार करने की क्षमता समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज का युवा केवल शिक्षा



और रोजगार तक सीमित नहीं है। वह विज्ञान, तकनीक, खेल, कला, उद्यमिता, राजनीति, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहा है। डिजिटल युग ने युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। इंटरनेट और आधुनिक तकनीक के माध्यम से युवा दुनिया भर के ज्ञान और अवसरों से जुड़ रहे हैं तथा अपने विचारों को वैश्विक मंच तक पहुंचा रहे हैं। हालांकि युवाओं के सामने कई चुनौतियां भी हैं। बेरोजगारी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी, कौशल विकास की आवश्यकता, मानसिक दबाव, नशे की समस्या और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग जैसी चुनौतियां उनके विकास को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में परिवार, शिक्षण संस्थानों, सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन, बेहतर शिक्षा और पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं। भारत के संदर्भ में युवाओं का महत्व और भी अधिक है। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है। बड़ी युवा आबादी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास की महत्वपूर्ण ताकत बन सकती है। इसके लिए युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगारपरक कौशल, तकनीकी ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता के अवसर प्रदान करना जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि युवा केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान के महत्वपूर्ण भागीदार हैं।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

# आजादी की रक्षक 79 महिलाएं

**वीना गौतम**

आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर यदि पूछा जाए कि 1947 से 2026 तक भारत की स्वतंत्रता की सबसे बड़ी ताकत क्या रही है? ...तो इस सवाल का जवाब केवल सेना, संविधान या लोकतांत्रिक संस्थाएं भर नहीं होगा। इस उत्तर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वे भारतीय महिलाएं भी हैं, जिन्होंने जंग-ए-आजादी में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया और आजाद भारत को मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने में जी जान से अपना योगदान दिया। इसलिए आजादी की इस 79वीं वर्षगांठ पर अन्य महत्वपूर्ण चीजों के साथ महिलाओं के इस महती योगदान को याद करना भी जरूरी है, जिनके साहस, नेतृत्व, ज्ञान और समर्पण ने भारत की आजादी को केवल सुरक्षित ही नहीं रखा बल्कि उसे नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी किसी औपचारिक उपस्थिति तक सीमित नहीं थी। रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्धभूमि में उतरकर अद्भुत वीरता दिखायी थी। बेगम हजरत महल ने अवध में अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी। सरोजनी नायडू ने गांधीजी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी और महिलाओं को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ा था। इसी तरह अरुणा आसफ अली ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में तिरंगा फहराकर पूरे देश में नई ऊर्जा का संचार किया था। उषा मेहता ने भूमिगत रेडियो के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन की आवाज को देशभर में पहुंचाया था, तो कस्तूरबा गांधी, सुचेता कृपलानी, दुर्गा भाभी, मातंगिनी हाजरा, कैप्टल लक्ष्मी सहगल, भीकाजी कामा, प्रीतिलता वाडेदार, श्रीमति एनी बेसेंट, कल्पना दत्त जोशी, कनकलता बरुआ, रानी गैदिन्ल्यू, झलकारी बाई, अवंतीबाई लोधी, वेलु नाचियार, तारारानी श्रीवास्तव, दुर्गाबाई देशमुख, कमलादेवी चट्टोपध्याय, विजय लक्ष्मी पंडित और राजकुमारी अमृत कौर जैसी अनेक महिलाओं ने यह साबित किया कि आजादी केवल पुरुषों का संघर्ष नहीं था बल्कि उसमें भारत की बेटियों की भी बराबर की हिस्सेदारी थी। आजादी के बाद अगर हम देश की राजनीति और फलते-फूलते लोकतंत्र की बात करें तो इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, जयललिता, द्रोपदी मुर्मू, मायावती, ममता बनर्जी, वसुंधरा राजे और निर्मला सीतारमण उन महिलाओं में शामिल हैं,जिन्होंने न केवल देश की संवैधानिक राजनीति को शिखर तक पहुंचाया बल्कि अपने संवेनशीलता और समावेशी सोच से लोकतंत्र को उदार और मजबूत बनाया। इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में कठिन अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया। बाद में प्रतिभा पाटिल और द्रोपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च नागरिक पद यानी राष्ट्रपति पद की कुर्सी संभालकर देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद को गरिमा दी। अगर न्याय, प्रशासन और पुलिस क्षेत्र की बात करें तो आजादी के इन 79 सालों में एक से बढ़कर एक महिलाएं इस क्षेत्र को अपने ज्ञान और कर्तव्य से मजबूत किया है। इनमें प्रमुख हैं- फातिमा बीबी, लीला सेठ, जस्टिस आर.बनुमति, जस्टिस इंदु मल्होत्रा, किरण बेदी, अन्ना राजम मल्होत्रा, अरुणा सुंदरराजन और दूर्वा बनर्जी। इन सब महान शख्सियतों ने देश के लोकतंत्र में चार चांद लगाया है। फातिमा बीबी, सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनी, तो उनके बाद अनेक महिला न्यायाधीशों ने न्याय व्यवस्था में संवेदनशीलता और समानता की नई मिसालें स्थापित कीं। अन्य क्षेत्रों की तरह विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में भी पिछले 79 साल में एक से बढ़कर एक महिलाओं ने इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। डॉक्टर टेसी थामस को मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया कहा जाता है। डॉक्टर रितु करिधल, नंदिनी हरिनाथ, मुथैया वनिता जैसी इसरो की महिला वैज्ञानिकों ने मंगलयान, चंद्रयान और अन्य अंतरिक्ष अभियानों की सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया है। लेकिन विज्ञान और अंतरिक्ष तथा रक्षा के क्षेत्रों में इतने ही नाम नहीं हैं और भी अनेक विभूतियां हैं, जिन्होंने पिछले 8 दशकों में देश का गौरव बढ़ाया है। इनमें अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, महिला फाइटर पायलटों में शामिल होकर नई पीढ़ी को प्रेरित करने वाली अवनी चतुर्वेदी, भावना कांत और मोना सिंह, अपने आपमें देशभक्ति की जीवंत कहानी हैं। इसी क्रम में पुनिता अरोड़ा और माधुरी कानिटकर भी देश की रक्षा क्षेत्र में अपने अहम योगदान के लिए जानी जाती हैं। अगर खेल जगत की बात करें तो पीटी उषा, कर्णम मल्लेश्वरी, साइना नेहवाल, पीवी सिंधू, मैरी कॉम, साक्षी मलिक, मीराबाई चानू, लवलीना बोरगोहेन, दीपा करमाकर, मिथाली राज और हरमनप्रीत कौर ये वो नाम हैं, जिन्होंने खेल के आसमान में भारत की चमक बिखेरी है। खेल जगत में इन महिलाओं ने भारतीय तिरंगे को हमेशा ऊंचा रखा है। अगर बात शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में इन 79 वर्षों में महिलाओं के योगदान की करें, तो यहां भी महान योगदान देने वाली महिलाओं की कमी नहीं है। जहां शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महिलाओं द्वारा सावित्रीबाई फुले की विरासत को पूरी शिद्दत के साथ आगे बढ़ाया गया है, तो वहीं स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाईयां देने वाली इला भट्ट जैसी शख्सियतें भी मौजूद हैं।

## वायरल

### 40 की उम्र में गई नौकरी, तो बंदा बोला- 'भैया, लेऑफ के तो बड़े फायदे

अक्सर करियर के बीच में नौकरी छूट जाना किसी झटके से कम नहीं होता। लेकिन सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति ने इस पूरी सिचुएशन को एक बिल्कुल अलग नजरिए से देखा है। 18 साल तक कॉर्पोरेट की दुनिया में लीडरशिप रोल निभाने वाले इस शख्स का मानना है कि 40 की उम्र में लेऑफ होना असल में एक बड़ा



रीसेट बटन दबाने जैसा है, जिससे आंखें खुल जाती हैं। जब आपकी नौकरी की सैलरी क्रेडिट होने का मैसेज आना बंद होता है, तब असली और नकली रिश्तों का फर्क समझ आता है। जो लोग वाकई आपके दोस्त हैं, वे आपको चाय-कॉफी पर बाहर ले जाएंगे, आपका हाल-चाल पूछेंगे। वहीं दूसरी तरफ सिर्फ औपचारिकता निभाने वाले लोग एक लाइन का 'सो सॉरी' मैसेज भेजकर गायब हो जाते हैं। इस शख्स के मुताबिक, अचानक इनकम बंद होने से इंसान फालतू के खर्चों पर तुरंत लगाम लगा लेता है। तीसरा और सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे काम के प्रति आपकी सोच हमेशा के लिए बदल जाती है।




## X का एक्सरे

हम अपना रुख नहीं बदल रहे हैं। शुरुआत से हमारा रुख एक जैसा रहा है। हमारे तीन स्पष्ट मुद्दे हैं। पहला मुद्दा छात्रों पर लाठीचार्ज और गोलीबारी का है। हम जानना चाहते हैं कि आदेश किसने दिया और यह कैसे हुआ। हम इस पर सदन में बयान चाहते हैं। दूसरा मुद्दा 'चढ़ावा चोरी' का है और तीसरा सरकार से माफी की मांग है।



**मल्लिकार्जुन खरगे**

एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधनों को व्यापक जांच के लिए संसदीय समिति के पास भेजा जाए। संबंधित हितधारकों के प्रतिनिधियों को विचार रखने का मौका दिया जाए। कानून में प्रस्तावित बदलावों से चर्चों और ईसाई धर्मार्थ संगठनों पर बोझ बढ़ सकता है तथा राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम प्रभावित हो सकते हैं।



**नेफ्यू रियो**

राहुल गांधी की हमेशा से आदत रही है कि वो सदन में जवाब नहीं सुनना चाहते हैं। गृह मंत्री अमित शाह हर विषय पर जवाब देने को तैयार हैं लेकिन कांग्रेस, इससे भाग रही है। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वो सदन में चर्चा से भागती है। राहुल गांधी के कान पूरी तरह से बंद हैं। रांची के छात्रों की गूंज उन्हें सुनाई नहीं दे रही है।



**सुधांशु त्रिवेदी**

सचिन पाजी का सबसे पहले फोन आया। मैंने उनसे कहा कि मैं बिना किसी पछतावे के संन्यास ले रहा हूं और इसे खींचना नहीं चाहता था। इरफान पठान ने भी फोन किया, जबकि पुजारा, विराट, रोहित और बुमराह ने मुझे संदेश भेजे। मैंने सभी से यही कहा कि मैं संतुष्ट हूं, क्योंकि मैंने खेल को अपना सब कुछ दिया।



**अजिंक्य रहाणे**



## एक नजर

### तीन पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी

लखनऊ (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले तीन खिलाड़ियों के लिए योगी सरकार ने सरकारी सेवा के दरवाजे खोल दिए हैं। वर्ष 2022 के 19वें एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने वाले धावक अजय कुमार सरोज, नितिश कुमार और नीरज को अब सीधे जिला युवा कल्याण अधिकारी के पद पर नियुक्त किया जाएगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक में इन तीनों एथलीटों की नियुक्ति पर अंतिम सहमति दे दी गई। बैठक में खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों और प्रदेश का मान बढ़ाने में उनके योगदान को सराहा गया। मुख्य सचिव ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं कि नियुक्ति से जुड़ी सभी प्रशासनिक औपचारिकताएं बिना किसी विलंब के निर्धारित समयसीमा में पूरी की जाएं।

# यूपी में बनेगी पांच नई जेलें

## अगले साल तक बढ़ जाएगी तीन हजार कैदियों को रखने की क्षमता

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की जेलों में कैदियों को बेहतर सुविधाएं देने और बैरकों में क्षमता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार पांच नई जेलों का निर्माण करा रही है। अगले वर्ष तक इन जेलों के शुरू होने से राज्य में तीन हजार से अधिक अतिरिक्त बंदियों को रखने की क्षमता बढ़ जाएगी। सरकार ने भदोही, कानपुर नगर, मुरादाबाद, ललितपुर और औरैया में बनने वाली इन जेलों के लिए 514 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है। गृह विभाग को अगले साल तक निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जून में हुई कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को मंजूरी मिली थी। इसके तहत मुरादाबाद में 386.92 करोड़ की लागत



से 2000 क्षमता वाली नई जेल बनेगी, जबकि ललितपुर में 225.06 करोड़ से 552 बंदियों की क्षमता वाली जेल का निर्माण होगा।

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की जेलों में बंदियों के दबाव को कम करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए पांच जिलों में नई आधुनिक जेलों का निर्माण करा रही है। अगले वर्ष तक इन जेलों का निर्माण पूरा होने के बाद राज्य में कुल 3,031 बंदियों को रखने की अतिरिक्त क्षमता बढ़ जाएगी। इस महात्वाकांक्षी परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए सरकार ने 514.54 करोड़ रुपये की पहली किश्त भी जारी कर दी है। परियोजना के तहत कानपुर नगर में 384.05 करोड़ रुपये की लागत से नई जेल बनेगी, जिससे वहां बंदियों की क्षमता 1,245 से बढ़कर 2,030 हो जाएगी। इसके निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 134.41 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। वहीं, औरैया में 262.96 करोड़ रुपये की लागत से 60.07 एकड़ भूमि पर 1,056 बंदियों की क्षमता वाली जेल तैयार की जा रही है, जिसके लिए 92.73 करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए हैं। भदोही जिले में वर्तमान जेल की क्षमता महज 163 बंदियों की है। यहाँ 209.18 करोड़ रुपये की लागत से 574 बंदियों की क्षमता वाली नई जेल बनेगी, जिसके लिए 73.21 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। इसके अतिरिक्त, मुरादाबाद जेल के लिए 135.42 करोड़ और ललितपुर जेल के लिए 78.77 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी की गई है। ललितपुर में वर्तमान क्षमता 257 की है। गृह विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अगले वर्ष तक सभी निर्माण कार्य पूरे कर इन जेलों को सक्रिय किया जाए, ताकि मौजूदा जेलों का भार कम हो सके।

# योगी सरकार ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए जारी किए 3.81 करोड़

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा का स्तर सुधारने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बड़ी पहल की गई है। राज्य सरकार ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षकों को जरूरी अकादमिक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु 3.81 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय मंजूरी दी है। इस बजट से प्रदेश के सभी 75 जिलों में कक्षा 1 से 5 तक के हिंदी और गणित के शिक्षकों के लिए विशेष संदर्शिका (टीचर गाइड) और 'शिक्षक डायरी' छापी व वितरित की जाएगी। राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय (समग्र शिक्षा) ने इसके मुद्रण के लिए 172.35 लाख, शिक्षक डायरी के लिए 152.91 लाख और परिवहन के लिए 13.27



लाख रुपये आवंटित किए हैं। यह संदर्शिका शिक्षकों को दैनिक पाठ्य योजना बनाने और पाठ्यपुस्तकों की विषयवस्तु बच्चों को आसानी से समझाने में मदद करेगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा में सुधार के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। कक्षा 6 से 8 तक के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (KGBV) के शिक्षकों के लिए 'लर्निंग एनहांसमेंट प्रोग्राम' (LEP) मद में 42.61 लाख रुपये की अलग से लिमिट जारी की गई है। इस राशि से उच्च प्राथमिक शिक्षक अपनी कक्षाओं के लिए अतिरिक्त टीएलएम (TLM) और अकादमिक सामग्री जुटा सकेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने सभी जिलों को सत्र शुरू होने से पहले संदर्शिका और शिक्षक डायरी का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वित्तीय पारदर्शिता के लिए पीएफएमएस (PFMS) कोड का पालन अनिवार्य किया गया है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार का प्रयास शिक्षकों को हर स्तर पर अकादमिक सहयोग देना है, जिससे प्रदेश के करोड़ों बच्चों का शैक्षणिक स्तर सुधरेगा।

# भाजपा नेता पर अपशब्दों के इस्तेमाल का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



भाजपा नेता पर अपशब्दों के इस्तेमाल करने पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।

खटीमा। एकलव्य विद्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर चल रहे थारु राणा परिषद के कार्यकर्ताओं के धरना विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता द्वारा की गयी अभद्र टिप्पणी को लेकर थारु जनजाति समाज में आक्रोश है। इसके विरोध में राणा थारु परिषद के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को नाम दर्ज ज्ञापन सौंपकर भाजपा नेता के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

राणा थारू परिषद से जुड़े बड़ी संख्या में एकत्रित लोगों ने ज्ञापन सौंपकर एकलव्य विद्यालय प्रबंधन की अवस्थाओं को लेकर विद्यालय के छात्र एवं उनके अभिभावक अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान यहां पहुंचे एक भाजपा नेता ने एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य को सरकार द्वारा अन्यत्र अटैच करने के बाद कहा कि हम शौचालय क्यों साफ करेंगे। मैं जनजाति का व्यक्ति नहीं हूं। मैं जनरल केटेगरी का हूं। भाजपा नेता की इस टिप्पणी पर राणा थारु परिषद के लोगों की भावना को ठेस पहुंची है। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान राणा थारु परिषद अध्यक्ष दान सिंह राणा (मम्मा), युवा मंच अध्यक्ष बयान सिंह राणा, ग्राम प्रधान समीर राणा, विनश राणा, रामकिशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश राणा उपाध्यक्ष, कृष्णा देवी, जितेंद्र देवी, जमुना देवी, ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह राणा, कुलदीप सिंह राणा, जमुना देवी, अशोक राणा, सुबोध राणा, विधायक प्रतिनिधि गौरव राणा, राज कपूर राणा, दीपक राणा, शमशेर वती, सुरेंद्र राणा, सतपाल राणा, शिव राणा, बब्लू राणा, अर्जुन राणा, मोहित राणा, सूरज राणा, मिथुन राणा, दीवान राणा, शशि कपूर आदि सम्मिलित थे।

## प्लॉट पर बैंक दावेदारी की जांच की मांग

खटीमा। ग्राम पचपेड़ा निवासी इकरामुद्दीन ने और उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर 12 वर्ष पूर्व लिए गए प्लांट में पंजाब नेशनल बैंक की दावेदारी की जांच पड़ताल की मांग की है। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण को सौंपते हुए कहा है कि उसके द्वारा ग्राम पचपाड़ में 12 साल पूर्व 4.65 लाख में एक प्लांट लिया गया था। प्लाट की रजिस्ट्री बैनामा उसे पक्ष में है, लेकिन वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा द्वारा उस प्लांट में लोन अथवा जमानती बताकर उसके नीलामी की धमकी दी जा रही है। बैंक के इस प्रयास से वह परेशान है। उसके द्वारा न कभी बैंक से लोन लिया गया है और नहीं किसी व्यक्ति की जमानत दी है। पीड़ित ने मामले की जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# लखनऊ एयरपोर्ट व स्टेशनों पर सुरक्षा सख्त

लखनऊ (एजेंसी)। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजधानी लखनऊ के प्रमुख रेलवे स्टेशनों और चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय (अमौसी) एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। आतंकी खतरों और संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट जारी किया है।

इसके तहत लखनऊ एयरपोर्ट पर आगामी 28 अगस्त तक विजिटर पास (अतिथि पास) जारी करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सुरक्षा जांच में लगने वाले अतिरिक्त समय को देखते हुए विमानन कंपनियों और रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को निर्धारित समय से काफी पहले पहुंचने की विशेष एडवाइजरी जारी की है। हाल ही में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। लखनऊ के चारबाग स्टेशन, लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग, बादशाहनगर और गोमतीनगर स्टेशनों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। एसपी रेलवे रोहित मिश्र ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए जीआरपी की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस टीम के जवान सादे कपड़ों में चारबाग रेल आरक्षण केंद्र, पार्सल घर, रेल डाक सेवा (आरएमएस) और प्लेटफॉर्मों पर तैनात रहकर संदिग्धों पर नजर रख रहे हैं।इसके साथ ही आरपीएफ कंट्रोल रूम में भी जवानों की संख्या बढ़ाई गई है, ताकि सीसीटीवी कैमरों के जरिए चप्पे-चप्पे की लाइव मॉनिटरिंग की जा सके। चारबाग के कैबवे की तरफ खुलने वाले रास्तों पर आरपीएफ का कड़ा पहरा है। बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और श्वान दस्ता (डॉग स्क्वायड) लगातार ट्रेनों, पार्सल घरों और संवेदनशील हिस्सों में सघन चेकिंग अभियान चला रहे हैं।

यार्ड में मेंटनेंस के लिए जाने वाली ट्रेनों की भी कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है। दूसरी तरफ, लखनऊ एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और स्थानीय पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। एयरपोर्ट के बाहरी परिसर से लेकर रनवे और भीतरी हिस्से तक सघन तलाशी ली जा रही है। वाहनों की चेकिंग के बाद ही उन्हें परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी लावारिस वस्तु को छूने से बचें और तुरंत सुरक्षाकर्मियों को सूचित करें।

# एसआईआर में परिवार के नाम मतदाता सूची से हटाने का आरोप, तहसीलदार से जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। अमाऊं क्षेत्र के एक परिवार ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार खटीमा से मामले की जांच कराने और नाम पुनः दर्ज कराने की मांग की है। इस संबंध में तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया गया।

शिकायती पत्र के अनुसार, परिवार के सदस्यों के नाम पूर्व में भाग संख्या-13,70, खटीमा, अमाऊं, वार्ड संख्या-5 की मतदाता सूची में दर्ज थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, वर्तमान में एसआईआर के बाद संबंधित नाम भाग संख्या-14,70, खटीमा, अमाऊं की सूची में भी दर्ज नहीं मिल रहे हैं। परिवार का कहना है कि उसके सदस्यों के नाम लंबे समय से मतदाता सूची में दर्ज हैं। शिकायत में एक सदस्य का नाम वर्ष 1998 से लगातार मतदाता सूची में दर्ज होने और उसके पास मतदाता पहचान पत्र होने का भी उल्लेख किया गया है। परिवार के अनुसार सदस्य लंबे समय से क्षेत्र में निवास कर रहे हैं और मतदान करते आ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान संबंधित बीएलओ द्वारा घर पहुंचकर उचित सत्यापन नहीं किया गया। एसआईआर के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराए जाने पर परिवार ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपा था। इसके बावजूद बाद में मतदाता सूची की जांच करने पर परिवार के सदस्यों के नाम सूची में नहीं मिले। परिवार का आरोप है कि बिना उचित सूचना अथवा स्पष्ट कारण बताए नाम हटाए गए हैं। परिवार ने तहसीलदार से पूर्व और वर्तमान मतदाता सूचियों का मिलान कराने, संबंधित बीएलओ से रिपोर्ट लेने, एसआईआर प्रक्रिया में किए गए सत्यापन की जांच करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम पुनः मतदाता सूची में दर्ज कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने कहा कि परिवार के सदस्यों के पास पूर्व से मतदाता पहचान पत्र और मतदाता सूची में दर्ज होने का रिकॉर्ड मौजूद है। ऐसे में नाम हटाए जाने की प्रक्रिया की जांच आवश्यक है, ताकि पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न हों।

## यूपी में मानसून सक्रिय, भारी बारिश का अलर्ट

लखनऊ (एजेंसी)। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मानसून एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई, जिसमें बिजनौर जिला 15 सेंटीमीटर वर्षा के साथ शीर्ष पर रहा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि 14 से 18 अगस्त के बीच वाराणसी समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अच्छी बारिश होगी। इसके साथ ही, 13 से 18 अगस्त के दौरान पूर्वी यूपी के कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

# सरस्वती एकेडमी में दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय




खटीमा। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सरस्वती एकेडमी, बिगराबाग में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तहसील खटीमा की ओर से विशेष विधिक एवं सामाजिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों, नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, मोहम्मद अमानत हुसैन और विमला देवी मुंडेला ने पैरा लीगल वालंटियर्स की टीम के साथ विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विद्यार्थियों को अनजान क्यूआर कोड स्कैन न करने, किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करने और ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। वहीं स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों को घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और उससे होने वाली सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के जरिए लोगों को नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। समापन पर विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल और प्रधानाचार्य रामयश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम, पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर्स का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

# उप जिलाधिकारी का घिराव कर एसआईआर में गड़बड़ियों की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसआईआर में गड़बड़ियों को लेकर उप जिलाधिकारी से मिलते कांग्रेसी।

- जिन नामों से आपत्तियां लगी हैं उन्हें पता नहीं की आपत्ति लगी है
- भाजपा के इशारे पर प्रदेश भर में वोट काटने का कार्य चल रहा है : विधायक कापड़ी

खटीमा। खटीमा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर कार्रवाई के तहत एक हजार फॉर्म - सात ऑफलाइन तहसील में जमा होने के मामले में कांग्रेसियों ने उप जिलाधिकारी तुषार सैनी का घिराव किया। उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में ऑफलाइन फॉर्म- सात गुपचुप तरीके से तहसील में कैसे पहुंच गए। जबकि फॉर्म जमा होने के मामले में आर.के. जगमोहन त्रिपाठी सहित एसडीएम स्टेनो मनीष पंत ने अनभिज्ञता व्यक्त की। कांग्रेसियों ने इस मामले को भाजपाईयों का षड्यंत्र बताया। उन्होंने उप जिलाधिकारी तुषार सैनी से ऑफलाइन आपत्तियों के जरिए होने वाली गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने की मांग की। जिस पर एसडीएम सैनी ने उचित कार्रवाई कर निष्पक्षता का भरोसा दिलाया।

क्षेत्रीय विधायक भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय पर एक घंटे इंतजार कर एसडीएम सैनी का घिराव किया और उनके कार्यालय पहुंचने पर विधायक कापड़ी ने कहा कि एसआईआर की कार्रवाई के तहत पहले ऑनलाइन फॉर्म - सात के माध्यम से आपत्ति दर्ज होने पर रात 12:00 बजे तक अपडेट होकर फॉर्म 10 में दर्ज हो जाती थी। इस कार्रवाई के तहत आपत्तियां दर्ज करने वाले व्यक्ति का नाम स्पष्ट होता था और उनकी जानकारी रिकॉर्ड में आपत्तिकर्ता को मिल जाती थी। लेकिन अब बड़ी संख्या में ऑफलाइन आपत्तियां दर्ज की जा रही है। जिसकी जानकारी आपत्ति कर्ता को नहीं मिल रही है। विधायक कापड़ी ने एसडीएम सैनी के समक्ष उन लोगों को प्रस्तुत किया जिनके नाम से आपत्तियां दर्ज की गई हैं। लेकिन आपत्ति लगाने की जानकारी उस व्यक्ति को नहीं है। उन हालातों में ग्रामीण क्षेत्रों में अपरा– तफरी, भ्रम व तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। विधायक कापड़ी ने कहा कि जिस व्यक्ति के नाम से आपत्ति लगाई गई है। उनको पता नहीं है कि उनके नाम से आपत्ति लगी है इस तरीके से नाम काटे जाने का विरोध किया गया तो तब तक करीब एक हजार फॉर्म -7 ऑफलाइन तहसील में पहुंच चुके थे। इसके विरोध में कांग्रेस की तहसील पहुंचे और मामले की पूछताछ में लगे रहे। विधायक कापड़ी ने सवाल किया कि एक हजार ऑफलाइन फॉर्म जमा करने के लिए करीब सैकड़ों लोग पहुंचे होंगे। लेकिन मौके पर इन फॉर्म को रिसीव करने वाले का पता नहीं चला। विधायक कापड़ी ने इस मामले की सीसीटीवी फुटेज की भी मांग की। विधायक कापड़ी ने एसडीएम सैनी से स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग का खटीमा के लिए अलग व्यवस्था नहीं हो सकती। उन्होंने चेताया कि चुनाव सहित अन्य जन सरोकार के मामलों में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर पार्टी की नजर है। संविधान के दायरे में रहकर कार्य करना अच्छा रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश भर में भाजपा के संरक्षण में वोट काटने की साजिश चल रही है। भाजपा के इस मंसूबे को कांग्रेसी किसी भी स्थिति में सफल नहीं होने देंगी। एसडीएम तुषार सैनी ने आश्वस्त किया कि वह किसी भी स्थिति में गड़बड़ी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा आपत्ति लगाना हमारा काम है। इसको वेरीफाई करना जरूरी है। इसके जानकारी भी तत्काल हो जाएगी। नोटिस जारी होने के 15 दिन बाद यह कार्रवाई होगी। एसआईआर की कार्यवाही में पूर्ण रूप से प्रदर्शिता रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर, मोहम्मद ताहिर, नरेंद्र आर्य, राज किशोर सक्सेना, नवीन जोशी, विनोद चंद, रोहित, पंकज टम्टा, दीपक चंद, नीरज कन्याल, उमेश चंद, उमेश प्रजापति, दीपक मुंडेला, हिमांशु भट्ट, गुलफाम रजा आदि मौजूद थे।

# 19 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खटीमा पुलिस ने एक व्यक्ति को करीब 19 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को बुधवार सुबह करीब 6:25 बजे लोहियाहेड रोड रेलवे पटरी पार अमाऊं क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेंद्र सिंह (45) पुत्र स्व. लाखन सिंह, निवासी लोहियाहेड रोड रेलवे पटरी पार अमाऊं, थाना झनकईया, जिला ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में की गई कार्रवाई में बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल मोहन सिंह बोरा, कांस्टेबल ललित सिंह बिष्ट और पीआरडी जवान श्याम सिंह शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com








# तिरंगों के सैलाब से गूंजा बरखेड़ा, राष्ट्रभक्ति के रंग में डूबा विधानसभा क्षेत्र

## मचवाखेड़ा से नगरा चौराहे तक उमड़ा जनसैलाब, बरखेड़ा और गजरौला मंडल की तिरंगा यात्राओं में हजारों लोगों ने लिया हिस्सा, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर ग्रामीणों ने किया यात्रा का स्वागत; युवाओं और महिलाओं में दिखा खासा उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत/बरखेड़ा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का ऐसा रंग देखने को मिला, जिसने स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के उत्साह से सराबोर कर दिया। महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नेतृत्व में बरखेड़ा और गजरौला मंडल में निकाली गईं विशाल तिरंगा यात्राओं में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज और जुबां पर भारत माता के जयघोष के साथ निकला जनसैलाब जहां-जहां से गुजरा, वहां माहौल पूरी तरह देशभक्तिमय हो गया। तिरंगा यात्राओं में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए लोग पूरे उत्साह के साथ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। यात्रा के दौरान लोगों में देश के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना साफ दिखाई दी।



बरखेड़ा में निकली तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज लेकर आगे बढ़ते महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज और बड़ी संख्या में शामिल क्षेत्रवासी। -जागरण मोर्चा



तिरंगा यात्रा में बाइक सवारों का जोश—हाथों में लहराते राष्ट्रध्वज के साथ यात्रा में शामिल युवा और कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा



बरखेड़ा क्षेत्र की सड़क पर तिरंगों के साथ निकला बाइक सवारों का काफिला, राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजता रहा माहौल। -जागरण मोर्चा

बरखेड़ा मंडल की तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मचवाखेड़ा से हुआ। यहां से यात्रा नकटा, बरखेड़ा नगर, भोपतपुर, प्रताप डांडी, भैरो नगरी, मसीद, दौलतपुर, असिर्याबोझ और आमडार होते हुए नगरा चौराहे पर पहुंची। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई, इसमें शामिल होने वालों की संख्या भी बढ़ती चली गई। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीण पहले से ही तिरंगा यात्रा के स्वागत के लिए मौजूद रहे। यात्रा के पहुंचते ही लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और भारत माता के जयकारे लगाए। कई स्थानों पर बच्चों और युवाओं में तिरंगा हाथ में लेकर यात्रा का हिस्सा बनने को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। बुजुर्ग और महिलाएं भी बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुईं। पूरे मार्ग में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत कर दिया।

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गजरौला मंडल में भी विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल के विभिन्न ग्रामों से होकर गुजरी यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर लोग पूरे उत्साह के साथ यात्रा में चलते रहे। यात्रा के मार्ग पर जगह-जगह राष्ट्रीय ध्वज लहराते नजर आए। देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने यात्रा के प्रति उत्साह दिखाया और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### बच्चों और युवाओं में दिखा खास उत्साह

तिरंगा यात्राओं में बच्चों और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे बच्चों के चेहरों पर उत्साह और युवाओं में राष्ट्रभक्ति का जोश देखते ही बन रहा था। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मचवाखेड़ा से लेकर बरखेड़ा नगर और आगे गजरौला मंडल तक जगह-जगह तिरंगे की छटा दिखाई दी। ग्रामीणों द्वारा किए गए स्वागत ने यात्रा के उत्साह को और बढ़ा दिया। मचवाखेड़ा से गजरौला मंडल तक लहराते तिरंगे, गूंजते भारत माता के जयघोष और उमड़े जनसैलाब ने स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का माहौल बना दिया। तिरंगा यात्राओं ने एक स्पष्ट संदेश दिया देश सर्वोपरि है, राष्ट्रहित सर्वोच्च है और तिरंगा प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव एवं सम्मान का प्रतीक है।

इससे स्पष्ट नजर आया कि हर घर तिरंगा अभियान अब केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी और राष्ट्रप्रेम का व्यापक अभियान बन चुका है।

तिरंगा यात्राओं में जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह गंगवार, जिला मंत्री अमित कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष ठाकुर कपिल सिंह सहित मंडल की पूरी टीम, बूथ अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं और आमजन के उत्साह के कारण दोनों मंडलों में यात्रा का स्वरूप बेहद व्यापक नजर आया। यात्रा में शामिल लोग पूरे जोश के साथ राष्ट्रीय ध्वज लेकर आगे बढ़ते रहे। स्वतंत्रता दिवस से पहले निकली इन यात्राओं ने ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में देशभक्ति का वातावरण तैयार कर दिया।

समापन अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। इसके तीन रंग देश की विविधता, साहस, शांति और समृद्धि का संदेश देते हैं, जबकि अशोक चक्र प्रत्येक नागरिक को निरंतर कर्म, गति और प्रगति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने के लिए असंख्य वीरों ने अपना जीवन न्योछावर किया। स्वतंत्रता हमें लंबे संघर्ष और बलिदानों के बाद मिली है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह आजादी के महत्व को समझे और देश की एकता, अखंडता तथा सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को केवल घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने तक सीमित नहीं रखना चाहिए। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम, देश के प्रति जिम्मेदारी और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। देश के प्रति सम्मान केवल किसी विशेष दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्रहित को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। युवा राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं, अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और समाज में एकता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जब देशवासी जाति, क्षेत्र और अन्य भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे, तभी भारत और अधिक मजबूत बनेगा। युवाओं को देश की प्रगति के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है

### 'यह भीड़ नहीं, राष्ट्र के प्रति विश्वास की ताकत है'

तिरंगा यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ को लेकर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बरखेड़ा की धरती पर उमड़ा यह जनसैलाब केवल लोगों की भीड़ नहीं है, बल्कि देश के प्रति लोगों की भावना, आस्था और विश्वास की ताकत है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रगौरव के पर्व के रूप में मनाने का आह्वान किया।

# विश्व हाथी दिवस पर गूंजा संरक्षण का संदेश, विद्यार्थियों ने जाना हाथियों का महत्व

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व, वन एवं वन्यजीव प्रभाग और डब्लू डब्लू एफ-इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** विश्व हाथी दिवस 2026 के अवसर पर हाथियों के संरक्षण एवं उनके महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम पीलीभीत टाइगर रिजर्व, वन एवं वन्यजीव प्रभाग तथा डब्लू डब्लू एफ-इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हाथियों के पारिस्थितिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने प्रभागीय वनाधिकारी भरत कुमार डी.के., उप प्रभागीय वनाधिकारी रुद्र प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में वन्यजीव संरक्षण को लेकर जागरूकता पैदा करने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी भरत कुमार डी.के. ने विद्यार्थियों को हाथियों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हाथी केवल एक वन्यजीव नहीं बल्कि भारतीय समाज और संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ जीव है। भारतीय संस्कृति में हाथी को भगवान गणेश के प्रतीक के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त है। उन्होंने बताया कि हाथी एक महत्वपूर्ण वन्यजीव है, जो भोजन एवं पानी की तलाश में बड़े क्षेत्र में विचरण करता है। ऐसे में उसके प्राकृतिक आवास एवं विचरण क्षेत्र का संरक्षण बेहद आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनने तथा उनके संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री रुद्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को हाथियों के समक्ष उत्पन्न विभिन्न खतरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जंगलों में बढ़ती मानवीय गतिविधियां, प्राकृतिक आवास में बदलाव तथा अन्य कारण वन्यजीवों के लिए चुनौती बन सकते हैं। उन्होंने हाथियों के शिकार के प्रमुख कारणों और वन्यजीव संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों और विशेष रूप से युवा पीढ़ी की भागीदारी भी बेहद महत्वपूर्ण है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने कहा कि हाथी अत्यंत सामाजिक प्राणी है। हाथियों के झुंड में आपसी सहयोग, सामंजस्य और एक-दूसरे की सुरक्षा की भावना देखने को मिलती है। उनका सामाजिक व्यवहार मनुष्य को भी आपसी सहयोग, एकता और मिल-जुलकर रहने का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से वन्यजीवों के प्रति प्रेम एवं संवेदनशीलता विकसित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।





अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व हाथी दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थी। -जागरण मोर्चा





विश्व हाथी दिवस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हाथियों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की जानकारी देते वक्ता। -जागरण मोर्चा

### जंगल का 'इकोसिस्टम इंजीनियर' है हाथी : नरेश कुमार

वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को हाथियों की पारिस्थितिकी में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाथी पारिस्थितिकी तंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण जीव है और जंगल में 'इकोसिस्टम इंजीनियर' के रूप में कार्य करता है।उन्होंने बताया कि हाथी अपने विचरण और भोजन की प्रक्रिया के माध्यम से बीजों के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इससे वनस्पतियों के पुनर्जनन में सहायता मिलती है और वन पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि हाथियों का संरक्षण केवल एक प्रजाति का संरक्षण नहीं, बल्कि पूरे वन पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

### विद्यार्थियों से वन्यजीव संरक्षण का संदेश आगे बढ़ाने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए समाज की भागीदारी आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को हाथियों के महत्व, उनके संरक्षण की आवश्यकता और पर्यावरणीय संतुलन में उनकी भूमिका से परिचित कराना रहा।

## संक्षेप समाचार

### मेडिकल, किराना, कपड़ा और स्टील वर्क्स प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई; एक बालक मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए चिन्हित



निरीक्षण के दौरान चाइल्डलाइन की टीम। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर बुधवार को जहानाबाद में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग और श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला के निर्देशन में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर की गई कार्रवाई के दौरान चार बालकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया।अभियान के दौरान मेडिकल स्टोर, किराना स्टोर, कपड़ों की दुकानों और स्टील वर्क्स समेत अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। बाल श्रम कराते पाए जाने पर चार प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई।बाल श्रम से मुक्त कराए गए चारों बालकों को संयुक्त टीम ने बाल कल्याण समिति, के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति ने बच्चों के परिजनों को भविष्य में उनसे बाल श्रम न कराने की सख्त हिदायत दी और सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं, एक बालक को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए चिन्हित किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला ने बताया कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के तहत खतरनाक प्रक्रिया में बाल श्रम कराते पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरुद्ध एक वर्ष तक की सजा अथवा 50 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि पात्रता की स्थिति में मुक्त कराए गए बच्चों के परिजनों के लेबर कार्ड बनवाकर उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई भी की जाएगी। संयुक्त अभियान में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, थाना एएचटी प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह, अमित और मा. संध्या समेत टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम

## इंडियन आइडल प्रतिभागी क्षितिज सक्सेना ने बांधा समां, बांसुरी वादक दिनेश सिंह यादव की प्रस्तुति ने मोहा मन

# देशभक्ति के रंग में रंगा गांधी प्रेक्षागृह, तिरंगा महोत्सव में गूंजे राष्ट्रभक्ति के तराने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को गांधी प्रेक्षागृह में तिरंगा महोत्सव एवं म्यूजिकल कॉन्सर्ट का भव्य आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों के साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं और ड्रमंड इंटर कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इंडियन आइडल के प्रतिभागी क्षितिज सक्सेना ने राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। वहीं प्रसिद्ध बांसुरी वादक दिनेश सिंह यादव ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम परिसर में तिरंगा मेले का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने हस्तनिर्मित तिरंगे, हस्तशिल्प एवं अन्य सामग्री के स्टॉल लगाए। मेले में स्थानीय उत्पादों को लोगों ने देखा और उनकी सराहना की। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से स्थानीय उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को बढ़ावा देना है।



गांधी प्रेक्षागृह में तिरंगा महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा





तिरंगा महोत्सव में मंच से संबोधित करते जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य एवं राष्ट्रध्वज के सम्मान से जुड़े विषयों की जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देशवासियों में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने का पावन पर्व है। उन्होंने कहा कि तिरंगा महोत्सव के माध्यम से जिले की स्थानीय कला, संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर गर्व के साथ तिरंगा फहराएं और हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करें। अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूदकार्यक्रम का सफल संचालन मंसूर अहमद शम्सी ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्यारेलाल मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव, उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी इंतजार खान समेत अन्य अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** कांवड़ यात्रा को लेकर वन विभाग ने श्रद्धालुओं और आयोजकों से वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित रखने की अपील की है। विभाग ने विशेष रूप से वन क्षेत्रों और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के आसपास तेज आवाज में डीजे, वूफर और अन्य साउंड सिस्टम का अत्यधिक प्रयोग न करने का आग्रह किया है। वन विभाग ने कहा कि कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति आस्था, श्रद्धा और समर्पण का पवित्र पर्व है। भगवान शिव को 'पशुपतिनाथ' के रूप में समस्त जीव-जंतुओं का स्वामी एवं रक्षक माना जाता है। ऐसे में शिवभक्ति के साथ जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और संवेदनशीलता रखना भी श्रद्धालुओं की जिम्मेदारी है।विभाग के अनुसार तेज और लगातार बजने वाले डीजे व वूफर से उत्पन्न ध्वनि एवं कंपन पक्षियों, बंदरों, कुत्तों समेत अन्य छोटे वन्यजीवों में भय और तनाव पैदा कर सकते हैं। लगातार तेज शोर से पक्षियों के प्राकृतिक व्यवहार, आपसी संचार, घोंसला बनाने और प्रजनन जैसी गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। घोंसलों में मौजूद अंडों और छोटे पक्षी बच्चों पर भी तेज कंपन एवं शोर का प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका रहती है।वन विभाग ने कांवड़ यात्रियों और यात्रा आयोजकों से अपील करते हुए कहा कि धार्मिक आस्था को प्रदर्शित करने के लिए अत्यधिक तेज ध्वनि आवश्यक नहीं है। श्रद्धा और अनुशासन के साथ यात्रा निकालकर वन्यजीवों के शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखा जा सकता है।विभाग ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनकी आस्था और उत्सव किसी बेजुबान जीव के लिए परेशानी या पीड़ा का कारण न बने। वन क्षेत्रों के आसपास शांत वातावरण बनाए रखना वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण सहयोग होगा।

### तेज डीजे और वूफर से बचें कांवड़ यात्री, वन क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण न फैलाने का आह्वान

## एक नजर

### मेढ़ पर पेड़ लगाने को लेकर विवाद, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर**। क्षेत्र के ग्राम मिधौना में खेत की मेढ़ पर पेड़ लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। गाली-गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। ग्राम मिधौना निवासी अमोद मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे वह अपने खेत की मेढ़ पर यूकेलिप्टस के पौधे लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही प्रमोद कुमार मिश्रा हाथ में डंडा लेकर वहां आ पहुंचे। आरोप है कि पेड़ लगाने की बात को लेकर प्रमोद कुमार मिश्रा ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# विरोधियों को फंसाने के लिए खुद पर ही गोली चलवाने वाला झूठा वादी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## जमीन के विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों को फंसाने के लिए रचा था ड्रामा

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा खड़ा आरोपी। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर**। जमीनी विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों को फंसाने और जेल भिजवाने के मकसद से खुद पर जानलेवा हमले का झूठा ड्रामा रचने वाले एक फर्जी वादी को बिलसंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करते हुए झूठी गवाही देने और झूठे साक्ष्य गढ़ने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खिरनी बाग निवासी प्रशांत सिंह उर्फ आशु का बिलसंडा निवासी शुभम शर्मा उर्फ शुद्धन शर्मा व पवन शर्मा से काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। यह मामला हाईकोर्ट इलाहाबाद में भी विचाराधीन है। आरोप है कि विरोधी पक्ष पर दबाव बनाने और उन्हें फंसाने के लिए प्रशांत सिंह ने 24 अप्रैल 2026 को बिलसंडा थाने में खुद पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद जब पुलिस ने मामले की गहनता से विवेचना शुरू की, तो साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और मुखबिर से मिली जानकारियों से चौंकाने वाला सच सामने आया। पुलिस की पूछताछ और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया कि प्रशांत सिंह ने खुद पर गोली चलवाकर घटना को अंजाम दिया था ताकि जमीनी विवाद में दूसरे पक्ष को फंसाया जा सके। बिलसंडा पुलिस द्वारा जब आरोपी प्रशांत सिंह से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया कि उसने विरोधियों को कानूनी दांव-पेच में फंसाने और पुलिस पर दबाव बनाने के लिए यह मनगढ़ंत कहानी रची थी। बिलसंडा थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के नेतृत्व में 12 अगस्त 2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम मानपुर बबूरा तिराहे से आरोपी प्रशांत सिंह उर्फ आशु को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पूर्व में दर्ज जानलेवा हमले की धाराओं का लोप करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 231 (झूठी गवाही देना व झूठा साक्ष्य गढ़ना) तथा धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# श्री बालक राम शिशु मंदिर की मान्यता निरस्त करने की खंड शिक्षा अधिकारी ने की संस्तुति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर**। अमृता खास गांव में जन शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित श्री बालक राम सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में मंगलवार को टीन शेड अचानक गिर जाने से उसके नीचे पढ़ाई कर रहे हैं करीब 30 बच्चों के दब जाने व 8 बच्चे व दो शिक्षकाएं के घायल हो जाने की घाटना के बाद प्रशासन विद्यालय संचालन समिति के खिलाफ कार्यवाही करने को सजग हो गया है। एसडीएम के नर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का भवन मानक विहीन पाने पर विद्यालय की मान्यता को निरस्त किए जाने की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की है। विद्यालय संचालन समिति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। मंगलवार सुबह करीब 11:15 बजे ग्राम अमृता खास में विद्या भारती की जन शिक्षा समिति द्वारा संचलित श्री बालक राम सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में अचानक टिन सेड गिर जाने से उसके नीचे पढ़ाई कर रहे करीब 30 बच्चे दब गए थे। हादसे में ग्राम अमृता खास निवासी रीत राम का पुत्र ऋतिक, कालीचरण का पुत्र यश, अभिषेक का पुत्र अभय प्रताप, सुभाष चंद्र का पुत्र सार्थक सहित आठ घायल बच्चों व शिक्षिका चंचल व दिव्यांशी घायल हो गई थी। जिलाधिकारी ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कमेटी गठित की है । जबकि एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। एसडीएम नागेंद्र पांडे का नोटिस मिलने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी डॉ हर्षित शर्मा ने ग्राम अमृता खास पहुंच कर विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय भवन मानक के विहीन पाया। विद्यालय में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक 118 बच्चे पंजीकृत पाए गए। जबकि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में मानक से अधिक 300 के आसपास बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। उनको बैठने के लिए पर्याप्त भवन नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय भवन की मान्यता को निरस्त किए जाने की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की है। एसडीएम ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा अभी हादसे से सबंधित कोई जानकारी जांच कमेटी को उपलब्ध नहीं कराई गई है। जांच के बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। विद्यालय प्रबंधक विष्णु गोयल ने बताया कि जो टिन शैड गिर गया था उसमें बच्चे न बैठने की हिदायत दी गई थी। प्रबंध समिति द्वारा नई टिन शेड को डलवा दिया गया था। इसके बावजूद प्रधानाचार्य द्वारा लापरवाही की गई जन शिक्षा समिति स्वयं इस मामले की जांच करेगी। सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर रवि शरण सिंह चौहान गांव पहुंचे और उन्होंने घायलों का हाल-चाल जाना व मदद की।

# जगतपुर-कुरैया मार्ग पर दिखा तेंदुआ, मोबाइल में कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर**। थाना सेहरामऊ क्षेत्र में जगतपुर से कुरैया जाने वाले मार्ग पर अचानक तेंदुआ दिखाई देने से हड़कंप मच गया। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने जब तेंदुए को रास्ते के आसपास देखा तो कुछ देर के लिए लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि बुधवार को कुछ राहगीर जगतपुर से कुरैया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क के किनारे घूम रहे तेंदुए पर पड़ी। अचानक तेंदुआ दिखाई देने से राहगीर सहम गए। कुछ लोगों ने अपने वाहन रोककर सुरक्षित दूरी से तेंदुए को देखा, जबकि कई लोग मौके से निकल गए। इस दौरान कुछ राहगीरों ने हिम्मत जुटाकर तेंदुए का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। तेंदुए के दिखाई देने की सूचना आसपास के ग्रामीणों में तेजी से फैल गई। मोबाइल फोन से बनाया गया वीडियो भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी जंगली जानवर दिखाई देते रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मामले का संज्ञान लेकर क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि मार्ग से दिनभर बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर आवागमन करते हैं। ऐसे में तेंदुए की मौजूदगी किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। ग्रामीणों ने लोगों से भी सावधानी बरतने और तेंदुआ दिखाई देने पर उसके करीब न जाने की अपील की है। वहीं, तेंदुए के सड़क किनारे दिखाई देने के बाद आसपास के गांवों में भी लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई।

# अवैध संबंध बनाकर उत्पीड़न करने पर छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मां की जिद पर दर्ज हुआ मुकदमा, आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर**। नगर के एक विद्यालय में कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्रा से युवक ने अवैध सबंध बनाने के बाद उसे यातनाएं देनी शुरू कर दी। जिससे परेशान होकर छात्रा ने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मां की तहरीर पर इस मामले में आरोपी युवक व उसके पिता के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। मुख्य आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ग्रामीण की 17 वर्षीय पुत्री ने मंगलवार को सुबह अपने घर पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी। किन हालातो में किशोरी ने आत्महत्या की इसकी तह तक जाने के लिए पुलिस ने प्रयास नहीं किया। बल्कि पंचनामा भरकर शब को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था। छात्रा का पोस्टमार्टम होने के बाद मृतका की मां जब मुकदमा दर्ज करने की जिद पर अड गई तब कहीं जाकर पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज की। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में महिला ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक युवक ने उसकी नाबालिक पुत्री से नजदीकियां बढ़ा कर संबंध बना लिए। बाद में वह उसे परेशान करने लगा उसकी अमानवीय यातनाओ से परेशान होकर बेटी ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली है। बेटी की मृत्यु के लिए आरोपी युवक सोनू दोषी है। पुलिस ने इस मामले में धारा 74/64/333/108/115(2)/352/ 351(3) बीएनएस पाक्सो एक्ट में सोनू पुत्र भूपराम उम्र 25 वर्ष व उसके पिता भूपराम को नामजद किया गया है। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला को सौंपी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे ने बताया कि छात्रा द्वारा आत्महत्या कर लेने के बाद पहले भाई ने बहन के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण हैंगिंग आया है। बाद में मां ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। गांव के ही एक युवक द्वारा मृतिका से संबंध बनाने व उसे परेशान करने का आरोप है। मां ने बेटी के साथ दुष्कर्म होने का भी आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त भूपराम की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षेप समाचार

### जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी गिरफ्तार, दो आरोपी पहले जा चुके हैं जेल, छह अगस्त की घटना

**पूरनपुर**। मारपीट कर जान से मारने की नीयत से युवक पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है। नगर के मोहल्ला नरानपुर निवासी युवक घुंघचाई चौराहे पर पान पुडिया की दुकान लगाता है। छह जुलाई को उसका रुपये लेन देन को लेकर विवाद हो गया था। कुछ समय पूर्व आरोपियों ने युवक व उसकी के साथ मारपीट की थी। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया था। हमले में युवक घायल हो गया था। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी, मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि मामले में शामिल एक अन्य आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ने किया धरना-प्रदर्शन, सात मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन



खंड विकास कार्यालय पर धरना देते लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर**। खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने बुदवार को सात सूत्रीय मांगों को लेकर नगर के खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में पहुंच कर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि क्षेत्र की जनसमस्याएं गंभीर हो चुकी हैं। जिससे आम जनमानस को काफी कठिनाईयो का सामना करना पड रहा है। उन्होने नगर के ब्लाक चौराहे से राजीव नगर तक टूटी पडी सडक की मरम्मत और दोनों तरफ नालों का निर्माण कराने की मांग उठाई है। पूरनपुर देहात को नगर पालिका में शामिल कराने की मांग की। शेरपुरकला को नगर पंचायत बनवाने की मांग उठाई। शेरपुर कला में साफ सफाई व्यवस्था ठीक कराने, आवास दिलाने की मांग उठाई। सचिवो पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच कराने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूरों को रोजगार और मजदूरी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मनरेगा सहित ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बरतने तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गांवों में रहने वाले गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। धरना-प्रदर्शन के बाद खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# तेंदुए को वन टीम ने रेस्क्यू कर पिंजरे में किया कैद, गोशाला में घुसा था तेंदुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय



पिंजरे में कैद तेंदुआ। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर**। एक तेंदुआ परिसर में घुस आया। तेंदुए को गोशाला के अंदर देखकर वहां मौजूद लोगों के होश उड़ गए। टीम ने रेस्क्यू कर पिंजरे में कैद किया। तहसील क्षेत्र के कजरी निरंजनपुर में गोशाला स्थित है। बुदवार को तेंदुए के गोशाला में घुसने की खबर आसपास के क्षेत्र में भी तेजी से फैल गई, कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोग दूर खड़े होकर तेंदुए को देखने की कोशिश करते रहे। तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए लोगों में भय का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। जिस पर खुटार रेंज की वन टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने सबसे पहले गोशाला के आसपास मौजूद लोगों को दूर हटाया और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। इसके बाद टीम ने तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखते हुए रेस्क्यू की तैयारी शुरू की। तेंदुआ गोशाला के अंदर होने के कारण रेस्क्यू अभियान में वन कर्मियों को काफी सतर्कता बरतनी पड़ी। वन टीम ने काफी मशक्कत के बाद तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पिंजरे में कैद करने में सफलता हासिल की। तेंदुए के पिंजरे में कैद होते ही गोशाला में मौजूद लोगों और आसपास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू अभियान के दौरान वन विभाग की टीम ने लोगों को तेंदुए के करीब नहीं जाने और किसी तरह की छेड़छाड़ न करने की हिदायत दी। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद वन विभाग की टीम उसे अपने साथ ले गई। वन अधिकारियों की निगरानी में तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। तेंदुआ गांव तक कैसे पहुंचा और गोशाला में किस रास्ते से दाखिल हुआ, इसे लेकर ग्रामीणों में चर्चा बनी रही। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की आमद से आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने की मांग की है। ताकि दोबारा तेंदुए या किसी अन्य जंगली जानवर के आने की स्थिति में समय रहते कार्रवाई की जा सके। वहीं, वन विभाग की टीम ने सफल रेस्क्यू अभियान के बाद राहत की सांस ली।

# कश्मीर में किराए पर वाहन चलाने के नाम पर ठगी, 'छोटा हाथी' हड़पा; पीड़ित को मिली जान से मारने की धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर के पीड़ित ने एसएसपी से लगाई गुहार, 2.50 लाख रुपये किराया और गाड़ी डकारने वाले गिरोह पर रिपोर्ट दर्ज**

**बीसलपुर**। क्षेत्र में वाहनों को किराए पर ले जाकर हड़पने और मोटी ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय है। बीसलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसटा जलालपुर निवासी हेम सिंह पुत्र सरनाम सिंह का 'छोटा हाथी' (UP 26T 8678) को कश्मीर में ईंट-भट्ठों पर चलाने का झांसा देकर आरोपी फरार हो गए हैं। आरोपियों ने न केवल वाहन का किराया हड़प लिया, बल्कि गाड़ी मांगने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित हेम सिंह के अनुसार, 12 अप्रैल 2025 को बीसलपुर के नगीपुर भरडिया निवासी इरसाद पुत्र समशाद, दौलतपुर हीरा निवासी सगीर अहमद पुत्र नन्हे बख्श तथा जम्मू-कश्मीर के बड़गांव निवासी मुजम्मिल अहमद अपने एक अज्ञात साथी के साथ उनके पास आए थे। आरोपियों ने 25,000 रुपये प्रति माह किराए पर गाड़ी कश्मीर ले जाने का सौदा किया था। उस समय आरोपियों ने 10,000 एडवांस देकर बाकी रकम कश्मीर पहुंचकर भेजने की बात कही थी। एक महीना बीत जाने पर जब बकाया किराया नहीं मिला तो पीड़ित ने संपर्क किया, लेकिन आरोपी टालमटोल करने लगे। पीड़ित जब आरोपी इरसाद और सगीर के घर पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी गांव छोड़कर जा चुके हैं। पीड़ित ने जब मुख्य कश्मीरी आरोपी मुजम्मिल से फोन पर बात की तो उसने गाड़ी व पैसा देने से साफ मना कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए कहा, "मैं कश्मीरी हूँ, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अगर कश्मीर में कदम भी रखा तो जान से मार दूंगा। पीड़ित हेम सिंह ने बताया कि पूर्व में उन्होंने 23 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने गलत आख्या लगाकर फाइल बंद कर दी थी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से अपनी गाड़ी वापस दिलाने, ढाई लाख रुपये बकाया किराया दिलवाने और जालसाजी करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बीसलपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अभियान** भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरभाग सिंह रहे मुख्य अतिथि

# भारत माता के जयकारों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



घुंघचाई मंडल में निकाली तिरंगा यात्रा। -जागरण मोर्चा

**घुंघचाई/पूरनपुर**। हर घर तिरंगा' अभियान के तहत घुंघचाई मंडल क्षेत्र में बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरभाग सिंह पहुंचे, घुंघचाई मंडी समिति पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पहुंच कर यात्रा में सहभागिता की। इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देशवासियों के भीतर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना है। इस दौरान भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरभाग सिंह, घुंघचाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, तोलेराम पासबान, प्रगट सिंह, श्याम मोहन अवस्थी सहित कई मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का अभियान है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

## विधायक ने शारदा नदी के कटान का किया निरीक्षण

**पूरनपुर**। ट्रांस शारदा क्षेत्र के हजारा में शारदा नदी के लगातार तेज हो रहे कटान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। नदी के तेज बहाव और कटान के चलते क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि नदी में समा चुकी है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है और आने वाले दिनों में कटान और बढ़ने की आशंका को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है। किसानों की इस गंभीर समस्या की जानकारी मिलते ही भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों और पीड़ित किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने उन्हें बताया कि शारदा नदी लगातार तेजी से कटान कर रही है। जिसके कारण उनकी उपजाऊ जमीन नदी की धारा में समाती जा रही है।

# भोले के जयकारे के साथ कांवड़ियों का जत्था रवाना, पुष्पवर्षा से किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



कांवडियों का स्वागत करते राजू दीक्षित। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर**। ग्राम पंचायत कुर्रैया खुर्द कला से भगवान भोलेनाथ के भक्तों का 151 कांवड़ियों का जत्था बुधवार को चार ट्रैक्टर-ट्रालियों से पांचाल घाट फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुआ। महंत श्री मृदुल शुक्ला जी की अगुवाई में रवाना हुआ कांवड़ियों का यह जत्था पांचाल घाट पहुंच कर गंगा जल भरेगा। इसके बाद सभी कांवड़िये पैदल यात्रा करते हुए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ पहुंचेंगे,जहां भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा शुरू होने से पहले गांव में धार्मिक माहौल नजर आया। कांवड़िये भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए यात्रा के लिए रवाना हुए। गांव से जत्थे के निकलने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। चार ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर कांवड़िये पांचाल घाट के लिए रवाना हुए,पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पुत्र एवं भाजपा नेता आशुतोष दीक्षित 'राजू ने कांवड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन कर भगवान भोलेनाथ का पटका पहनाकर उन्हें रवाना किया। इस दौरान हर-हर महादेव तथा भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ यात्रा में ग्राम प्रधान कुर्रैया अरविन्द वर्मा 'साधू', रोजगार सेवक अंकित कनौजिया, राजेंद्र सिंह, अंकुल कनौजिया, राजकुमार प्रजापति, ओमबीर राठी, कृष्ण वर्मा, कमलेश भारती, राजू विश्वकर्मा, भैयालाल विश्वकर्मा और अवधेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# भारत सितंबर में अफगानिस्तान से खेलेगा तीन मैचों की टी20 सीरीज; बांग्लादेश को लगा झटका

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम सितंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जाएगी। इस एलान के साथ ही बांग्लादेश की भारत के खिलाफ सितंबर में प्रस्तावित लंबे समय से लंबित सफेद गेंद की सीरीज की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

भारत और बांग्लादेश के बीच खिलाफ तय हो गया है। ऐसे में बांग्लादेश की उस सीरीज को लेकर उम्मीदें लगभग खत्म होती नजर आ रही हैं।

भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाली तीन मैचों की




| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टी20 | 13 सितंबर | अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम |
| दूसरा टी20 | 15 सितंबर | अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम |
| तीसरा टी20 | 17 सितंबर | अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम |

बुधवार को संयुक्त बयान जारी कर सीरीज की घोषणा की। सीरीज के तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला टी20 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर और तीसरा मुकाबला 17 सितंबर को होगा। यानी भारत और अफगानिस्तान के बीच पूरी टी20 सीरीज पांच दिनों के भीतर पूरी हो द्विपक्षीय सीरीज पिछले साल टल गई थी। बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण दोनों टीमों के बीच प्रस्तावित सीरीज को स्थगित करना पड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश ने सितंबर में भारत के खिलाफ सीरीज की मेजबानी का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, अब सितंबर के लिए भारत का कार्यक्रम अफगानिस्तान के टी20 सीरीज के सभी मुकाबले एक ही मैदान पर खेले जाएंगे। अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम को तीनों मैचों की मेजबानी मिली है।

बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा कि बोर्ड अफगानिस्तान में क्रिकेट के विकास को समर्थन देने और उसके खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर खेलने के मौके देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय क्रिकेट टीमों को नियमित रूप से मजबूत विरोधी टीमों के खिलाफ खेलने और अनुभव हासिल करने का अवसर देता है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने भी भारत-अफगानिस्तान क्रिकेट संबंधों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के बीच पिछले कुछ वर्षों में नियमित द्विपक्षीय मुकाबले हुए हैं। सैकिया ने याद दिलाया कि भारत ने 2018 में अफगानिस्तान के ऐतिहासिक पहले टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच अलग-अलग फॉर्मेट में लगातार मुकाबले होते रहे हैं।

भारत और अफगानिस्तान के बीच हालिया क्रिकेट संबंध भी लगातार मजबूत हुए हैं। दोनों टीमों ने जून 2026 में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी। इसके अलावा जनवरी 2024 में दोनों देशों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज भी हुई थी। सितंबर की आगामी टी20 सीरीज के बाद भारत और अफगानिस्तान तीनों फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर चुके होंगे।

## गर्दन की गंभीर चोट ने खत्म किया करियर, 30 साल की उम्र में डैनी लैम्ब ने लिया संन्यास

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर और ससेक्स के खिलाड़ी डैनी लैम्ब ने गंभीर गर्दन की चोट के कारण महज 30 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। इस सीजन की शुरूआत में उन्हें गर्दन में डिस्क हर्निएशन की समस्या हुई थी, जिससे उनकी स्पाइनल कॉर्ड को भी नुकसान पहुंचा। पिछले महीने उनकी सर्जरी हुई, लेकिन इसके बाद भी चोट के दुष्प्रभाव बने रहे। डॉक्टरों की सलाह के बाद लैम्ब ने क्रिकेट से दूर होने का फैसला किया। लैम्ब का पेशेवर करियर एक दशक से ज्यादा लंबा रहा। इस दौरान उन्होंने लंकाशायर और ससेक्स का प्रतिनिधित्व किया और अलग-अलग प्रारूपों में टीम के लिए अहम योगदान दिया।

अपने संन्यास पर डैनी लैम्ब ने कहा कि चोट के कारण करियर का अंत होना उनके लिए बेहद मुश्किल है, लेकिन लंबे समय के स्वास्थ्य को देखते हुए यह सही फैसला है।

## भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित, मेंडिस-निसांका बाहर; डिकवेला की वापसी

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए श्रीलंकाई टीम का एलान हो गया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम का एलान किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोसन डिकवेला करीब तीन साल बाद श्रीलंका की टेस्ट टीम में लौटे हैं। 33 वर्षीय डिकवेला ने पिछली बार 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला था। पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा।

श्रीलंका के स्क्वॉड में अनकैप्ड ऑफ स्पिनर केशरा नुवांथा और अनकैप्ड टॉप ऑर्डर बल्लेबाज पसिंदु सूरियाबंदर को भी जगह मिली है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की भी टीम में वापसी हुई है, जिन्होंने अब तक सिर्फ एक टेस्ट खेला है। वहीं, कुसल मेंडिस और पाथुम निसांका फिलहाल पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

डिकवेला की वापसी की सबसे बड़ी वजह कुसल मेंडिस का टीम से बाहर होना है। मेंडिस हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वहीं पाथुम निसांका भी कलाई की सर्जरी से उबर रहे हैं और टीम में नहीं हैं। इन दोनों की गैरमौजूदगी ने श्रीलंका के बल्लेबाजी क्रम में जगह बनाई है। इसी वजह से डिकवेला को 33 साल की उम्र में दोबारा टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।



पाथुम निसांका के बाहर होने के कारण पसिंदु सूरियाबंदर को भी स्क्वॉड में अपनी जगह बनाए रखने का मौका मिला है। हालांकि, श्रीलंका के लिए निशान मदुश्का और लाहिरु उदारा के पारी की शुरूआत करने की संभावना है। दोनों ने श्रीलंका के पिछले टेस्ट में भी ओपनिंग की थी। मदुश्का ने भारत के खिलाफ वार्म अप मैच में ओपनिंग की थी और शानदार अर्धशतक लगाया था। मध्यक्रम में दिनेश चांदीमल, कामिंदु मेंडिस और कप्तानधनंजय डिसिल्वा की भूमिकाएं लगभग तय मानी जा रही हैं। इनके क्रमशः नंबर-तीन, चार और पांच पर उतरने की संभावना है।

श्रीलंका ने घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए चार विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों को टीम में शामिल किया है। ऑलराउंडर मिलान रत्नायके के रूप में टीम के पास पांचवां सीम गेंदबाजी विकल्प भी मौजूद है। असिथा फर्नांडो के खेलने की संभावना सबसे ज्यादा है। उनके अलावा लाहिरु कुमारा, विश्वा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका में से भी टीम संयोजन के अनुसार गेंदबाज चुने जा सकते हैं।

## सोने की कीमतों में उछाल, भाव 1.59 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा सोना

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सोने की चमक इतनी तेज हो चुकी है कि अब इसे देखना भी आम आदमी की आंखों को चौंधिया रहा है! जी हां, दिल्ली के सराफा बाजार में सोने ने लगातार सातवें दिन उड़ान भरते हुए एक नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना दिया है। सोना अब 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के जादुई और बेहद महंगे स्तर पर पहुंच चुका है। सिर्फ सोना ही नहीं, बल्कि चांदी की चमक भी इस बार चौगुनी हो गई है। बुधवार (12 अगस्त 2026) को दिल्ली के सरार्फा बाजार में 99.9% शुद्धता वाला सोना 2,600 रुपये महंगा होकर सीधे 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र यानी मंगलवार को यह 1,57,200 रुपये पर बंद हुआ था। दूसरी तरफ, चांदी की कीमतों ने भी सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। चांदी 4,000 रुपये की भारी-भरकम छलांग लगाकर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है, जो मंगलवार को 2,42,000 प्रति किलो पर बंद हुई थी। सोने के भाव में यह तेजी लगातार सातवें सत्र में भी जारी रही है। आंकड़े गवाह हैं कि महज एक हफ्ते पहले, यानी 3 अगस्त को सोने की कीमत 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। तब से लेकर अब तक सोना 12,400 रुपये यानी कुल 8.4 प्रतिशत मजबूत हो चुका है। यह रफ्तार दिखाती है कि भारतीय बाजार में सोने की मांग कितनी जबरदस्त बनी हुई है। आखिर सोने-चांदी की कीमतों में इस ऐतिहासिक तेजी की असली वजह क्या है? बाजार के जानकारों और विशेषज्ञों के अनुसार, इस अभूतपूर्व तेजी के पीछे कई बड़े वैश्विक और घरेलू कारण जिम्मेदार हैंः अमेरिका में महंगाई आंकड़ों का डरः लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च हेड गौरव गर्ग के मुताबिक, अमेरिका के महंगाई (सीपीआई) आंकड़े आने वाले हैं। इससे पहले निवेशकों के मन में आशंकाएं हैं, जिसके चलते वे शेयर बाजार जैसे जोखिम भरे विकल्पों से पैसा निकालकर सोने को एक सुरक्षित विकल्प मानकर उसमें निवेश बढ़ा रहे हैं।

## द्विपक्षीय सीरीज से टेस्ट तक, क्या क्रिकेट को अब बड़े बदलाव की जरूरत है? आईसीसी सीईओ ने कही बड़ी बात

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अचानक से द्विपक्षीय सीरीज आयोजित करने का दौर अब खत्म होना चाहिए। टेस्ट और वनडे क्रिकेट को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इन प्रारूपों को नए सिरे से तैयार करने और बेहतर संदर्भ देने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ संजोग गुप्ता ने पीटीआई के साथ बातचीत में यह बात कही। गुप्ता ने कहा कि क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए कॉन्टेक्स्ट, कल्चर, कॉम्पिटिशन और कॉम्पिटिटिवनेस यानी संदर्भ, संस्कृति, प्रतिस्पर्धा और मुकाबले की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। उनके मुताबिक, इन पहलुओं के बिना क्रिकेट को लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखना मुश्किल होगा।

**विश्व कप से जुड़ा हो वनडे का भविष्य**

टेस्ट और टी20 के बीच वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर लगातार बहस होती रही है। गुप्ता का मानना है कि वनडे प्रारूप न सिर्फ कायम रह सकता है, बल्कि बेहतर तरीके से आगे भी बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट की जगह पुरुष



और महिला आईसीसी क्रिकेट विश्व कप से मजबूती से जुड़ी हुई है। अब जरूरत इस बात पर विचार करने की है कि वनडे प्रारूप किस पहचान के साथ आगे बढ़े और इसमें भागीदारी का दायरा किस तरह बढ़ाया जाए। पीटीआई के अनुसार, आईसीसी में विश्व कप से पहले वनडे क्रिकेट के लिए एक समर्पित विंडो बनाने को लेकर भी चर्चा हुई है।

**टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहतर शेड्यूल जरूरी**

गुप्ता ने टेस्ट क्रिकेट के सामने मौजूद चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में टेस्ट मैचों की लोकप्रियता और प्रशंसक मूल्य काफी अधिक है, लेकिन अन्य देशों में टेस्ट क्रिकेट को अधिक अवसर और बेहतर आयोजन की जरूरत है। उनके मुताबिक, टेस्ट क्रिकेट को बेहतर शेड्यूलिंग, पर्याप्त मार्केटिंग और प्रचार, प्रतिस्पर्धी टीमें तथा अनुकूल खेल परिस्थितियों के साथ पेश करना होगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप ने टेस्ट क्रिकेट को अधिक संदर्भ देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गुप्ता ने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल अब एक महत्वपूर्ण क्रिकेट आयोजन बन चुका है, जबकि सात साल पहले इसका अस्तित्व ही नहीं था।

**'अगर विकास नहीं कर रहे तो खत्म हो रहे हैं'**

पूर्व में जियोस्टार में स्पोर्ट्स प्रमुख रह चुके गुप्ता ने कहा कि क्रिकेट को दूसरे खेलों के बड़े आयोजनों से सीखने की जरूरत है। उन्होंने टेनिस के विंबलडन और गोल्फ के द मास्टर्स का उदाहरण देते हुए कहा कि इन आयोजनों ने अपनी प्रतिष्ठा और विरासत को बनाए रखते हुए खुद को नए दौर के दर्शकों के लिए प्रासंगिक बनाया है। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य विकास होना चाहिए, यथास्थिति बनाए रखना नहीं। इस दुनिया में अगर आप विकास नहीं कर रहे हैं तो आप खत्म हो रहे हैं।'

## डूरंड कपः आखिरी 10 मिनट में नेरेका ने कैसे रेंगदाई के मुंह से छीनी जीत? ग्रुप चरण में ही समाप्त हुआ सफर

**एजेंसी न्यूज**

**इंफाल।** नेरोका एफसी ने एफसी रेंगदाई को 3-1 से हराकर 135वें डूरंड कप के ग्रुप चरण का अभियान जीत के साथ समाप्त किया। खुमान लंपक मुख्य



स्टेडियम में बुधवार को खेले गए ग्रुप डी के मुकाबले में रेंगदाई ने पहले बढ़त बनाई, लेकिन नेरोका ने वापसी करते हुए आखिरी 10 मिनट में दो गोल दागे। रेंगदाई पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुकी है। जोनाह कामेई ने 19वें मिनट में कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर रेंगदाई को 1-0 से आगे किया। आठ मिनट बाद थौदाम नानी सिंह के आत्मघाती गोल से नेरोका ने बराबरी कर ली। मध्यांतर तक स्कोर 1-1 रहा।

दूसरे हाफ में रेंगदाई को बड़ा झटका लगा। पीएम राकेवीचे को 55वें मिनट में खतरनाक चुनौती के लिए सीधे लाल कार्ड दिखाया गया। तीन मिनट बाद सोराइशाम सूरजकांता सिंह को दूसरा पीला कार्ड मिलने पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद रेंगदाई नौ खिलाड़ियों के साथ खेली।

## 'कमोडिटी बाजारों को चाहिए घरेलू वास्तविकताओं वाले स्थानीय मानक', सेबी अध्यक्ष ने की वकालत

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने कमोडिटी बाजारों के पारिस्थितिकी तंत्र में बड़े बदलाव की बात कही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों पर अत्यधिक निर्भरता समाप्त करने पर जोर दिया। पांडे ने कहा कि घरेलू बाजार के मूलभूत सिद्धांतों के साथ स्थानीय मानकों को विकसित करना आवश्यक है। मुंबई में आयोजित ग्लोबल कमोडिटी कॉन्क्लेव 2026 में उन्होंने यह बात कही।

पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि सेबी का लक्ष्य वैश्विक मानकों से भारतीय माल वितरण मानकों को आगे बढ़ाना है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वसनीय भारतीय मानक बनाना है। ये मानक घरेलू कमोडिटी बाजार का वैश्विक स्तर पर विस्तार करेंगे। उन्होंने बताया कि एक सफल कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार वास्तविक अर्थव्यवस्था के जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम होता है। भारत के कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार के अगले चरण को केवल कारोबार या उसकी उपयोगिता के आधार पर नहीं देखना चाहिए। इसे इस आधार पर भी देखना चाहिए कि यह बाजार वास्तविक अर्थव्यवस्था को कीमतों का पता लगाने और जोखिम प्रबंधन में कितनी मदद करता है। सेबी अध्यक्ष ने कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार के लिए चार प्रमुख प्राथमिकताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। इन प्राथमिकताओं में बाजार की दक्षता बढ़ाना और भागीदारी को व्यापक करना शामिल है। भौतिक बाजार के साथ संबंधों को मजबूत करना



और बाजार शिक्षा में निवेश करना भी महत्वपूर्ण है।

सेबी अध्यक्ष ने कहा कि पहली प्राथमिकता भागीदारी को आसान और अधिक कुशल बनाना है। जोखिम नियंत्रणों को बनाए रखते हुए अनावश्यक लागत कम करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए स्थिति सीमा और हाशिया ढांचे को सुव्यवस्थित किया जाएगा। स्थिति सीमा पर परामर्श प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके दिशानिर्देश जल्द ही पेश किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वस्तुओं का लेनदेन करने वाले प्रतिभागियों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर जीएसटी परिषद के साथ भी बातचीत की जाएगी। यह कदम बाजार में अधिक पारदर्शिता लाएगा।

दूसरी प्राथमिकता प्रतिभागियों का दायरा बढ़ाना है। इसमें वाणिज्यिक और संस्थागत प्रतिभागियों को बढ़ावा देना शामिल है। इससे बाजार में तरलता, मूल्य निर्धारण और जोखिम बचाव की प्रभावशीलता मजबूत होगी। सेबी कमोडिटी सूचकांकों और भौतिक रूप से निर्धारित गैर-कृषि समझौतों तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की व्यापक पहुंच की जांच कर रहा है। यह सुनिश्चित ढांचे के जरिये किया जाएगा। यह पहल बाजार को और अधिक समावेशी बनाएगी। तीसरा, भौतिक बाजार के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

## कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिपः तीसरे दिन भारत ने जीते तीन गोल्ड

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में भारतीय फेंसिंग टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन भारत ने सीनियर व्यक्तिगत स्पधाओं में तीन स्वर्ण, एक रजत और और एक कांस्य सहित कुल पांच पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है, जिसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और 14 कांस्य शामिल हैं।

सीनियर महिला फॉइल स्पर्धा में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक अपने नाम किए। कनागलक्ष्मी ने सटीक और नियंत्रित खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता, जबकि उनकी साथी जॉयस अशिता ने सिल्वर मेडल हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड की जॉर्जिया ग्रीन और एमिली गुडचाइल्ड को पीछे छोड़ते हुए पोडियम पर शीर्ष दो स्थान हासिल किए।

सीनियर पुरुष एपि स्पर्धा में भी भारत को सफलता मिली। राजेंद्रन शांतिमोली शेरजिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के क्रूगर पीटर को हराया, जिन्हें सिल्वर मेडल मिला।

## 'जीत का अहंकार नहीं, मन में है विनम्रता'

### अमेरिका में आपराधिक केस खारिज होने के बाद बोले गौतम अदाणी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अमेरिका में आपराधिक मामला खत्म होने पर प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी कोर्ट की ओर से उनके और उनके भतीजे सागर अदाणी के खिलाफ सभी आपराधिक मामलों को खारिज किए जाने के बाद, अदाणी ने कहा है कि इस फैसले ने उनके मन में जीत के अहंकार की जगह गहरी विनम्रता का भाव छोड़ा है। बुधवार को समूह के विशेष कार्यक्रम 'अपनी बात, अपनों के साथ' के दूसरे संस्करण में कर्मचारियों और सहयोगियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पूरे विवाद और भविष्य के विजन पर खुलकर बात की।



अमेरिकी कोर्ट से केस खारिज होने पर गौतम अदाणी ने अपनी टीम से क्या कहा?

न्यूयॉर्क के फेडरल जज की ओर से क्रिमिनल केस को पूरी तरह समाप्त करने के बाद, गौतम अदाणी ने अपनी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जब आम जनता और मीडिया का ध्यान पूरी तरह से इस अदालती लड़ाई पर टिका हुआ था, तब उनके कर्मचारियों, सप्लायर्स, वेंडर्स और पार्टनर्स ने बिना शोर मचाए चुपचाप अपना काम जारी रखा और अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया। अदाणी के मुताबिक, सहयोगियों के इसी अटूट भरोसे और समर्पण की वजह से समूह का यह सबसे चुनौतीपूर्ण दौर कंपनी के इतिहास के सबसे मजबूत विकास के दौर में बदल गया।

गौतम अदाणी ने स्वीकार किया कि साल 2023 में आए हिंडनबर्ग के आरोपों और उसके बाद नवंबर 2024 में अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से लगाए गए कथित रिश्वतखोरी के आरोपों ने पूरे समूह की कड़ी परीक्षा ली थी। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने कानून के शासन के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत कर दिया है।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।